आज का विचार
लक्ष्य उसी के पूरे होते हैं जो कही रुकता नहीं। कठिनाइयां तो सबके जीवन में आती हैं।

दैनिक
# सिटी दर्पण
आईना सच का





सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़ । शनिवार, 10 मई, 2025 वर्ष 23, अंक 117, मूल्य: 3 रुपए, पृष्ठ 8 RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 www.citydarpan.com

## एंटी ड्रोन सिस्टम से ड्रग मनी पर कसेगी लगाम, आतंकवादियों की फंडिंग की टूटेगी कमर: भगवंत मान

### मान सरकार का बड़ा फैसला: पाकिस्तान प्रायोजित आतंकी फंडिंग पर कड़ा प्रहार, बॉर्डर पर लगेगा एंटी-ड्रोन कवच



संवाददाता
चंडीगढ़

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अध्यक्षता में शुक्रवार को हुई कैबिनेट बैठक में एक ऐतिहासिक और निर्णायक फैसला लिया गया। बैठक में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर ड्रोन के माध्यम से हो रही हथियारों और नशे की तस्करी को रोकने के लिए अत्याधुनिक एंटी-ड्रोन सिस्टम की खरीद को मंजूरी दी गई।

मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता ने जानकारी दी कि राज्य सरकार 532 किलोमीटर लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा पर 9 एंटी-ड्रोन सिस्टम स्थापित करेगी, जिससे पाकिस्तान की ओर से की जा रही ड्रोन आधारित तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकेगा। इस उद्देश्य के लिए राज्य सरकार 51.41 करोड़ रुपये खर्च करेगी।

**हम सुरक्षा बलों के साथ पूरी ताकत से खड़े हैं, पाकिस्तान को मिलेगा मुंहतोड़ जवाब: भगवंत मान**

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने स्पष्ट शब्दों में कहा, ड्रोन के जरिए पाकिस्तान नशा और हथियार भेजकर हमारे युवाओं को बर्बाद करना चाहता है और आतंकवाद को फंडिंग देता है। लेकिन अब यह हरकतें नहीं चलेंगी। पंजाब सरकार इस साजिश को जड़ से खत्म करेगी।

उन्होंने आगे कहा, हमारी सरकार अपनी सीमाओं की सुरक्षा और देश की अखंडता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हम अपनी सुरक्षा एजेंसियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और पाकिस्तान को हर मोर्चे पर मुंहतोड़ जवाब देंगे।

पंजाब की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए यह फैसला और भी महत्वपूर्ण बन जाता है। राज्य की सीमा न केवल पाकिस्तान से लगती है, बल्कि अफगानिस्तान जैसे दुनिया के प्रमुख हेरोइन उत्पादक देश के नजदीक भी है। यह क्षेत्र लंबे समय से पाकिस्तान समर्थित नार्को-टेररिज्म (नशा आतंकवाद) का शिकार रहा है।

प्रवक्ता ने बताया कि हाल के वर्षों में ड्रोन और वअश के माध्यम से सीमाएं भेदने की घटनाएं बढ़ी हैं, जिनका इस्तेमाल हथियारों, नशे और विस्फोटकों को भारत में भेजने के लिए किया जा रहा है। अब ये अत्याधुनिक एंटी-ड्रोन सिस्टम इन खतरों को समय रहते पहचान कर उन्हें निष्क्रिय करेंगे।

इसके साथ ही, यह तकनीक श्क्ल मूवमेंट और संवेदनशील क्षेत्रों की सुरक्षा में भी उपयोगी सिद्ध होगी। कैबिनेट का यह निर्णय सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा को और मजबूत करने की दिशा में एक ठोस और रणनीतिक कदम है।

## भारत ने पाकिस्तान को दिया हमलों का कड़ा जवाब

### जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान में पड़ोसी के किए दांत खट्टे

एजेंसी (हि.स.)
श्रीनगर/जयपुर/चंडीगढ़

भारत ने कल अलग-अलग मोर्चों पर पाकिस्तान को माकूल जवाब दिया। सैन्य मुकाबले में पड़ोसी देश के लगभग सारे दांव फेल कर दिए। कूटनीतिक मंच पर देररात अमेरिका ने पाकिस्तान को कड़ा संदेश दिया। अमेरिका के विदेशमंत्री मार्क रुबियो ने दुश्मन की तरह भारत से व्यवहार कर रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से बातचीत की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान आतंकवाद का समर्थन करना तत्काल बंद करे।

सैन्य सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान ने कल रात नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के साथ विभिन्न स्थानों पर गोलीबारी और गोलाबारी करते हुए बड़ी संख्या में ड्रोन भेजने के प्रयास किए। भारतीय सेना की वायु रक्षा इकाइयों ने उधमपुर, सांबा, जम्मू, अखनूर, नगरोटा और पठानकोट क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर किए गए काउंटर ऑपरेशन में 50 से अधिक ड्रोन को सफलतापूर्वक निष्प्रभावी कर दिया गया। इस ऑपरेशन में एल-70 गन, जेडयू-23 मि.मी., शिल्का सिस्टम और अन्य उन्नत काउंटर-यूएएस उपकरणों का व्यापक उपयोग किया गया।

जम्मू और कश्मीर में रातभर तनाव रहा। अब वहां स्थिति सामान्य बताई जा रही है। भारतीय वायु रक्षा इकाइयों ने रात भर पाकिस्तान के ड्रोन और



मिसाइलों को रोका या मार गिराया।।इस बीच उरी में पाकिस्तान की फौज संघर्ष विराम का उल्लंघन जारी रखते हुए स्थानीय नागरिकों की कारों को निशाना बना रही है। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने कल रात करीब 11 बजे सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश को विफल कर दिया।

पहलगाम में आतंकी हमले के बाद उपजे इस तनाव की जद में पंजाब और राजस्थान भी हैं। पाकिस्तान इस आतंकी हमले के जवाब में किए गए भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाया हुआ है। बौखलाई पाकिस्तान फौज ने कल रात करीब आठ बजे भारत के विभिन्न शहरों में अकारण हवाई हमले शुरू कर दिए। पड़ोसी की कुत्सित चालों से परिचित भारत की सेना तो पहले ही मोर्चा संभाले बैठी थी। उसने पाकिस्तान की मिसाइलों और लड़ाकू विमानों को हवा में ही नष्ट करना शुरू दिया। इस दौरान भारत ने भी जैसा को तैसा की नीति को अपनाते हुए पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद, रावलपिंडी, कराची और लाहौर में तबाही मचानी शुरू कर दी।

### आईपीएल स्थगित

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल 2025) को स्थगित कर दिया गया है। भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और सीमा पर युद्ध जैसे हालात के मद्देनजर भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने यह फैसला लिया है। जल्द ही औपचारिक घोषणा किये जाने की उम्मीद है। यह फैसला आईपीएल द्वारा पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच गुरुवार को होने वाले मैच को पहली पारी के बीच में ही छोड़ने के फैसले के बाद सामने आया। धर्मशाला और आस-पास के इलाकों के एयरपोर्ट बंद होने के कारण, पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ी और सहयोगी स्टाफ शुक्रवार सुबह आईपीएल द्वारा आयोजित एक विशेष ट्रेन से दिल्ली पहुंचे। आईपीएल 2025 में अभी तक 58 मैच हो चुके हैं, जिसमें धर्मशाला में रद्द किया गया मैच भी शामिल है। ग्रुप स्टेज में 12 मैच खेले जाने बाकी हैं।

### पाकिस्तान ने पुंछ और उरी सेक्टरों में फिर से शुरू की भारी गोलाबारी

जम्मू। पाकिस्तान ने पुंछ और उरी सेक्टरों में भारी गोलाबारी फिर से शुरू कर दी है। भारतीय सेना भी इस गोलाबारी का मुहतोड़ जवाब दे रही है। इस गोलाबारी से सीमा पर तनाव और बढ़ गया है। पाकिस्तान ने पहले जम्मू-कश्मीर के उरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर छोटे हथियारों और तोपखाने से गोलाबारी शुरू की और इसके कुछ देर बाद पुंछ सेक्टर में भारी गोलाबारी शुरू हो गई। भारतीय सेना भी इसका उचित जवाब दे रही है। इससे पहले पाकिस्तानी सेना ने 7 और 8 मई की रात भारतीय सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाते हुए कई हवाई क्षेत्र का उल्लंघन और ड्रोन घुसपैठ की। शुक्रवार को एक प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कर्नल सोफिया कुरैशी ने खुलासा किया कि पाकिस्तान ने 36 स्थानों पर 300 से 400 ड्रोन तैनात किए थे जिनमें से कई को भारतीय सेना ने गतिज और गैर-गतिज दोनों तरीकों का उपयोग करके मार गिराया। प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि ड्रोन तुर्की निर्मित असीसगार्ड सोंगर मॉडल थे। कर्नल सोफिया कुरैशी ने प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि 7 और 8 मई की रात पाकिस्तानी सेना ने सैन्य ढांचे को निशाना बनाने के लिए पूरी पश्चिमी सीमा पर कई बार भारतीय हवाई क्षेत्र का उल्लंघन किया। इतना ही नहीं, पाकिस्तानी सेना ने नियंत्रण रेखा पर भारी-कैलिबर के हथियारों से भी गोलीबारी की। 36 स्थानों पर घुसपैठ की कोशिश करने के लिए करीब 300 से 400 ड्रोन का इस्तेमाल किया गया।

## भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच 8 राज्यों के 29 एयरपोर्ट्स 10 मई तक बंद किए

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच एयरपोर्ट पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। हवाई क्षेत्र से संबंधित प्रतिबंधों के कारण कुछ उड़ानें प्रभावित हुई हैं, जबकि 8 राज्यों के 29 एयरपोर्ट्स को 10 मई तक यातायात के लिए बंद किया गया है। सुरक्षा के मद्देनजर जिन राज्यों के एयरपोर्ट को बंद किया गया है, उनमें जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश शामिल हैं।

नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो की जारी एडवाइजरी के बाद विमानन कंपनियों ने शुक्रवार को यात्रियों को अपने-अपने हवाई अड्डों पर निर्धारित समय पर पहुंचने की सलाह दी है। वहीं, इंडिगो और एअर इंडिया एयरलाइंस ने 10 मई की रात 12 बजे तक श्रीनगर, जम्मू, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, किशनगढ़ और राजकोट की अपनी सभी फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है।

पाकिस्तान के भारत पर ड्रोन अटैक के बाद सिविल एविएशन डिपॉर्टमेंट ने नई एडवाइजरी जारी की है। इसको देखते हुए अब यात्रियों को दोहरी सुरक्षा जांच से गुजरना होगा। इसको लेकर एअर इंडिया, आकासा, स्पाइसजेट और इंडिगो एयरलाइन ने 3 घंटे तक पहले एयरपोर्ट पहुंचने को कहा है। इस बीच दिल्ली एयरपोर्ट ने कहा कि हवाई अड्डा पर कामकाज सामान्य है, लेकिन कुछ उड़ानों पर एयरस्पेस और सुरक्षा कारणों से असर पड़ा है। एअर इंडिया ने एक्स पोस्ट पर जारी बयान में कहा कि हवाई अड्डों पर सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के बारे में नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो द्वारा जारी आदेश के मद्देनजर पूरे भारत में यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपने-अपने हवाई अड्डों पर निर्धारित प्रस्थान से कम से कम 3 घंटे पहले पहुंचें, ताकि चेक-इन और बोर्डिंग में कोई दिक्कत न हो। चेक-इन प्रस्थान से 75 मिनट पहले बंद हो जाता है। इसी तरह इंडिगो एयरलाइन ने जारी यात्रा एडवाइजरी में कहा है कि आपकी सुरक्षा सर्वोपरि है। निम्नलिखित शहरों से आने-जाने वाली उड़ानें 10 मई को 2359 बजे तक रद्द हैं। हम आपकी यात्रा को आसान बनाने में आपकी मदद करने के लिए यहां हैं।



### इन विमानन कंपनियों ने रद्द की अपनी उड़ानें

- टाटा की अगुवाई वाली एअर इंडिया एयरलाइंस ने 9 शहरों के लिए लिए सभी उड़ानें 10 मई की सुबह 05:29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं- जम्मू, श्रीनगर, लेह, जोधपुर, अमृतसर, भुज, जामनगर, चंडीगढ़ और राजकोट।
- इंडिगो एयरलाइंस ने 11 शहरों की फ्लाइट्स 10 मई की सुबह 05:29 बजे तक रद्द कीं। ये शहर हैं-जम्मू, श्रीनगर, अमृतसर, लेह, चंडीगढ़, धर्मशाला, बीकानेर, जोधपुर, ग्वालियर, किशनगढ़ और राजकोट। 10 मई तक इंडिगो की 165 फ्लाइट्स कैंसिल हुई हैं। इंडिगो प्रति
- हर दिन करीब 2200 फ्लाइट्स ऑपरेट करती है। दिल्ली एयरपोर्ट पर अलग-अलग एयरलाइंस की 20 फ्लाइट्स कैंसिल हुई है।

उल्लेखनीय है कि जिन डिफेंस कर्मियों ने 31 मई तक की यात्रा के लिए एयर इंडिया या एयर इंडिया एक्सप्रेस की टिकट बुक की है, उन्हें फुल रिफंड दिया जाएगा। वहीं, 30 जून तक एक बार फ्री रिशेड्यूलिंग की सुविधा मिलेगी। अकासा एयरलाइन ने 7 किलो लगेज की लिमिट भी तय की है। जो यात्री अपने साथ कैरी कर सकते हैं।

## वैश्विक क्षेत्र में अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरा भारत: जितेन्द्र सिंह

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को कहा कि भारत वैश्विक क्षेत्र में अंतरिक्ष शक्ति के रूप में उभरा है। भारत मंडपम में आयोजित वैश्विक अंतरिक्ष अन्वेषण सम्मेलन (जीएलईएक्स 2025) को संबोधित करते हुए डॉ. सिंह ने कहा कि भारत अब अंतरिक्ष में अग्रणी कुछ देशों के साथ बराबर के भागीदार के रूप में सहयोग कर रहा है। यह हमारी वैज्ञानिक क्षमता, दूरदर्शी नेतृत्व और शांतिपूर्ण अंतरिक्ष सहयोग के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है।




भारत की अंतरिक्ष यात्रा विकासशील देशों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।

तीन दिवसीय जीएलईएक्स सम्मेलन के आखिरी दिन में डॉ. सिंह ने कहा कि अंतरिक्ष अनुप्रयोगों के माध्यम से हम लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में सक्षम हैं। भारत विश्वसनीय वैश्विक भागीदार जो वर्चस्व के लिए नहीं बल्कि सहयोग के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अंतरिक्ष क्षेत्र को लोकतांत्रिक बनाने, निजी उद्यम और सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार की पहलों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र के नवाचार में उछाल आया है, पिछले दो वर्षों में ही 190 से अधिक स्टार्टअप शुरू हुए हैं। इस अवसर पर उपस्थित अंतरराष्ट्रीय गणमान्य व्यक्तियों में जोसेफ एशबैकर (यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी), काजुयोशी कावासाकी (जापान), जिल स्मिथ (अमेरिका), वू वीरेन (चीन) और सलेम अल मर्री (यूएई) शामिल थे। इसरो के अध्यक्ष वी. नारायणन ने अंतरग्रहीय अन्वेषण को आगे बढ़ाने और सामाजिक लाभ के लिए अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी को सुलभ बनाने के संगठन के दृष्टिकोण को दोहराया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आवास पर उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक, सैन्य प्रमुख और वरिष्ठ अधिकारी हुए शामिल

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को अपने आवास पर एक उच्चस्तरीय सुरक्षा बैठक बुलाई, जिसमें देश की सुरक्षा स्थिति की गहन समीक्षा की गई। बैठक में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल तथा थल, जल और वायु सेना प्रमुख उपस्थित हैं। बैठक पाकिस्तान की ओर से मिसाइल हमलों, एलओसी पर बढ़ती गोलीबारी के बीच हो रही है। प्रधानमंत्री ने सुरक्षा बलों की तैयारियों की जानकारी ली और आवश्यक रणनीतिक निर्देश दिए। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में सशस्त्र बलों के पूर्व सैनिकों के एक प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की, जिसमें वायु सेना, थल सेना और नौसेना के पूर्व प्रमुखों सहित कई वरिष्ठ सैन्य दिग्गज शामिल थे।



### मुख्यमंत्री तथा विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष ने यूपी-एग्रीज तथा एआई प्रज्ञा कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया

## यूपी, देश की विकास गाथा का पर्याय, उत्तर प्रदेश बैरियर नहीं, भारत का ग्रोथ इंजन : योगी आदित्यनाथ

संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां अपने सरकारी आवास पर विश्व बैंक समूह के अध्यक्ष श्री अजय बंगा के साथ एक बैठक के दौरान यूपी-एग्रीज तथा एआई प्रज्ञा कार्यक्रमों का शुभारम्भ किया। ज्ञातव्य है कि विश्व बैंक के सहयोग से लागू यूपी-एग्रीज कार्यक्रम के जरिए प्रदेश के पूर्वांचल व बुन्देलखण्ड क्षेत्रों में आधुनिक तकनीक आधारित खेती को बढ़ावा मिलेगा। इससे कृषि उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलेगी तथा 10 लाख किसानों को फायदा होगा। एआई प्रज्ञा कार्यक्रम के जरिए उत्तर प्रदेश को आर्टिफिशियल इण्टेलिजेंस हब के तौर पर स्थापित करने में मदद मिलेगी। इस कार्यक्रम के माध्यम से प्रदेश के 10 लाख युवाओं को आर्टिफिशियल इण्टेलिजेंस के विभिन्न पहलुओं में दक्ष बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने बैठक के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश, देश की विकास गाथा का पर्याय है। आज सम्पूर्ण विश्व ने मान लिया है कि उत्तर प्रदेश बैरियर नहीं, बल्कि भारत का ग्रोथ इंजन है। आज लागू किए गए दोनों कार्यक्रम प्रदेश के वन ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनने के सपने को साकार करेंगे। उन्होंने यूपी-एग्रीज प्रोजेक्ट में विश्व बैंक की सहभागिता का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यूपी-एग्रीज के जरिए प्रदेश की कृषि उत्पादकता को




बढ़ाने में मदद मिलेगी, जो किसानों की उन्नति का आधार बनेगा।

मुख्यमंत्री ने विश्व बैंक के सहयोग के लिए आभार जताते हुए कहा कि विश्व बैंक हमेशा उत्तर प्रदेश की उन्नति में बड़ा भागीदार बनकर उभरता है। पर्यावरण संरक्षण हो, प्रदेश में टूरिज्म को बढ़ावा देना हो या फिर अवस्थापना से जुड़ी परियोजनाओं का संचालन हो, विश्व बैंक हमेशा से महती भूमिका निभाता रहा है। उन्होंने कहा कि आज का दिन कई मायनों में महत्वपूर्ण है। आज प्रदेश कृषि और आर्टिफिशियल इण्टेलिजेंस के क्षेत्र में प्रयोग के नए युग में प्रवेश कर रहा है। उल्लेखनीय है कि यूपी-एग्रीज प्रोजेक्ट 04 हजार करोड़ रुपये की परियोजना है, जिसमें से 2,737 करोड़ रुपये का ऋण विश्व बैंक द्वारा 06 वर्षों की अवधि के लिए उपलब्ध कराया गया है। यूपी-एग्रीज परियोजना में विश्व बैंक के ऋण के अतिरिक्त राज्य सरकार का 1,166 करोड़ रुपये का अंश होगा। विश्व बैंक को ऋण वापसी की अवधि 35 वर्ष तथा ऋण राशि पर ब्याज दर 1.23 प्रतिशत होगी। यूपी-एग्रीज परियोजना से प्रदेश के किसानों, कृषक संगठनों, मत्स्य पालकों एवं कृषि क्षेत्र से जुड़ी एम0एस0एम0ई0 इकाइयों को सीधा लाभ होगा। यूपी-एग्रीज परियोजना से 10 लाख किसानों को प्रत्यक्ष रूप से लाभ होगा, जिसमें 30 प्रतिशत हिस्सेदारी महिलाओं की होगी। 10 हजार महिला उत्पादक समूहों को परियोजना से जोड़ा जाएगा। इसके अलावा 500 किसानों को सर्वोत्तम कृषि तकनीकी जानकारी के लिए विदेशों में भेजा जाएगा। इससे छोटे किसानों को सशक्त बनाने और क्षेत्रीय विषमताओं को खत्म करने में मदद मिलेगी। परियोजना से पूर्वी उत्तर प्रदेश के 21 जनपदों-श्रावस्ती, बहराइच, बलरामपुर, गोण्डा, सिद्धार्थनगर, बस्ती, महराजगंज, संतकबीरनगर, कुशीनगर, गोरखपुर, देवरिया, आजमगढ़, मऊ, जौनपुर, बलिया, गाजीपुर, वाराणसी, चन्दौली, मीरजापुर, सोनभद्र और संतरविदासनगर तथा बुन्देलखण्ड क्षेत्र के 07 जनपदों-जालौन, झांसी, हमीरपुर, महोबा, बांदा, ललितपुर और चित्रकूट के किसान लाभान्वित होंगे।

# पंजाब और दिल्ली के खिलाड़ियों को कड़ी सुरक्षा के बीच जालंधर से ट्रेन से किया रवाना

एजेंसी (हि.स.)
धर्मशाला

'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बने युद्ध के हालातों के चलते धर्मशाला में वीरवार बीती रात पंजाब और दिल्ली के बीच आईपीएल मैच को एकाएक बीच में रोक कर रद्द करने के बाद शुक्रवार सुबह दोनों टीमों सहित अन्य स्टाफ सदस्यों को

जालंधर से ट्रेन के माध्यम से दिल्ली के लिए रवाना किया। सुरक्षा की दृष्टि से सुरक्षा कर्मियों के कड़े पहरे में गाड़ियों के माध्यम से दोनों टीम के खिलाड़ियों को कांगड़ा पुलिस ने पंजाब की सीमा होशियारपुर तक छोड़ा। उसके बाद पंजाब पुलिस ने सुरक्षा का जिम्मा उठाते हुए इन्हें जालंधर रेलवे स्टेशन तक पंहुचाया।

गौर हो कि युद्ध के हालात के चलते कांगड़ा का गगल एयरपोर्ट भी बंद कर सेना के हवाले कर दिया गया है।



एएसपी कांगड़ा शालिनी अग्निहोत्री ने बताया कि शुक्रवार सुबह सभी टीम के खिलाड़ियों सहित अन्य स्टाफ और ब्रॉडकास्ट सदस्यों को धर्मशाला से करीब 40 से 50 छोटे वाहनों के जरिये पंजाब की सीमा होशियारपुर तक कड़ी सुरक्षा के बीच छोड़ा गया। वहां से आगे पंजाब पुलिस ने उन्हें जालन्धर रेलवे स्टेशन पंहुचाया। जालंधर से विशेष ट्रेन के माध्यम से उन्हें दिल्ली के लिए रवाना किया गया।

गौरतलब है कि भारत पाकिस्तान के बीच बीती रात हुए दरों व मिसाइल हमलों के चलते धर्मशाला में पंजाब और दिल्ली के बीच खेले गए मैच को बीच मे ही रोकना पड़ी था। अचानक मैच रुकने के बाद पुलिस कर्मियों ने महज 20 मिनट में ही स्टेडियम को खाली करवा दिया और सभी दर्शकों को जल्द स्टेडियम से बाहर जाने को कहा।

वहीं इससे पूर्व धर्मशाला में रात नौ बजकर 28 मिनट पर पंजाब किंग्स-दिल्ली कैपिटल्स के बीच चल रहे मैच के दौरान ब्लैकआऊट कर दिया गया और मैदान में लगी फ्लड लाइट्स को एक के बाद एक को बंद करवा दिया गया। मैदान से सबसे पहले पंजाब व दिल्ली के खिलाड़ियों को शांतिपूर्वक बाहर निकालकर होटलों में सुरक्षित भेजने के लिए रवाना किया गया था।

इसके साथ ही पुलिस व अन्य सुरक्षा एजैंसियों की ओर से दर्शकों को धीरे-धीरे सभी स्टैंड से शांतिपूर्वक तरीके से बाहर निकालने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी।

## भारतीय सेना की कामयाबी के लिए नाहन में यज्ञ का आयोजन

नाहन। ऑपरेशन सिंदूर में भारतीय सेना ने अपनी क्षमता का प्रदर्शन करते हुए सफलता पूर्वक पाकिस्तान में आतंकी ठिकानो को खत्म कर दिया है। भारत की इस कामयाबी से पाकिस्तान ने देश के 15 शहरों पर हमला करने का प्रयास किया जिसे हमारी सेना ने विफल कर दिया। सेना की इस कामयाबी पर और भारतीय सेना की सुरक्षा एवं सफलता के लिए आज नाहन के ऐतिहासिक माता कालीस्थान मंदिर में शाज एक यज्ञ का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ राजीव बिंदल की अगुआई में बड़ी संख्या में लोगो ने यज्ञ व हवन में भाग लेकर देश की सुरक्षा, सेना की सफलता की प्रार्थना की गयी। इस अवसर पर डॉ राजीव बिंदल ने कहा कि देश व हमारी सेना की सफलता को लेकर यह यज्ञ हो रहा है ताकि देश को विजयश्री प्राप्त हो। भारतीय सेना ने अदम्य साहस से ऑपरेशन सिंदूर कामयाब किया और अब पाकिस्तान के जवाबी हमलों का भी मुहतोड़ जवाब दिया जा रहा है। यह विजय श्री यज्ञ देश की सेना की सफलता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सफलता के लिए किया जा रहा है। आज देश के 140 करोड़ लोग देश के साथ खड़े हैं और देवी देवताओं के आशीर्वाद भी साथ हो इसके लिए आयोजन किया गया है।

# उडी में पास्तिानी गोलाबारी की चपेट में आने से एक महिला की मौत

एजेंसी (हि.स.)
जम्मू

पाकिस्तान की ओर से जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा और अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश को भारतीय सेना ने पूरी तरह विफल कर दिया है। नियंत्रण रेखा पर गोलाबारी के साथ-साथ पाकिस्तान ने स्वार्म ड्रोन के जरिये संवेदनशील सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया था लेकिन सतर्क सेना व अन्य सुरक्षाबलों की जबावी रणनीति के सामने उसकी हर प्रहार को नाकाम कर दिया। इसी बीच बारामुला जिलें के उडी में पाकिस्तान द्वारा की गई भारी गोलाबारी में एक महिला की मौत हो गई है जबकि एक अन्य घायल हो गई है। घायल को उपचार के लिए अस्ताल पहुंचाया गया है जहां पर उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।



कश्मीर घाटी से लेकर जम्मू संभाग तक सुरक्षा बल हाई अलर्ट पर हैं। इस बीच सीमा पर स्थिति बेहद तनावपूर्ण बनी हुई है। इसी बीच बारामुला जिले के उड़ी सेक्टर में गुरूवार को पाकिस्तानी सेना ने नागरिकों को निशाना बनाते हुए गोलाबारी की। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार रजरवानी से बारामुला की ओर जा रहा एक वाहन मोहुरा के पास पाक गोलाबारी की चपेट में आ गया। इस हमले में रजरवानी की निवासी नरगिस बेगम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हफीजा नामक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे जीएमसी बारामुला में भर्ती कराया गया है जहां उसकी हालत चिंताजनक बनी हुई है।

इस बीच उड़ी के अलावा कुपवाड़ा जिले में भी पाकिस्तान लगातार नागरिक इलाकों को निशाना बना रहा है। सेना के अनुसार पाकिस्तानी गोलाबारी का प्रभावी ढंग से जवाब दिया जा रहा है। दोनों इलाकों में दहशत का माहौल है और स्थानीय लोगों से एहतियात बरतने की अपील की गई है। सीमावर्ती इलाकों में सेना, बीएसएफ और अन्य एजेंसियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।

# सोलन में आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत दिशा-निर्देश जारी

एजेंसी (हि.स.)
सोलन



उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने शुक्रवार को यहां युद्ध की आशंका के दृष्टिगत आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता की और सभी विभागों को इस सम्बन्ध में उचित दिशा-निर्देश जारी किए। मनमोहन शर्मा ने सम्बन्धित अधिकारियों को ब्लैक आउट के समय प्रयोग किए जाने वाले साइरनों की जांच सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए ताकि आपात स्थिति में लोगों तक साइरन की आवाज पहुंच सके। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को जिला सोलन में स्थापित सभी सोलर लाईटों को अस्थाई तौर पर बंद करने अथवा ढकने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को आगामी आदेशों तक संवेदनशील क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें बंद करने के निर्देश भी दिए। उपायुक्त ने सम्बन्धित अधिकारी को जवाहर पार्क में स्थापित साइरन के संचालन के लिए गृह रक्षा के जवान की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। मनमोहन शर्मा ने अग्निशमन विभाग को किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार रहने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को दवाइयों का भण्डारण सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ निर्धारित समयावधि के अनुसार उपलब्ध रहेंगे।

उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को शिक्षण संस्थानों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में शीघ्र मॉक ड्रिल करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला के नागरिकों को सुरक्षा की दृष्टि से बिना कार्य के सांय बाद घरों से बाहर न निकलने की अपील की है। उन्होंने सभी नागरिकों से आग्रह किया जिला प्रशासन द्वारा समय-समय पर दी जा रही एडवाइजरी का पालन करना सुनिश्चित बनाएं ताकि सभी सुरक्षित रह सके। उन्होंने नागरिकों से रात्रि के समय में अपने घरों की खिड़कियां ढंक कर रखने का आग्रह भी किया।

# पाकिस्तान से तनाव के बीच हिमाचल प्रदेश में हाई अलर्ट, ऊना में सभी शिक्षण संस्थान आज बंद

एजेंसी (हि.स.)
शिमला




पाकिस्तान द्वारा पंजाब व जम्मू में गुरूवार देर रात ड्रोन और मिसाइल हमलों की हिमाकत के बाद उपजे तनावपूर्ण हालातों के चलते हिमाचल प्रदेश में सुरक्षा के दृष्टिगत हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। प्रदेश सरकार ने एहतियातन कड़े कदम उठाए हैं। सबसे अधिक असर सीमावर्ती जिला ऊना में देखने को मिला है जहां आज (शुक्रवार) सभी शिक्षण संस्थान बंद रखने का आदेश जारी किया गया है।

ऊना के उपायुक्त और जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) के अध्यक्ष जतिन लाल ने आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 34 (एम) के तहत आदेश जारी करते हुए बताया कि विद्यार्थियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह एहतियाती निर्णय लिया गया है। आदेश के अनुसार जिले के सभी सरकारी और निजी स्कूल, कॉलेज, आईटीआई, वोकेशनल ट्रेनिंग संस्थान व आंगनबाड़ी केंद्र आज एक दिन के लिए बंद रहेंगे।

पाकिस्तान के हमलों के जवाब में भारत ने भी चौकसी बढ़ा दी है। पंजाब के कई क्षेत्रों में गुरुवार रात ब्लैकआउट किया गया, जिसमें चंडीगढ़ व मोहाली प्रमुख हैं। हिमाचल प्रदेश का ऊना जिला पंजाब की सीमा से सटा हुआ है जिससे यह क्षेत्र सुरक्षा की दृष्टि से संवेदनशील श्रेणी में आता है। इसी कारण यहां ब्लैकआउट की एडवाइजरी भी जारी की गई थी। ऊना के साथ-साथ बिलासपुर जिले में भी रात के समय सतर्कता बरती गई।

प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने सुरक्षा प्रबंधों को लेकर आज उच्चस्तरीय बैठक बुलाई है। उन्होंने पहले ही सभी उपायुक्तों और पुलिस अधीक्षकों को हाई अलर्ट पर रहने के निर्देश दिए हैं। राज्य सरकार ने सभी जिला प्रशासन को अपने क्षेत्र की परिस्थितियों के अनुसार शिक्षण संस्थानों को बंद या खुले रखने का अधिकार दिया है।

गुरुवार शाम को धर्मशाला में चल रहे आईपीएल मुकाबले को भी सुरक्षा कारणों के चलते बीच में रोक दिया गया और दर्शकों को स्टेडियम खाली करने के निर्देश दिए गए। यह कदम भी राज्य की सतर्कता और सुरक्षा के मद्देनजर उठाया गया। प्रदेश में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के निर्देश जारी हो चुके हैं। सीमावर्ती जिलों के अलावा तिब्बत सीमा, जम्मू-कश्मीर और पंजाब से सटी सीमाओं पर अतिरिक्त सतर्कता बरती जा रही है। प्रमुख बांधों, जल विद्युत परियोजनाओं, धार्मिक स्थलों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर सुरक्षा बलों की तैनाती को मजबूत किया गया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने एक उच्चस्तरीय बैठक में सुरक्षा तैयारियों की विस्तार से समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी संवेदनशील इलाकों में कड़े सुरक्षा इंतजाम किए जाएं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मौजूदा हालात को देखते हुए जिला प्रशासन को स्थानीय स्तर पर तत्काल निर्णय लेने की पूरी छूट दी गई है।

# मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला हालात का जायजा लेने जम्मू पहुंचे

एजेंसी (हि.स.)
जम्मू

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला आज सुबह श्रीनगर से जम्मू पहुंचे। वो पाकिस्तान के विफल किए ड्रोन हमले के बाद की स्थिति का जायजा लेंगे।

भारत ने रात को जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर मिसाइलों और ड्रोन से सैन्य ठिकानों पर हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को विफल कर दिया। व्यापक सैन्य संघर्ष की आशंका के बीच दोनों देशों के बीच तनाव चरम पर है।

यहां पहुंचने से पहले अब्दुल्ला ने एक्स पोस्ट में कहा कि कल रात जम्मू शहर और संभाग के अन्य हिस्सों पर किए गए असफल पाकिस्तानी ड्रोन हमले के बाद की स्थिति का जायजा लेने के लिए अब जम्मू जा रहा हूं। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार सोमवार को स्कूलों को बंद करने के फैसले की समीक्षा करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उस समय की स्थिति यह निर्धारित करेगी कि बंद को बढ़ाया जाएगा या नहीं और यदि हां तो कितने समय के लिए। जम्मू-कश्मीर की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने मौजूदा हालात को देखते हुए गुरुवार को अगले दो दिनों के लिए स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया। गुरुवार रात अखनूर, सांबा, बारामूला और कुपवाड़ा और कई अन्य जगहों पर सायरन बजने और कई विस्फोटों की खबरें आईं।

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान के प्रयासों को विफल करने के बाद रक्षा मंत्रालय ने कहा कि भारत अपनी संप्रभुता की रक्षा करने और अपने लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# जम्मू-कश्मीर के कई शहरों में पाकिस्तान ने किया मिसाइल हमला, भारतीय सुरक्षाबलों ने दिया मुहतोड़ जवाब

एजेंसी (हि.स.)
जम्मू



जम्मू-कश्मीर के कई शहरों में पाकिस्तान के मिसाइलों के साथ किए गए हमले का भारतीय सुरक्षाबलों ने मुहतोड़ जवाब दिया है। इस बीच नुकसान की कोई जानकारी नहीं है। पाकिस्तान ने सारी रात परेड, कच्ची छावनी, जम्मू विश्वविद्यालय, सतवारी, सुबाष नगर, कालुचक, छन्नी हिम्मत, रिहाडी, उधमपुर, कठुधा, सांबा को निशाना बनाने की कोशिश की। इससे दहशत का महौल रहा।

इन स्थानों पर इस बीच ब्लैक आउट किया गया। माना जा रहा है कि जम्मू-कश्मीर के अलावा भारत के कई सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया गया। पहलगाम हमले के बाद से ही पाकिस्तान नियंत्रण रेखा पर लगातार गोलाबारी कर रहा था। इस गोलीबारी में 15 नागरिक मारे गए हैं जबकि करीब 50-60 नागरिक घायल हुए हैं। पाकिस्तान ने बुधवार-गुरुवार रात भारत के लगभग 19 स्थानों पर हमला किया। इनमें से अधिकतर हमलों को नाकाम कर दिया गया।

रक्षा सूत्रों ने बताया कि पाकिस्तान ने सतवारी, सांबा, आरएस पुरा और अरनिया पर आठ मिसाइलें दागीं और सभी को वायु रक्षा इकाइयों ने रोकते हुए ब्लॉक कर दिया। उल्लेखनीय है कि जम्मू के आसमान के दृश्य बिल्कुल हमास शैली के इजराइल पर हमले की याद दिलाते हैं। इससे यह साफ है कि पाकिस्तान की सेना आतंकवादी संगठन हमास की तरह काम कर रही है।

## एचआरटीसी को कांग्रेस ने महंगाई का माध्यम बनाया

# कांग्रेस सरकार ने बस किराया बढ़ाकर जनता की जेब पर डाला बोझ : हर्ष महाजन

एजेंसी (हि.स.)
शिमला

हिमाचल प्रदेश में बस किराए में 15 फीसदी बढ़ोतरी को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है। भाजपा के राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन ने इसे आम लोगों के साथ बड़ा अन्याय करार देते हुए कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि एचआरटीसी जैसे जनसेवा सरकारी उपक्रम को कांग्रेस सरकार ने महंगाई का माध्यम बना दिया है।

हर्ष महाजन ने कहा कि सुक्खू सरकार के सत्ता में आने के बाद से ही एचआरटीसी आम जनता के लिए परेशानी का सबब बन गई है। पहले न्यूनतम किराया दोगुना कर लोगों की जेब पर भार डाला गया और अब लंबी दूरी के किरायों में 15 प्रतिशत बढ़ोतरी कर दी गई है, जो सीधे-सीधे आम आदमी की रोजमर्रा की ज़िंदगी को प्रभावित करेगा।



उन्होंने कहा कि सरकार को यह बताना चाहिए कि डीजल पर वैट में कितनी वृद्धि की गई है। आंकड़े सबके सामने हैं, लेकिन जनता खुद सरकार से इसका जवाब सुनना चाहती है। महाजन ने आरोप लगाया कि कांग्रेस सरकार पहले टैक्स बढ़ाकर महंगाई को न्योता देती है और फिर उसी महंगाई का हवाला देकर हर सेवा और सुविधा को महंगा कर रही है।

राज्यसभा सांसद ने सरकार पर अन्य विभागों में भी बोझ बढ़ाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि वन विभाग में ठेकेदारों के लाइसेंस की फीस 10 गुना तक बढ़ा दी गई है। अब नए पंजीकरण के लिए 500 रुपये के बजाय 5000 रुपये देने होंगे।

इसी तरह बिजली उपभोक्ताओं को भी झटका देते हुए सरकार ने 300 यूनिट से अधिक खपत करने वालों को मिलने वाली एक रुपये प्रति यूनिट सब्सिडी बंद कर दी है। अब ऐसे उपभोक्ताओं को 5.90 रुपये प्रति यूनिट का भुगतान करना पड़ेगा। इस संबंध में ऊर्जा सचिव राकेश कंवर ने बिजली बोर्ड के प्रबंध निदेशक को पत्र भी जारी किया है।

हर्ष महाजन ने आरोप लगाया कि महंगाई हर ओर छाई हुई है। सीमेंट, सरिया, दालें, तेल और आवश्यक वस्तुएं लगातार महंगी हो रही हैं और इसका सीधा असर आम जनमानस पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि 'आत्मनिर्भर हिमाचल' के नाम पर कांग्रेस सरकार जनता की कमर तोड़ रही है और हर मोर्चे पर विफल साबित हो रही है।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुख्यमंत्री ने गोलाबारी से विस्थापित हुए लोगों के आश्रय शिविरों का किया दौरा



**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को गोलाबारी से विस्थापित हुए लोगों के आश्रय शिविरों का दौरा किया। एक्स पर एक पोस्ट में मुख्यमंत्री कार्यालय ने लिखा कि मुख्यमंत्री ने गोलाबारी से विस्थापित हुए लोगों के आश्रय शिविरों का दौरा किया है। पोस्ट में लिखा है कि मुख्यमंत्री ने परिवारों से बात की और उनकी चिंताओं को सुना। उन्होंने परिवारों को आश्वासन दिया कि हम इस कठिन समय में उनके साथ मजबूती से खड़े हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह सुनिश्चित करें कि सभी आवश्यक सुविधाएँ बिना देरी के प्रदान की जाएँ।

### जम्मू-कश्मीर के सभी शिक्षण संस्थान आज और कल बंद रहेंगे

**जम्मू।** भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि जम्मू-कश्मीर में सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय शुक्रवार और शनिवार को भी बंद रहेंगे। एक्स पोस्ट में जम्मू-कश्मीर की शिक्षा मंत्री सकीना इटू ने घोषणा की एहतियात के तौर पर जम्मू-कश्मीर में सभी स्कूल, कॉलेज और विश्वविद्यालय 9 और 10 मई को बंद रहेंगे।

### सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर एक बड़ी घुसपैठ की कोशिश नाकाम



**सांबा।** सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर संदिग्ध आतंकवादियों द्वारा घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को बीएसएफ ने नाकाम कर दिया है। सीमा सुरक्षा बल ने शुक्रवार को एक्स के माध्यम से कहा कि 8 मई देर रात बीएसएफ ने जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर घुसपैठ की एक बड़ी कोशिश को नाकाम कर दिया। यह तुरंत स्पष्ट नहीं था कि गोलीबारी में कोई आतंकवादी मारा गया था या नही। अधिकारियों ने कहा कि सुबह इलाके में गहन तलाशी के बाद चीजें स्पष्ट हो जाएंगी। घुसपैठ की यह कोशिश उस दिन हुई जब भारत ने जम्मू, पठानकोट, उधमपुर और कुछ अन्य स्थानों पर सैन्य ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला करने की पाकिस्तानी सेना की कोशिश को नाकाम कर दिया क्योंकि व्यापक सैन्य संघर्ष की आशंकाओं के बीच दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन, युद्धकाल में सहयोग का दिया आश्वासन



**नाहन।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला सिरमौर इकाई ने भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे युद्ध की परिस्थिति को देखते हुए आज उपायुक्त सिरमौर को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने प्रशासन को यह आश्वासन दिया कि जिले का प्रत्येक परिषद कार्यकर्ता किसी भी आपातकालीन स्थिति में हर संभव सहयोग देने के लिए तैयार है। यह ज्ञापन परिषद के प्रदेश सह मंत्री मनीष बिरसांटा के नेतृत्व में सौंपा गया। उन्होंने बताया कि जिस प्रकार देश इस समय एक संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है, ऐसे में प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह राष्ट्रहित में अपने स्तर पर योगदान दे। विद्यार्थी परिषद का हर कार्यकर्ता राष्ट्रीय आपदा, युद्ध या अन्य संकट के समय प्रशासन के निर्देशों का पालन करते हुए सेवा कार्यों में तत्पर रहेगा। मनीष बिरसांटा ने कहा कि परिषद का उद्देश्य न केवल शैक्षणिक और सामाजिक जागरूकता फैलाना है, बल्कि राष्ट्रीय संकट के समय सक्रिय भूमिका निभाना भी है। उन्होंने उपायुक्त से आग्रह किया कि परिषद की इस तत्परता को संज्ञान में लिया जाए और आवश्यकता पड़ने पर परिषद कार्यकताओं को उचित दिशा-निर्देश दिए जाएं ताकि वे जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचा सकें।

### विधानसभा उपाध्यक्ष आज से पांच दिवसीय सिरमौर प्रवास पर

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा उपाध्यक्ष विनय कुमार 10 से 14 मई तक जिला सिरमौर के प्रवास पर रहेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने देते हुए बताया कि विधानसभा उपाध्यक्ष 10, 11 व 12 मई को स्थानीय पंचायतों का दौरा कर लोगों से मिलेंगे तथा उनकी समस्याओं का निराकरण भी करेंगे। उपाध्यक्ष 13 मई को प्रातः 11 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नोहराधार में मुख्य अतिथि होंगे तथा वह विज्ञान प्रयोगशाला और पुस्तकालय का उद्घाटन करेंगे। विधानसभा उपाध्यक्ष ग्राम पंचायत नोहराधार में लोक भवन का शिलान्यास करने के उपरांत गेलियो मंदिर में आशीर्वाद प्राप्त कर भागवत कथा में भाग लेंगे। 14 मई को स्थानीय पंचायतों का दौरा करेंगे तथा क्षेत्र की समस्याओं को जानेंगे।

### किराया वृद्धि दुर्भाग्यपूर्ण, युद्ध जैसे हालात में ऐसा फैसला अनुचित : डॉ. राजीव बिंदल

**नाहन।** प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में हिमाचल प्रदेश परिवहन निगम की बसों के न्यूनतम किराए को 10 रुपये तक बढ़ाने और लंबी दूरी के किरायों में भी वृद्धि किए जाने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने तीखी प्रतिक्रिया दी है। डॉ. बिंदल ने इस निर्णय को ₹दुर्भाग्यपूर्ण और अनुचित₹ करार देते हुए कहा कि इस समय जब देश में युद्ध जैसे हालात हैं और हमारी सेनाएं पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रही हैं, ऐसे में प्रदेश सरकार का किराया बढ़ाने जैसा कदम आम जनता पर अतिरिक्त बोझ डालने वाला है। उन्होंने कहा कि देश की सेना इस समय अदम्य साहस दिखा रही है और सीमाओं पर डटी हुई है, वहीं प्रदेश सरकार जनता की पीड़ा को नजरअंदाज कर आर्थिक भार बढ़ा रही है। उन्होंने प्रदेश सरकार से मांग की कि इस फैसले को तुरंत वापस लिया जाए और जनता को राहत दी जाए।

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का
नवोन्मेषक: स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक: सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेंजिंग लिमिटेड, प्लॉट नं. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एवं 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित- 160036

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क: 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# हरियाणा ने लगाए एसडीओ सिविल के समक्ष लिंक अधिकारी

**संवाददाता**
चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने 58 उप-मंडल अधिकारियों (नागरिक) के स्थानान्तरण या सेवानिवृत्ति तथा अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे या चुनाव ड्यूटी के चलते रिक्त पद के कामकाज का सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिंक अधिकारी नियुक्त किए हैं।

मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में जारी एक पत्र के अनुसार, एसडीओ(सी), अंबाला कैंट की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), अंबाला लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), नारायणगढ़ लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), नारायणगढ़ की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), अंबाला कैंट लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), अंबाला लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बराड़ा की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), नारायणगढ़ लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), अंबाला लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बिलासपुर की अनुपस्थित में एसडीओ(सी), जगाधरी लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), रादौर लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), रादौर की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), जगाधरी लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), बिलासपुर लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), छछरौली की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), बिलासपुर लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), रादौर लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), गुहला की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), कलायत लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), कैथल लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), कलायत की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), कैथल लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), गुहला लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), कालका की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), पंचकूला लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), नारायणगढ़ लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), पेहोवा की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), थानेसर लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), शाहबाद लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), शाहबाद की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), थानेसर लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), पेहोवा लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), लाडवा की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), शाहबाद लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), पेहोवा लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), गुरुग्राम (दक्षिण) की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), पटौदी लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), गुरुग्राम (उत्तर) लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), पटौदी की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), मानेसर लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), गुरुग्राम (दक्षिण) लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बादशाहपुर की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), पटौदी लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), मानेसर लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), मानेसर की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), गुरुग्राम (दक्षिण) लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), गुरुग्राम (उत्तर) लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), तावडू की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), नूंह लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), गुरुग्राम (दक्षिण) लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), फिरोजपुर झिरका की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), पुन्हाना लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), नूंह लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), पुन्हाना की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), फिरोजपुर झिरका लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), नूंह लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बल्लभगढ़ की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), फरीदाबाद लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), बड़खल लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बड़खल की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), बल्लभगढ़ लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), फरीदाबाद लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), हथीन की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), होडल लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), पलवल लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), होडल की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), हथीन लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), पलवल लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), महेंद्रगढ़ की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), कनीना लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), नारनौल लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), कनीना की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), नारनौल लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), नांगल चौधरी लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), नांगल चौधरी की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), महेंद्रगढ़ लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), कनीना लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), कोसली की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), रेवाड़ी लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), बावल लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बावल की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), रेवाड़ी लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), कोसली लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), हांसी की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), नारनौंद लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), हिसार लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बरवाला की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), हिसार लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), हांसी लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), नारनौंद की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), हांसी लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), बरवाला लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), टोहाना की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), फतेहाबाद लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), रतिया लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), रतिया की अनुपस्थिति में लिंक ऑफिसर एसडीओ(सी), टोहाना लिंक 1 और एसडीओ(सी), फतेहाबाद ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), डबवाली की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), ऐलनाबाद लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), सिरसा लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), ऐलनाबाद की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), डबवाली लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), सिरसा लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), कालांवाली की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), सिरसा लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), ऐलनाबाद लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), सफीदों की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), जींद लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), जुलाना लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), नरवाना की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), उचाना लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), कलायत लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), उचाना की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), नरवाना लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), नारनौंद लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), जुलाना की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), जींद लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), महम लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), लोहारू की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), बाढ़ड़ा लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), तोशाम लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), सिवानी की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), तोशाम लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), लोहारू लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), तोशाम की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), सिवानी लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), लोहारू लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बाढ़ड़ा की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), लोहारू लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), भिवानी लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), महम की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), रोहतक लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), सांपला लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), सांपला की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), रोहतक लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), महम लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बहादुरगढ़ की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), झज्जर लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), सांपला लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बेरी की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), झज्जर लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), रोहतक लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), बादली की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), बहादुरगढ़ लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), बेरी लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), गोहाना की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), गन्नौर लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), इसराना लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), गन्नौर की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), सोनीपत लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), समालखा लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), खरखौदा की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), सोनीपत लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), गोहाना लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), असंध की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), घरौंडा लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), सफीदों लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), इंद्री की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), नीलोखेड़ी लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), करनाल लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), घरौंडा की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), करनाल लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), इंद्री लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), नीलोखेड़ी की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), करनाल लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), थानेसर लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), समालखा की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), पानीपत लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), गन्नौर लिंक ऑफिसर-2होंगे।

एसडीओ(सी), इसराना की अनुपस्थिति में एसडीओ(सी), समालखा लिंक ऑफिसर1 और एसडीओ(सी), पानीपत लिंक ऑफिसर-2होंगे।

## चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी ढंग से पूरी करने की दिशा में चुनाव आयोग कर रहा है नई–नई पहल

**संवाददाता**
चंडीगढ़

हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी पंकज अग्रवाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग लोकसभा व राज्यों की विधानसभा से जुड़ी चुनाव प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी बनाने की दिशा में निरंतर नई पहल कर रहा है।

उन्होंने कहा कि त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार करने तथा राष्ट्रीय व राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों व अन्य हितधारकों के साथ 4719 बैठकों का आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि इन बैठकों में 40 बैठकें मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मुख्य अधिकारी कार्यालय द्वारा 800 बैठकें जिला निर्वाचन अधिकारियों द्वारा तथा 3879 चुनाव पंजीयन अधिकारियों द्वारा ली गई। इन बैठकों में विभिन्न राजनैतिक दलों के 28 हजार से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

उन्होंने कहा कि आयोग की इस पहल का मुख्य उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को वर्तमान लीगल फ्रेमवर्क में सभी स्टेकहोल्डर के साथ और अधिक सशक्त करना है।

## हरियाणा में आपात स्थिति से निपटने हेतु उपायुक्तों को 1.10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत: डॉ. सुमिता मिश्रा

**संवाददाता**
चंडीगढ़

हरियाणा सरकार द्वारा वर्तमान परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए सभी उपायुक्तों को आपदा प्रबंधन के लिए 1.10 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। प्रत्येक उपायुक्त को 5 लाख रुपये की राशि उपलब्ध कराई गई है, ताकि वे अपने जिले में त्वरित और प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित कर सके।

गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं वित्तायुक्त राजस्व एवं आपदा प्रबंधन डॉ. सुमिता मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि उपायुक्तों को निर्देश दिए गए हैं कि वे वित्तीय अनुशासन का पूर्ण रूप से पालन करें और स्वीकृत राशि का उपयोग केवल निर्धारित उद्देश्यों के लिए ही करें। बिना सरकार की पूर्व स्वीकृति के स्वीकृत सीमा से अधिक व्यय न करें।

डॉ. मिश्रा ने यह भी स्पष्ट किया है कि खजाना कार्यालय से केवल वास्तविक आवश्यकता के अनुसार ही धनराशि का आहरण किया जाए। इसके अतिरिक्त, उन्हें प्रत्येक माह की 10 तारीख तक व्यय विवरण प्रपत्र संख्या 26 और 29 के माध्यम से लेखा शाखा को भेजना अनिवार्य होगा।



उन्होंने उपायुक्तों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन सूचना प्रणाली (ठउ्टक्र) पोर्टल पर मासिक व्यय विवरण अपलोड करने और प्राथमिकता के आधार पर उपयोगिता प्रमाण पत्र विभाग को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं। वर्तमान स्थिति में केंद्र सरकार एवं प्रदेश सरकार द्वारा निर्धारित राज्य आपदा प्रतिक्रिया कोष (रउफ्र्र) के सभी प्रावधानों व दिशानिदेर्शों का कड़ाई से पालन करना अनिवार्य है।

डॉ. सुमिता मिश्रा ने सभी उपायुक्तों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि जिले स्तर पर नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सक्रिय रहें। साथ ही वायु चेतावनी प्रणाली, आपात सेवाएं एवं चिकित्सा सुविधाएं भी पूर्ण रूप से संचालित रहें। उन्होंने आवश्यक वस्तुओं की जमाखोरी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की घबराहट में खरीदारी की स्थिति को रोकने हेतु कड़े कदम उठाए जाएं।

## संक्षिप्त-समाचार

### प्रदेश के 143 ब्लाकों में खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता सेमिनार किए जाएंगे आयोजित: गौरव गौतम

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा के युवा उद्यमिता कानून एंव खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने प्रदेश के युवाओं और नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति अपनी सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता को दोहराते हुए एक महत्वपूर्ण घोषणा की है। मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि 12 मई से 15 मई तक प्रदेश के सभी 143 ब्लाकों में ब्लाक स्तर पर खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। प्रदेश सरकार की इस पहल के जरिये युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारे युवाओं का स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। आज के समय में खाद्य पदार्थों में मिलावट एक गंभीर समस्या बन गई है, जो हमारे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। इस समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को सुरक्षित भोजन विकल्पों के बारे में शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य के साथ, हमने पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इन सेमिनारों के सफल आयोजन की जिम्मेवारी प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौंपी गई है। मंत्री ने सभी संबंधित संस्थानों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि निर्धारित तिथियों के भीतर अपने-अपने ब्लॉक में इन महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए। उन्होंने कहा कि सेमिनार में खाद्य सुरक्षा का महत्वः-दैनिक जीवन में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन के महत्व को बताया जाएगा। इसके अलावा खाद्य पदार्थों में मिलावट के सामान्य तरीकेः- विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट और उन्हें पहचानने के तरीके बताए जाएंगे। मंत्री गौरव गौतम ने प्रदेश के सभी नागरिकों, विशेषकर युवाओं से अपील की है कि वे इन सेमिनारों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि यह जानकारी न केवल उनके स्वयं के स्वास्थ्य के लिए बल्कि उनके परिवार और समाज के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है।

### हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित होने वाली 11 मई की परीक्षाएं स्थगित

चंडीगढ़। हरियाणा लोक सेवा आयोग द्वारा 11 मई को आयोजित की जाने वाली परीक्षाएं स्थगित कर दी गई हैं। आयोग के प्रवक्ता ने बताया कि ये परीक्षाएं कॉलेज कैडर के सहायक प्रोफेसर पदों के लिए रसायन विज्ञान (विज्ञापन संख्या 43/2024) एवं भौतिकी (विज्ञापन संख्या 61/2024) विषयों में आयोजित की जानी थीं। ये परीक्षाएं 11 मई को प्रातः और सायंकालीन सत्रों में होनी थीं, जिन्हें अगली सूचना तक स्थगित कर दिया गया है। प्रवक्ता ने आगे बताया कि इन परीक्षाओं की नई तिथि आयोग द्वारा बाद मे घोषित की जाएगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर नियमित रूप से विजिट करते रहें।

### कर्मचारियों को निर्देश, राज्य में कायम करें अपना मुख्यालय

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने निर्देश दिए हैं कि विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों, उपक्रमों और विश्वविद्यालयों आदि के अधिकारी-कर्मचारी अपना मुख्यालय या स्टेशन राज्य के अंदर कायम करें। इसके अलावा, कोई भी कर्मचारी आगामी आदेशों तक अपना मुख्यालय या स्टेशन न छोड़े।

## संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण दौर में सतर्कता और एकजुटता जरूरी: कुमारी सैलजा

**संवाददाता**
चंडीगढ़

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा की सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि देश इस समय एक संवेदनशील और चुनौतीपूर्ण दौर से गुजर रहा है। सीमा पर तैनात हमारी भारतीय सेना अपनी वीरता और समर्पण से राष्ट्र की रक्षा में जुटी हुई है। ऐसे समय में देश के हर नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह सेना के प्रति सम्मान, देश के प्रति एकजुटता के प्रति प्रतिबद्धता को बनाए रखे। ऐसे में सतर्कता और एकजुटता जरूरी है।

मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा देशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि इस संकट की घड़ी में हम सबको सतर्क रहना चाहिए, अफवाहों से बचना चाहिए और हर स्तर पर भारतीय सेना का मनोबल ऊंचा बनाए रखने में योगदान देना चाहिए। कुमारी सैलजा ने



कहा कि सरकार द्वारा उठाए गए हर उस कदम का कांग्रेस समर्थन करती है जो पाकिस्तान जैसे आतंकवादियों की जननी देश को झुकता और मुंहतोड़ जवाब देने के लिए उठाया जाए। कांग्रेस का यह स्पष्ट मत है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सर्वोपरि है। भारतीय सेना के पराक्रम, साहस और बलिदान पर गर्व करना हम हर भारतीय का धर्म है। कुमारी सैलजा ने कहा कि देश की एकता, सामाजिक सौहार्द और लोकतंत्र को कमजोर करने वाली ताकतों से सतर्क रहना आवश्यक है।

सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि इस समय अफवाहों से बचे रहने की जरूरत है, अफवाहें नकारात्मक विचारों को जन्म देती है। ऐसे में हम सबको मिलकर नफरत और विभाजन की राजनीति को नकारना होगा और राष्ट्रहित में एकजुट रहना होगा। देश के सभी नागरिकों को एक-दूसरे के साथ मिलकर काम करना चाहिए। आम नागरिकों को अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा के लिए हर व्यक्ति को प्रशासन की ओर जारी हिदायतों का पालन करना चाहिए। ऐसे समय में दुश्मन देश के एजेंट भी सक्रिय हो जाते हैं, इसलिए उन पर नजर रखना बहुत जरूरी है। सभी नागरिकों को एक-दूसरे का सम्मान करना चाहिए और सामाजिक रूप से एकजुट रहना चाहिए। संकट की इस घड़ी में आत्मविश्वास रखना बहुत जरूरी है। हर व्यक्ति को देश की सेना और सरकार पर विश्वास रखना चाहिए।

## विद्यार्थी 2047 के विकसित भारत के हैं कर्णधार: शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा

**संवाददाता**
चंडीगढ़



**सम्मान समारोह में शिक्षा मंत्री ने उत्कृष्ट शिक्षक व मेधावी छात्रों को किया सम्मानित**

प्रदेश के शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने कहा कि आज के विद्यार्थी 2047 के विकसित भारत के कर्णधार हैं। आज जिस विकसित भारत का स्वप्न हम सब देख रहे हैं, उसे पूरा करने में युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका होने वाली है। उन्होंने हाल ही में हुए आपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए कहा कि आज भारत की ताकत को पूरी दुनिया देख रही है। आज का भारत किसी से कम नहीं है। आज देश का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं, जिनका डंका पूरी दुनिया में बजता है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि देश आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा हैं और विश्व की पांच बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में शामिल हो गया हैं।

शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा कस्तूरी मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा हिसार के मंगाली आकलान में आयोजित शिक्षक व मेधावी छात्र सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नलवा के विधायक रणधीर पनिहार ने की।

शिक्षा मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति से हमारी शिक्षा व्यवस्था और ज्यादा दुरूस्त होगी। भारत का विचार आज पूरी दुनिया में जा रहा हैं और इस विचार का अनुसरण भी दुनिया के तमाम देश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारा हरियाणा एक अलग पहचान के साथ आगे बढ़ रहा हैं। हर क्षेत्र में हरियाणा के लोग अपना लोहा मनवा रहे हैं।

इस मौके पर 100 से अधिक उत्कृष्ट शिक्षक, मेधावी छात्र व विभिन्न सामाजिक कार्यकताओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ओलंपिक पदक विजेता रेसलर योगेश्वर दत, महापौर प्रवीण पोपली सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे।

## निरंतर प्रयासों से हरियाणा में मातृ मृत्यु दर 110 से घटकर 106 पर आई

**संवाददाता**
चंडीगढ़

**मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और प्रभावशीलता में सुधार के लिए रणनीतिक पहलों की श्रृंखला लागू की गई: आरती सिंह राव**

हरियाणा की स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री कुमारी आरती सिंह राव के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग पूरे राज्य में मातृ स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने के लिए अपने अथक प्रयास कर रहा है।

स्वास्थ्य विभाग गुणवत्तापूर्ण प्रसवपूर्व, प्रसव के दौरान और प्रसवोत्तर देखभाल सेवाएँ प्रदान करने की दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ यह सुनिश्चित करता है कि सरकारी स्वास्थ्य सुविधा में आने वाली प्रत्येक गर्भवती महिला को व्यापक और सम्मानजनक देखभाल मिले।

हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री ने कहा, भारत में मातृ मृत्यु दर पर नवीनतम नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) विशेष बुलेटिन (2019-21) के अनुसार, हरियाणा में मातृ मृत्यु दर (एमएमआर) 110 (2018-20) से घटकर 106 हो गई है - जो 4 अंकों का सुधार है। हरियाणा सरकार एमएमआर को 70 से नीचे लाने के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराती है। मातृ मृत्यु अनुपात (एमएमआर) को कम करना प्राथमिकता बनी हुई है। गर्भावस्था से लेकर प्रसव और प्रसवोत्तर अवधि तक हर चरण में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता, पहुंच और प्रभावशीलता में सुधार के लिए कई रणनीतिक पहलों को लागू किया गया है।

उन्होंने कहा कि राज्य में संस्थागत प्रसव 2024-25 में (स्वास्थ्य प्रबंधन सूचना प्रणाली के आंकड़ों के अनुसार) बढ़कर 98.3% हो गया है। मातृ स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे को और मजबूत करने के लिए, सरकारी प्रसव केंद्रों पर सभी प्रसव कक्षों को आधुनिक किया गया है।

**हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा लिखित व उनके जीवन पर आधारित है पुस्तक**

## उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने किया जनता की कहानी – मेरी आत्मकथा पुस्तक का विमोचन

**संवाददाता**
चंडीगढ़

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने आज हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय द्वारा लिखित उनके जीवन पर आधारित पुस्तक ह्ह जनता की कहानी -मेरी आत्मकथा ह्ह का विमोचन किया। दिल्ली स्थित महाराष्ट्र सदन में आयोजित समारोह के दौरान उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय व उनकी धर्मपत्नी वसंथा बंडारू को शॉल भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में पहलगाम में हुए आतंकी हमले में जान गंवाने वाले नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दो मिनट का मौन धारण किया गया।

इस अवसर पर जगदीप धनखड़ ने कहा कि इस पुस्तक में सार्वजनिक जीवन के संघर्षों की झलक दिखाई गई है, जो सार्थक परिणाम देगी। उन्होंने कहा कि भारत ने चुनौतियों को अवसरों में बदलने के तरीके ईजाद किए हैं, इसलिए आज भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद पूरी दुनिया को भारत की ताकत और मजबूत सोच को दिखाया है। हमारी सेना ने भारतीयों की आन-बान और शान को ऊंचा करने का काम किया है। भारतीयता हमारी पहचान है और राष्ट्रवाद हमारे लिए सर्वोपरि है।

इस अवसर पर राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि चरित्र, समर्पण और दृढ़-विश्वास ही जीवन के तीन महत्वपूर्ण पहलू हैं। इन तीन पहलुओं पर कार्य करते हुए जीवन की हर चुनौतियों का सामना किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में उनके जीवन के विस्तृत अनुभव संकलित किए गए हैं जो सदैव आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायी रहेंगे। पुस्तक में उनके व्यक्तिगत और राजनीतिक जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को बेहतरीन तरीके से समेटा गया है। यह पुस्तक एक केंद्रीय मंत्री के रूप में उनकी प्रशासनिक कुशलता और एक जनप्रतिनिधि के रूप में लोगों की सेवा के प्रति समर्पण की झलक दिखाती है। उन्होंने कहा कि वे लेखक और कवि नहीं हैं लेकिन कोविड समय के दौरान उन्हें मिले अनुभव ऑडियो रिकॉर्डिंग के माध्यम से पुस्तक में समेटे गए हैं।

दत्तात्रेय ने कहा कि उनका जीवन सदैव साधारण समाज के हितार्थ समर्पित रहा है। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वे सभी का तहेदिल से आभार एवं अभिनन्दन करते है। आज के दिन का श्रेय वे अपनी माता ईश्वम्मा जी को देते हैं, जिनके प्रयासों से उन्होंने अपना जीवन सामाजिक कार्यों, विशेषकर झुग्गी विकास और आपदा राहत प्रयासों में सक्रिय किया। उनका यह समर्पण सांस्कृतिक एवं स्वैच्छिक संगठनों से जुड़े रहकर सामाजिक कल्याण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दशार्ता है।



मनोहर लाल ने कहा कि दत्तात्रेय वास्तव में विनम्रता की मूर्ति हैं, जिन्होंने सदैव समाज सेवा और जनहित को लेकर ही कार्य किया है। उन्होंने कहा कि दत्तात्रेय की पुस्तक में सभी कार्यकताओं की चिंता के बहुत से पहलू एवं अनुभव छिपे हुए हैं, इसलिए यह पुस्तक अवश्य ही लोगों को पढ़नी चाहिए। इसमें वटवृक्ष के नाते परिवार, समाज और जीवन के अनुभवों की जानकारी साझा की गई है।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह एक पुस्तक नहीं बल्कि जीवंत दस्तावेज है, जो उनके संघर्ष, सेवा, समर्पण और समाज के लिए चलने वाली यात्रा है, जो व्यक्ति को साधारण से असाधारण बना देती है। उन्होंने कहा कि यह गौरव का विषय है और इस कार्यक्रम में भाग लेकर वे गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने ह्ह जनता की कहानी - मेरी आत्मकथा ह्ह पुस्तक के लिए राज्यपाल को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

उन्होंने कहा कि इस पुस्तक का शीर्षक ही बता रहा है कि यह जीवन का विवरण मात्र नहीं बल्कि जनसाधारण से जुड़ने और उनके लिए जुझने का अनुभव है। यह पुस्तक केवल साहित्य नहीं प्रेरणा स्त्रोत है जिससे राजनीतिक और सामाजिक जीवन के रास्ते पर चलने का बेहतर मार्ग प्रशस्त होगा। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, केन्द्रीय मंत्री जी कृष्ण रेड्डी ने भी समारोह को सम्बोधित किया।

इस मौके पर केन्द्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, एस पी सिंह बघेल, अनुराग ठाकुर, हरियाणा के विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार, शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा, शहरी स्थानीय निकाय मंत्री विपुल गोयल, सहकारिता मंत्री डॉ अरविंद शर्मा, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा, लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा, स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव, विधानसभा उपाध्यक्ष कृष्ण मिड्ढा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले राज्य मंत्री राजेश नागर, खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम सहित कई राज्यसभा व लोकसभा सांसद, पूर्व राज्यपाल, पूर्व मुख्यमंत्री, पूर्व उपमुख्यमंत्री, पूर्व सांसद, पूर्व मंत्री, कई आईएएस एवं अन्य मौजूद रहे।

संपादकीय

# वक्त आ गया है कि भारत अपनी रक्षा रणनीति का पुनर्मूल्यांकन करे

जी हां मौजूदा हालात में यह जगजाहिर है कि भारत पाकिस्तान के साथ एक गहरे सैन्य तनाव की स्थिति से गुजर रहा है। इस टकराव की शुरूआत जम्मू-कश्मीर के पहलगाम क्षेत्र में हुए एक भीषण आतंकवादी हमले से हुई, जिसमें 26 निर्दोष नागरिकों की जान गई। इस क्रूर हमले के बाद भारत ने कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए ह्लऑपरेशन सिंदूरह्व के तहत पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में स्थित कथित आतंकवादी ढांचों को निशाना बनाया। यह घटनाक्रम भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की पुनर्समीक्षा की आवश्यकता को उजागर करता है। बदलते सुरक्षा परिदृश्य के मद्देनजर अब जरूरी हो गया है कि रक्षा नीति में व्यापक आधुनिकीकरण, आत्मनिर्भरता और संस्थागत सुधारों को प्राथमिकता दी जाए। विशेषकर रक्षा बजट में वृद्धि और अनुसंधान एवं विकास के क्षेत्र में निजी क्षेत्र की भागीदारी को प्रोत्साहित करना, देश की सामरिक ताकत को मजबूत करने की दिशा में निर्णायक पहल साबित हो सकते हैं। भारत ने बीते कुछ वर्षों में रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति की है। सरकार द्वारा जारी की गई 'सकारात्मक स्वदेशीकरण सूची' ने रक्षा आयात को कम करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ावा देने की दिशा में बड़ा योगदान दिया है। इस नीति ने न केवल भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को सशक्त किया, बल्कि देश की आर्थिक आत्मनिर्भरता को भी नई ऊर्जा प्रदान की। वित्तीय वर्ष 2023-24 के दौरान भारत का घरेलू रक्षा उत्पादन रु 1.27 लाख करोड़ को पार कर गया, जो पिछले वर्ष की तुलना में 16.7% अधिक है। इसके साथ ही भारत के रक्षा उपकरणों में स्वदेशी सामग्री की हिस्सेदारी 65% तक पहुँच गई है, जो 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियानों की सफलता को दशार्ता है। इसी दौरान, भारत ने रक्षा निर्यात में भी नया कीर्तिमान स्थापित किया। वर्ष 2023-24 में भारत का रक्षा निर्यात रु 21,083 करोड़ तक पहुंच गया, जो कि पिछले दशक की तुलना में लगभग 30 गुना वृद्धि है। अमेरिका, फ्रांस, फिलीपींस और आर्मेनिया जैसे देश अब भारतीय हथियारों के प्रमुख ग्राहक बन रहे हैं। केंद्र सरकार ने वर्ष 2029 तक रक्षा निर्यात को रु 50,000 करोड़ तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। भारत सरकार ने 'डिफेंस एक्सीलेंस फंड' और 'इनोवेशन फॉर डिफेंस एक्सीलेंस' जैसी योजनाओं के माध्यम से रक्षा नवाचार को प्रोत्साहित किया है। फरवरी 2025 तक, देश में 619 स्टार्टअप 549 रक्षा-संबंधित समस्याओं पर सक्रिय अनुसंधान कर रहे हैं। यह पहल विशेषकर स्टार्टअप और एमएसएमई सेक्टर को आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त बना रही है। उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु में बनाए गए डिफेंस कॉरिडोर ने रक्षा विनिर्माण को नई दिशा दी है। अब तक इन क्षेत्रों में रु 8,658 रु रोड़ का निवेश हो चुका है और कुल संभावित निवेश रु 53,439 करोड़ तक आँका गया है। इससे देश में रक्षा उत्पादन को संस्थागत आधार मिलेगा। मार्च 2025 में भारत ने 156 'एलसीएच प्रचंड' हेलीकॉप्टरों की खरीद के लिए रु 62,700 करोड़ का अनुबंध किया। इसके अलावा, स्कैल्प क्रूज मिसाइल, हैमर गाइडेड बम और लोइटरिंग म्यूनिशन जैसी तकनीकें भारतीय वायुसेना का हिस्सा बनी हैं। इनका प्रभावी प्रयोग हाल ही के 'ऑपरेशन सिंदूर' में देखा गया। भारत ने इंडोनेशिया को रु 3,800 करोड़ की ब्रह्मोस मिसाइल की आपूर्ति कर, अपनी मिसाइल तकनीक की वैश्विक स्वीकार्यता भी दर्ज करवाई है। भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत 'आईएनएस विक्रांत', जो 76% स्वदेशी सामग्री से बना है, 2022 में नौसेना में शामिल हुआ। इससे भारत की ब्लू वाटर नेवी की क्षमताओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हालांकि भारत ने आत्मनिर्भरता की दिशा में कई पहलें की हैं, परंतु उच्च तकनीकी हथियारों के निर्माण में देश को अब भी आयात पर निर्भर रहना पड़ता है। 2023 तक रक्षा बजट का लगभग 36% हिस्सा विदेशी स्रोतों से उपकरण खरीदने में खर्च हुआ। खरीद प्रक्रियाओं में विलंब, जैसे राफेल विमानों और स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की देरी, आधुनिकीकरण की गति को प्रभावित करते हैं। 2025-26 में घोषित रु 6.81 लाख करोड़ के रक्षा बजट में से केवल रु 1.8 लाख करोड़ आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित किया गया है। वहीं, अनुसंधान एवं विकास के लिए मात्र 3.94% का आवंटन नवाचार के रास्ते में बाधा है। दूसरी ओर, भारत का रक्षा उत्पादन अभी भी सार्वजनिक क्षेत्र पर निर्भर है। निजी कंपनियाँ जैसे जेएसडब्ल्यू डिफेंस धीरे-धीरे उभर रही हैं, परंतु उनका कुल योगदान अभी भी 21% तक ही सीमित है। इसके चलते पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को और मजबूती देने की आवश्यकता है। 2020 में मुंबई पावर ग्रिड पर साइबर हमले ने भारत की साइबर सुरक्षा में मौजूद कमजोरियों को उजागर किया। इलेक्ट्रॉनिक वारफेयर, क्वांटम तकनीक और ए आई-आधारित हथियार प्रणाली जैसे क्षेत्रों में भारत को अभी लंबा सफर तय करना है। यह भी सच है कि जम्मू-कश्मीर, मणिपुर और पूर्वोत्तर राज्यों में जारी उग्रवाद और आतंकी गतिविधियाँ रक्षा संसाधनों पर अतिरिक्त दबाव डालती हैं। एकीकृत थिएटर कमांड जैसी अवधारणाओं पर अमल में देरी, तीनों सेनाओं के समन्वय की समस्या को उजागर करती है। गर हम भविष्य पर गौर करें तो हमें जरूरत है रणनीति और सुधार की। भारत को एक प्रभावी और आत्मनिर्भर रक्षा व्यवस्था के लिए निम्नलिखित क्षेत्रों में ध्यान केंद्रित करना होगाः ए आई, क्वांटम कंप्यूटिंग, स्वायत्त हथियार प्रणाली और साइबर वॉरफेयर में निवेश बढ़ाना। डिजिटल रक्षा खरीद प्रक्रिया को अपनाकर पारदर्शिता और दक्षता बढ़ाना। विशेषीकृत प्रशिक्षण संस्थान और स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम शुरू करना। अफ्रीका, दक्षिण-पूर्व एशिया, लैटिन अमेरिका जैसे क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारियाँ बनाना। अंत में कह सकते हैं कि भारत की उभरती रक्षा स्थिति महत्त्वपूर्ण उपलब्धियों और दबावपूर्ण चुनौतियों दोनों को दशार्ती है। आतंकवाद जैसे बाहरी खतरों की तात्कालिकता और समन्वय एवं प्रौद्योगिकी में आंतरिक अंतराल साहसिक सुधारों की मांग करते हैं। त्वरित स्वदेशीकरण, सुव्यवस्थित खरीद प्रक्रिया और एकीकृत रणनीतिक योजना अब अनिवार्य हैं। भविष्य के लिये तैयार सेना को नवाचार, आत्मनिर्भरता और वैश्विक साझेदारी पर आधारित होना चाहिये।

# 'सवाल का सौदा' जन से विश्वासघात

मई के पहले रविवार की सुबह बांसवाड़ा जिले के बागीदौरा के आदिवासी विधायक जयकृष्ण पटेल ने जब बिस्तर छोड़ा होगा तो उन्होंने कल्पना भी नहीं की होगी कि आज वो देश में एक नया इतिहास रचने जा रहे हैं। इतिहास उन्होंने रचा लेकिन शर्मनाक। पटेल सुबह-सवेरे बीस लाख रुपये की घूस लेते गिरफ्तार कर लिए गए। पूरे देश मे यह अब तक का पहला मामला है जिसमें कोई विधायक घूस लेते रंगे हाथों गिरफ्तार हुआ हो। पटेल पर आरोप है कि उन्होंने करौली जिले के टोडाभीम क्षेत्र में स्थित एक सोप स्टोन खान के विषय में पूछने के लिए विधानसभा में तीन सवाल लगाए थे। गौरतलब बात यह है कि यह खनन क्षेत्र उनके विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं आता, बल्कि वहां से 600 किलोमीटर दूर है। उनके सवाल विधानसभा में टेबल नहीं हुए और इस घबराए खान मालिक रवींद्र मीणा ने विधायक से मिलकर सवाल वापस लेने की गुहार लगाई।

आरोप है कि सवाल वापस लेने के बदले में विधायक पटेल ने दस करोड़ रुपये मांगे, बाद में बात ढाई करोड़ पर तय हुई। रविवार को पटेल अपने सरकारी फ्लैट वाली इमारत के बेसमेंट में कार में बैठकर घूस की पहली किस्त के बीस लाख रुपये के नोट गिन रहे थे कि पहले से तैयार बैठे एसीबी के अधिकारी वहां पहुंच गए और उनको पकड़ लिया। धुलवाने पर उनके हाथ सचमुच रंग गए। हकबकाए से पटेल को अहसास नहीं था कि खान मालिक मीणा ने इस बात की जानकारी भ्रष्टाचार निरोधक विभाग (एसीबी) को दे दी थी और वो पिछले एक महीने से एसीबी के रडार पर थे और उनकी हर गतिविधि, हर बात रिकॉर्ड हो रही थी।

देश के संसदीय-विधायी इतिहास में यह तीसरा मामला है जब कोई जनप्रतिनिधि सदन में सवाल के संदर्भ में पकड़ में आया हो। इससे पहले 2005 में बहुचर्चित 'क्वेरी फॉर कैश' (सवाल के बदले पैसा) प्रकरण में 11 सांसद चर्चा में आए थे। इन सांसदों में 10 लोकसभा के और एक राज्यसभा के थे। ये सभी विभिन्न राजनीतिक दलों से थे। दूसरा मामला वर्ष 2024 में तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य महुआ मोइत्रा का था। इन सभी सांसदों पर सवाल पूछने के बदले पैसा(क्वेरी फॉर कैश) लेने का मामला था, जबकि विधायक पटेल के खिलाफ मामला 'सवाल वापस लेने के लिए' पैसा लेने का है।

डॉ. भीमराव आंबेडकर और अन्य संविधान सदस्यों ने संविधान बनाते समय यह बिलकुल नहीं सोचा होगा कि वे संविधान में जन को सर्वोपरि रखते हुए देश की सबसे बड़ी पंचायत में उसके प्रतिनिधि का जो प्रावधान कर रहे हैं, वे प्रतिनिधि अपने जन के विश्वास पर ऐसा आघात भी कर सकते हैं। ये तो वो मामले हैं जो देश के संज्ञान में आ गए हैं। बहुत संभव है कि इनसे भी ज्यादा ऐसे मामले हों जो 'चुपचाप' सुलटा लिए गए हों और प्रतिनिधियों के जन को उनकी कानों-कान खबर न हुई हो। यहां महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि हर समय भ्ष्टार्चार की शिकायत करने वाली देश की जनता क्या सचमुच भ्ष्टार्चार से लड़ना, उसे मिटाना चाहती भी है ? पहले दो मामलों के



हरीश शिवनानी (हि.स.)

इतिहास या उसके हश्र को देखते हुए सवाल उठते हैं कि देश में पहली बार घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार हुए इस जनप्रतिनिधि के मामले का भी क्या यही हश्र होगा? इस बार भी जिस जन ने अपने प्रतिनिधि को चुन कर भेजा, वो फिर अपने विश्वास और आघात झेलने को अभिशप्त रहेगा?

महुआ मोइत्रा का ही मामला लीजिए। मोइत्रा पर संसद में सवाल पूछने के लिए रियल स्टेट कारोबारी दर्शन हीरानंदानी से घूस लेने का आरोप लगाया गया था। छानबीन के बाद सवाल के बदले पैसा-उपहार लेने के प्रकरण में सीबीआई ने 21 मार्च 2024 को उनके खिलाफ मामला दर्ज किया। मामले की जांच-पड़ताल कर लोकपाल ने साफ कहा कि पूरी जानकारी का सावधानी से मूल्यांकन करने के बाद कोई संदेह नहीं रह जाता है कि महुआ मोइत्रा के खिलाफ लगाए गए आरोप, जिनमें से अधिकांश में ठोस सबूत हैं, उनके पद को देखते हुए बेहद गंभीर प्रकृति के हैं। इस वजह से गहन जांच जरूरी है।

पूरे मामले की जांच-पड़ताल के बाद मामला संसद की आचार समिति तक पहुंचा और समिति की सिफारिश पर 8 दिसम्बर 23 को महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित कर दिया गया। अपने कृत्य पर शर्मिंदा होने की बजाए निष्कासन के बाद महुआ ने सरकार को चुनौती-सी देते हुए कहा था, '' मैं 49 साल की हूं और मैं अगले 30 साल तक संसद के अंदर और बाहर सरकार के खिलाफ लड़ूंगी। महुआ ने छह महीने से भी कम समय मे यह बात साबित कर दी और 05 जून 24 को वो डंके की चोट पर फिर लोकसभा पहुंच गई, वह भी पहले से ज्यादा वोट लेकर। इसे क्या माना जाए? भ्ष्टार्चार कौन मिटाना चाहता है? जिस क्षेत्र की जन के प्रतिनिधि को देश की संसद ने भ्ष्टार्चार का आरोप लगाकर निकाला, उसी क्षेत्र के जन ने फिर से, पहले से ज्यादा वोट देकर वापस उसी संसद में भेज दिया।

इसी तरह 2005 के एक मीडिया कम्पनी के स्टिंग ऑपरेशन में कैश फॉर क्वेरी मामले में शामिल 11 सांसदों में से किसी को भी वीडियो प्रूफ होने के बावजूद जेल भेजना तो दूर, जुमार्ने तक की सजा नहीं हुई। इन सांसदों को दिसंबर 2005 में संसद से निष्कासित किया गया था, जो उनकी प्राथमिक सजा थी। 2017 में दिल्ली न्यायालय की विशेष न्यायाधीश किरण बंसल ने इनके खिलाफ भ्रष्टाचार और आपराधिक साजिश के आरोप तय किए। मुकदमा 12 जनवरी 2018 से शुरू हुआ। हालांकि, 2025 तक यह सबको पता है कि इनमें से भी जनप्रतिनिधि को न तो जेल हुई न कोई जुमार्ना लगा, न उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने से रोका गया।

ऐसे में किस 'जनप्रतिनिधि' को सदन में 'सवाल पूछने' या 'सवाल वापस लेने' जैसा 'सौदा' करने से पहले किसी बात का भय होगा? जेल जाने या भविष्य में चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित होने का डर ? वक्त की सख्त जरूरत है कि देश में अब जनप्रतिनिधियों के 'अनैतिक आचरण' को पुनर्परिभाषित किया जाए जिसमें 'सवाल पूछने या वापस लेने' के मूल में अंतर्निहित उद्देश्यों का स्पष्ट कारण पूछा जाए और यदि कोई 'अनैतिकता' या 'अनियमितता' (सरल शब्दों में कोई सौदा, लेन-देन या 'डील') पाई जाती है तो तो जेल भेजने से लेकर भविष्य में लड़ने से प्रतिबंधित करने का प्रावधान भी होना चाहिए, तब हर सवाल का जवाब मिल जाएगा।

तब तक बहुत संभव है, राजस्थान की नई नवेली पार्टी 'भारत आदिवासी पार्टी (भाआप, अंग्रेजी में बाप) के इस विधायक को भी ऐसी ही 'पर्याप्त सजा' मिल जाए और जनजातीय क्षेत्र से आने वाले जयकृष्ण पटेल 'आदिवासी अस्मिता' के कार्ड पर महुआ मोइत्रा की तरह छह महीने बाद पहले से ज्यादा 'जन' के समर्थन से 'प्रतिनिधि' बनकर लौट आए 'जंगल-जल-जमीन' की लड़ाई के लिए! कुछ भी हो सकता है। आर्थर लेवेलिन बाशम ने भारत के बारे में यूं ही तो नहीं कहा था- 'द वंडर, दैट वाज इंडिया!'

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

# भारत का आतंक पर कभी न भूलने वाला प्रहार



योगेश कुमार गोयल (हि.स.)

भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' से यह साबित कर दिया है कि वह अब केवल प्रतिक्रिया देने वाला देश नहीं बल्कि आतंक के सभी प्रारूपों और स्रोतों पर निर्णायक और सर्जिकल प्रहार करने वाला राष्ट्र बन चुका है। कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद जिस तरह भारत ने सीमा पार स्थित आतंकी ठिकानों पर निशाना साधते हुए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया, उसने न केवल पाकिस्तान को उसकी औकात दिखाई बल्कि भारत की नई सैन्य नीति को भी स्पष्ट कर दिया कि अब हम चुप नहीं बैठेंगे बल्कि आतंक के जन्मस्थल तक जाएंगे और वहां आग लगाएंगे। यह ऑपरेशन केवल एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी, यह उस बदले हुए भारत की घोषणा थी, जो अब बातों से नहीं, बमों से जवाब देता है, जो कूटनीति की किताब बंद करके अब अपने लड़ाकू विमानों और मिसाइलों की बोली में संवाद करता है। भारतीय वायुसेना ने जब पाकिस्तानी कब्जे वाले कश्मीर में आतंकियों के अड्डों पर सर्जिकल स्ट्राइक की तो यह महज जवाबी हमला नहीं था, यह स्पष्ट संदेश था कि भारत अब किसी आतंकी की मांद को भी सुरक्षित नहीं छोड़ेगा, चाहे वह सरहद के इस पार हो या उस पार।

ऑपरेशन सिंदूर का उद्देश्य स्पष्ट था, उन स्थानों को ध्वस्त करना, जहां से भारत में आतंक का बीज बोया जाता है। पहलगाम हमला, जिसमें हमारे निर्दोष पर्यटकों को निशाना बनाया गया, उसकी साजिश कहीं और नहीं, पाकिस्तान की फौज, आईएसआई और लश्कर-ए-तैयबा जैसों की सांठगांठ से ही तैयार की गई थी। भारत ने न केवल इस साजिश को समझा बल्कि उसे जड़ से उखाड़ने की भी ठान ली है। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने जिस साहस, रणनीति और सटीकता का परिचय दिया, वह दुनिया के किसी भी शीर्ष सैन्य बल को चुनौती देने के लिए पर्याप्त है। पाकिस्तान हमेशा से ही दोहरी भूमिका निभाता रहा है, एक ओर वह अंतरराष्ट्रीय मंचों पर शांति और वार्ता की बात करता है तो दूसरी ओर अपने क्षेत्र को आतंकियों के प्रशिक्षण केंद्र के रूप में प्रयोग करता है। भारत ने अब उस नकाब को पूरी तरह नोच फेंका है। ऑपरेशन सिंदूर ने बता दिया कि भारत अब उन भाषणों या प्रस्तावों से संतुष्ट नहीं होगा, जो संयुक्त राष्ट्र में दिए जाते हैं बल्कि उन बंकरों को नेस्तनाबूद करेगा, जहां से ये षड्यंत्र जन्म लेते हैं।

भारत ने यह कार्रवाई अचानक नहीं की बल्कि पहले खुफिया एजेंसियों के माध्यम से आतंकियों की गतिविधियों की पूरी जानकारी जुटाई गई। सैटेलाइट इमेजिंग, मानव खुफिया नेटवर्क और तकनीकी निगरानी के जरिये भारत को यह स्पष्ट हो गया था कि पीओके में कुछ स्थान आतंकियों के लांच पैड के रूप में कार्य कर रहे हैं। यह भी सामने आया कि हालिया पहलगाम हमले की योजना भी यहीं से बनाई गई थी। भारत की यह नीति अब 'हिट ऐंड होल्ड' की है कि हमला करो, कब्जा करो और दबाव बनाए रखो। इस ऑपरेशन में सबसे प्रभावशाली बात यह रही कि भारतीय लड़ाकू विमानों ने रात के अंधेरे में बेहद सटीकता से अपने लक्ष्य साधे और सीमित समय में वहां से निकल आए। यह 'नो वॉर्निंग, नो वॉर' रणनीति का आदर्श उदाहरण था। पाकिस्तान के वायु रक्षा तंत्र को भनक तक नहीं लगी और जब तक वहां के सैन्य प्रतिष्ठान कुछ समझ पाते, तब तक भारत अपना काम करके वापस लौट चुका था।

इस ऑपरेशन में केवल आतंकी ठिकानों को ही नहीं, उन ठिकानों को भी निशाना बनाया गया, जहां से उन्हें रसद, हथियार और प्रशिक्षण दिया जाता था। यह केवल आतंकियों के खिलाफ नहीं बल्कि आतंक को संरक्षण देने वाली पूरी पाकिस्तानी सैन्य और खुफिया संरचना के खिलाफ कार्रवाई थी। यही कारण है कि पाकिस्तान के राजनीतिक और सैन्य गलियारों में इस ऑपरेशन के बाद सन्नाटा छा गया। अमेरिका, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया, जापान और अन्य लोकतांत्रिक देश भारत के साथ खड़े हैं। आतंक के प्रति उनकी नीति अब स्पष्ट है कि जो आतंक को शरण देगा, वह खुद सुरक्षित नहीं रहेगा। इसीलिए, भारत द्वारा किए गए इस ऑपरेशन को विश्वभर में नैतिक समर्थन और वैधता प्राप्त हुई है।

यह भी ध्यान देने योग्य है कि ऑपरेशन सिंदूर का सैन्य पक्ष जितना शक्तिशाली था, उतनी ही मजबूत उसकी कूटनीतिक तैयारी भी थी। भारत ने पहले ही अंतरराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान के आतंक समर्थक चेहरे को उजागर कर दिया था। एफएटीएफ जैसे मंचों पर पाकिस्तान की असफलताएं जगजाहिर हैं। ऐसे में भारत का यह सैन्य कदम उस लंबे कूटनीतिक संघर्ष का परिणामी वार था, जिसे वर्षों से संजोया जा रहा था। ऑपरेशन सिंदूर ने यह भी दिखा दिया कि भारत अब केवल एलओसी तक सीमित नहीं है। यदि आवश्यक हुआ तो भारत नियंत्रण रेखा पार करके भी अपने हितों की रक्षा कर सकता है। यह नीति पाकिस्तान के लिए स्पष्ट चेतावनी है कि यदि उसने अब भी अपने घर में पल रहे आतंकी सांपों को दूध पिलाना बंद नहीं किया तो अगली बार भारत उनके बिलों तक पहुंचेगा और उन्हें वहीं खत्म करेगा। यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की सैन्य क्षमता अब केवल परंपरागत युद्धों तक सीमित नहीं है। ऑपरेशन सिंदूर में जिन हथियारों और तकनीकों का उपयोग किया गया, उनमें राफेल जैसे अत्याधुनिक लड़ाकू विमान, ड्रोन निगरानी, रियल टाइम सैटेलाइट डेटा और बंकर भेदी बम शामिल थे। यह सब कुछ दशार्ता है कि भारत अब एक आधुनिक, आक्रामक और निर्णायक सैन्य शक्ति बन चुका है।

पाकिस्तान की अब तक की रणनीति यही रही है कि वह भारत के धैर्य की परीक्षा लेता रहे और भारत केवल विरोध या चेतावनी तक सीमित रहे लेकिन अब वह दौर समाप्त हो गया है। भारत ने बता दिया है कि वह न केवल जवाब देगा बल्कि ऐसा जवाब देगा, जो 'आतंकिस्तान' को अगली साजिश रचने से पहले सौ बार सोचने पर विवश करेगा। ऑपरेशन सिंदूर अब एक ऐसा उदाहरण बन गया है, जो यह बताता है कि आतंक से अब डायलॉग से नहीं, डायनामाइट से निपटना है। भारत ने यह प्रमाणित कर दिया है कि वह किसी भी कीमत पर अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगा, चाहे उसके लिए कितनी भी बड़ी कार्रवाई क्यों न करनी पड़े। आज भारत के पास रक्षात्मक ही नहीं, आक्रामक कूटनीति भी है। अब हम इंतजार नहीं करते कि दुश्मन कब वार करे बल्कि अब हम तय करते हैं कि कब, कहां और कैसे प्रहार करना है। यह बदलाव केवल सरकार की नीति में ही नहीं, देश की चेतना में भी है और यही चेतना ऑपरेशन सिंदूर की असली ताकत है। अब पाकिस्तान को भली-भांति समझ लेना चाहिए कि ऑपरेशन सिंदूर तो केवल शुरुआत है। अब हर आतंकी ठिकाने के लिए भारत के पास ऐसा जवाब है, जो न केवल आतंकियों के ठिकानों बल्कि समूचे पाकिस्तान का नाम ही विश्व के मानचित्र से गायब कर सकता है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

## आज का राशिफल



**मेषः** आज आपके स्वास्थ्य में सकारात्मक सुधार देखने को मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में इजाफा होगा और अधूरे कामों के पूरे होने की संभावना है। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। घर के रुके कार्यों को प्राथमिकता दें। विद्यार्थियों को नई सीख और अनुभव मिल सकते हैं।



**वृषभः** मित्रों से वैचारिक मतभेद सामने आ सकते हैं, धैर्य से काम लें। प्रेम संबंधों में सकारात्मक संकेत मिल सकते हैं। पूर्व में दिया गया उधार वापस मिलने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में आपका दबदबा बना रहेगा, लेकिन अत्यधिक विश्वास नुकसानदेह हो सकता है।



**मिथुनः** राजनीति या विवादित विषयों से दूरी बनाए रखें। जीवनसाथी का सहयोग आत्मबल देगा। कार्य में छोटी चूक से नुकसान हो सकता है, इसलिए सावधानी आवश्यक है। विद्यार्थी करियर और पढ़ाई के बीच संतुलन बनाने में जुटे रहेंगे।



**कर्कः** पारिवारिक रिश्तों में मिठास बढ़ेगी। तात्कालिक प्रतिक्रिया से बचें, वरना रिश्तों में खटास आ सकती है। वरिष्ठजनों के स्वास्थ्य का ध्यान रखें और दिनचर्या में संयम बनाए रखें। आज के दिन आपकी कार्यशैली सराहनीय रहेगी।



**सिंहः** आज आर्थिक मामलों में दिन शुभ रहेगा। कार्यस्थल पर अनुकूल वातावरण मिलेगा। बच्चों के साथ समय बिताकर मानसिक सुकून मिलेगा। अस्थिरता के कारण निर्णय टालना बेहतर होगा। शाम को अच्छी खबरें मन को प्रसन्न करेंगी।




**कन्याः** आपका आत्मविश्वास चरम पर रहेगा और इसका सकारात्मक असर कार्यों में दिखेगा। आज के दिन व्यवसाय में आपका बेहतरीन प्रदर्शन रहेगा। पुराने मामलों में विजय मिलने के योग हैं। प्रॉपर्टी से जुड़ा लाभ संभव है।



**तुलाः** आज किसी भी नए कार्य की शुरूआत टालें। खानपान की गुणवत्ता का ध्यान रखें। आज आपको कुछ नकारात्मक समाचार मिल सकते हैं। कामकाजी मामलों में यात्रा संभव है। आप बौद्धिक गतिविधियों में रूचि लेंगे।




**वृश्चिकः** आपकी कार्यक्षमता में सुधार होगा। व्यापार में बड़ा लाभ मिल सकता है, लेकिन सफलता के घमंड में बहकर गलत रास्ता न चुनें। बच्चों के कार्यों में सहयोग मिलेगा। उच्च शिक्षा की दिशा में रुकावटें दूर होंगी। प्रेम संबंधों में प्रगति के संकेत हैं।




**धनुः** परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। अस्वस्थ लोग सुधार महसूस करेंगे। कार्यक्षेत्र में आप अपने लक्ष्यों को समय पर हासिल करेंगे। आज सहकर्मियों से आपके मतभेद खत्म होंगे। पदोन्नति की राह में आ रही रुकावटें दूर होंगी।



**मकरः** जीवनसाथी के प्रति भावनात्मक लगाव बढ़ेगा। पैतृक संपत्ति मिलने की संभावना है। आज के दिन महत्वपूर्ण कार्यों में सावधानी बरतें। व्यवसाय में अचानक बड़े ऑर्डर मिल सकते हैं, जिनसे दबाव बढ़ सकता है।



**कुंभः** व्यापार में अच्छा मुनाफा हो सकता है। विलासिता की वस्तुओं पर खर्च संभव है। आपकी सलाह से अन्य लोग लाभान्वित हो सकते हैं। वैवाहिक जीवन में मधुरता बनी रहेगी। नौकरी ढूंढ रहे लोगों को सफलता मिलने की संभावना है।



**मीनः** आज मेहनत का फल मिलने में थोड़ी देरी हो सकती है। बैंकिंग मामलों में सावधानी जरूरी है। बच्चों के साथ समय बिताना सुकून देगा। प्रेम संबंधों में मनमुटाव संभव है। स्वास्थ्य को लेकर सतर्क रहें। आपकी वाणी आकर्षक बनी रहेगी।

# हिन्दू धर्म में 'सिंदूर' शक्ति का प्रतीक; फिर जहां शक्ति- हे राघव, वहीं विजय!

भारत का 'ऑपरेशन सिंदूर' पाकिस्तान पर पूरा हो चुका है। परिणाम दुनिया के सामने हैं। इसी के साथ कवि निराला की लिखी कविता 'राम की शक्ति पूजा' के एक-एक शब्द कानों में गूंज रहे हैं। वस्तुतः 312 पंक्तियों की ये कविता अपने युगीन-चेतना व आत्मसंघर्ष का मनोवैज्ञानिक धरातल पर बड़ा ही प्रभावशाली चित्र प्रस्तुत करती है, लेकिन यह साथ में बता देती है कि जहां शक्ति है, वहीं विजय सदियों से रहती आई है। श्रीराम को भी विजय के लिए शक्ति की आराधना करनी पड़ी। वे रावण जैसे लम्पट, अधर्मी और अनंत शक्ति सम्पन्न राक्षसराज पर विजय पाने में तब तक समर्थ नहीं होते जब तक कि श्रीराम 'शक्ति' की आराधना नहीं करते हैं।

'राम की शक्ति पूजा' की अंतिम पंक्तियों पर गहराई से विचार करिए;

'साधु, साधु, साधक धीर, धर्म-धन धन्य राम !'
कह, लिया भगवती ने राघव का हस्त थाम।
देखा राम ने, सामने श्री दुर्गा, भास्वर वामपद असुर स्कन्ध पर, रहा दक्षिण हरि पर।
ज्योतिर्मय रूप, हस्त दश विविध अस्त्र सज्जित,
मन्द स्मित मुख, लख हुई विश्व की श्री लज्जित।
हैं दक्षिण में लक्ष्मी, सरस्वती वाम भाग,
दक्षिण गणेश, कार्तिक बायें रणरंग राग,
मस्तक पर शंकर! पदपद्मों पर श्रद्धाभर
श्री राघव हुए प्रणत मन्द स्वरवन्दन कर।

कवि सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' इस कविता में कहते हैं, जैसे ही श्रीराम अपने कमल के समान (राजीव नयन) नेत्रों में दायीं आंख निकाल कर 'भगवती शक्ति' को समर्पित करने के लिए आगे हाथ बढ़ाते हैं, तभी विद्युत वेग से तत्क्षण देवी का वहां पर अभ्युदय हुआ क उन्होंने तुरंत राम का हस्त थाम लिया क सामने माँ दुर्गा अपने पूरे स्वरूप एवं श्रृंगार में भास्वर थी कउन्होंने राम को आशीर्वाद दिया

'होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन।'
कह महाशक्ति राम के वदन में हुई लीन।

यहाँ पर 'निराला' की शब्द रचना और उसके मनोविज्ञान के व्यापक अर्थ हैं, पर सरल व्यंजना जो आज समझ आती है वह यही है कि देवी 'शक्ति स्वरूपा' ने रावण को भी उसकी तपस्या के फलस्वरूप एक स्थान दिया था, पर यहाँ तो वह स्वयं ही 'राम' के हृदयांक में समाहित हो जाती हैंक इसके साथ ही जिन देवताओं का वर्णन कवि 'निराला' इस कविता में कर रहे हैं, उनमें लक्ष्मी, सरस्वती, गणेश, कार्तिक और स्वयं महाकाल जो कालों के भी काल हैं वे भगवान शंकर का स्मरण है। कविता की अंतिम पंक्तियों में वे कहते हैं कि 'शक्ति' जब प्रसन्न होती है और किसी के पास आती है, तो वह अकेली नहीं आती, उनके साथ यह देवतागण भी साथ रहते हैं। फिर हिन्दू धर्म में हर देवता की अपनी विशेषता है। यथा; 'लक्ष्मी'- धन की देवी, 'सरस्वती'- ज्ञान की देवी, 'गणेश'- बुद्धि के दाता, 'कार्तिकेय'- निर्भीकता, प्रखरता, त्याग के देव और स्वयं भगवान 'शिव'- जो संपूर्ण ब्रह्माण के सार्मथ्य को अपने में धारण करनेवाले देव हैं। वे आदि हैं, अनादि हैं, अनन्त हैं, प्रलय भी हैं और सृष्टी भी हैं। तात्पर्य शर्व शक्तिमान वे हैं। यानी यहां 'शक्ति' होगी, वहां यह सभी देवगण भी होंगी ही।

निराला अपनी इस कविता में एक पंक्ति ओर लिखते हैं-

'आया न समझ में यह दैवी विधान।
रावण, अधर्मरत भी, अपना, मैं हुआ अपर,
यह रहा, शक्ति का खेल समर, शंकर, शंकर!
करता मैं योजित बार-बार शर-निकर निशित,
हो सकती जिनसे यह संसृति सम्पूर्ण विजित,
जो तेजः पुंज, सृष्टि की रक्षा का विचार,
हैं जिसमें निहित पतन घातक संस्कृति अपार।



डॉ. मयंक चतुर्वेदी (हि.स.)

यानी राम यहां रावण और स्वयं में तुलना कर रहे हैं, दोनों के कार्यो के अंतर को समझा रहे हैं, वे यहां प्रश्न भी यह कह कर खड़ा करते हैं कि 'अन्याय जिधर, हैं उधर शक्ति।'? यह बात उन्हें समझ नहीं आ रही है कि जहां अन्याय और अत्याचार है वहां 'शक्ति' कैसे साथ में खड़ी हो सकती है! लेकिन यही तो सदियों से चला आ रहा सुर-असुरों का युद्ध है। 'शक्ति' दोनों ओर खड़ी है निरपेक्ष भाव से जो जितनी अधिक आराधना 'शक्ति' की करेगा, यह 'शक्ति' सदियों से उसी के पास रहती आई है, क्योंकि 'शक्ति' कभी अच्छा और बुरे में भेद नहीं करती। 'शक्ति' के लिए सभी समान हैं, इसलिए जो 'शक्ति' पहले रावण के साथ रहती है, प्रयत्न पूर्वक जब श्रीराम उसकी आराधना और अधिक उच्च स्तर पर करते हैं, यहां तक कि अपने 'राजीव नयनों' को भी उन्हें अर्पित कर देने के लिए उठ खड़े होते हैं, तब फिर यह 'शक्ति' रावण का साथ छोड़ राम के साथ खड़ी हुई दिखाई देती है और तब यही निष्कर्ष निकलता है;

'होगी जय, होगी जय, हे पुरुषोत्तम नवीन।'

'राम की शक्तिपूजा' में राम सत के प्रतीक हैं तो रावण असत का सूचक। राम और रावण का युद्ध असत के विरुद्ध सत का संघर्ष है। रावण ने सीता (अच्छाइयों) का हरण किया है। राम उसकी मुक्ति के लिए लड़ रहे हैं, वास्तव में सीता की मुक्ति का प्रयास सत की पुर्नस्थापना का कार्य है। राम के साथ जाम्बवान, सुग्रीव, हनुमान, अंगद आदि हैं। ये सभी सत की शक्तियों के द्योतक हैं। असत पक्ष का परित्याग कर राम के सत पक्ष का साथ निभाने आया, विभीषण इस संघर्ष को बल प्रदान करने आया है। कभी-कभी ऐसा होता है कि सत पक्ष का सहयोग असत पक्ष को मिल जाता है। महाशक्ति का आरम्भ में रावण के पक्ष में खड़ा होना इसका उदाहरण है। राम इससे ही सर्वाधिक आहत भी हैं। किन्तु ऐसा सदा नहीं रहता है। आज के समाज में कुछ दुष्ट व्यक्तियों को भले ही 'सज्जन शक्ति' का सहयोग मिल जाता हो, परन्तु वह अंत समय तक नहीं रहता है। सत और असत के इस संघर्ष में अन्त में विजय सत पक्ष की ही होती है।

आज भारत से अलग हुआ पाकिस्तान भी इसी रूप में है, जिसके पास छल है, कपट है, हिंसा है, वैचारिक हथियार के रूप में 'जिहाद' जैसी वैचारिकता है, जिसमें गैर मुसलमान के लिए कोई जगह नहीं। जैसे कभी रावण के साथ भी कुछ शक्तिशाली देश खड़े थे, वैसे ही आज इस पाकिस्तान के समर्थन में चीन, तुर्किये जैसे देश खड़े हैं। पर भारत ने 'राम की शक्ति पूजा' के अर्थ में राम बनकर अपने संपूर्ण सार्मथ्य को समर्पण के रूप में दाव पर लगा दिया है। रावण के पास शक्ति सिर्फ एक छोटे से भाग के रूप में आई थी, जहां तो भारत में जैसे पूरी शक्ति ही 'राम की शक्ति पूजा' की तरह राम के शरीर में आज जैसे समाहित हो गई है।

यही कारण है कि इजराइल, रूस, जापान से लेकर अनेक देश खुलकर भारत के समर्थन में खड़े हैं, तो अनेक ऐसे भी हैं जो कुछ तटस्थ हैं, कुछ वे भी हैं, जो खुलकर कुछ भी बोलना नहीं चाहते। जीत यहां भारत रूपी 'राम' की होनी है, क्योंकि (शक्ति) को जो सबसे प्रिय है, वह सिंदूर आज भारत के पास है, सदियों से यही सिंदूर अपने पौरुष की रक्षा करता आया है। शक्ति के लिए आज यही सिंदूर 'राजीव लोचन' (भगवान श्रीराम की आंख) हो गया है। इस सिंदूर में त्याग है, समर्पण है, सौन्दर्य है और इससे भी बढ़कर वह उदीप्तमान आभा है जिसके प्रकाश से आच्छादित एक सुहागिन 'मां शक्ति' की आराधना अपने जीवन मे नित्यप्रति कर रही है। इसी 'शक्ति' को दुष्ट पाकिस्तान रूपी रावण ने आज ललकारा है। अब 'शक्ति 'कैसे छोड़ दे उसे? अब पाकिस्तान का सर्वनाश तो होना ही है।

साथ ही रावण का जैसा स्वभाव है, जिसे वो अपना कहता है, उसे ही सबसे पहले मारता और मरवाता है, फिर भी जो जाने-अनजाने रावण (पाकिस्तान) को अपना मान रहे हैं, उन्हें यह तथ्य जरूर समझ लेना चाहिए कि वो 'मुहाजिर' के नाम पर लोगों को मार रहा है। 'दुनिया में जितने मुसलमान पाकिस्तान ने मारे, उतने किसी ने नहीं, पाकिस्तानी फौज ने एक रात में फिलीस्तीन जाकर 10 हजार मुसलमानों को मार दिया था। 02 लाख बलूचिस्तान में ये मुसलमान मार चुके। बांग्लादेश में 30 लाख मुस्लिम लोगों को मार चुके और अफगानिस्तान में 04 लाख मुसलमानों को पाकिस्तान अब तक मार चुका है।' (,बलूचिस्तान की निर्वासित प्रधानमंत्री नायल कादरी)। यदि फिर भी किसी को कुछ समझ नहीं आ रहा तो कुछ किया नहीं जा सकता है! उनकी नियती भी उधर से न सही इधर से सही 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे प्रयोगों के तहत प्रतिबंधित जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिज्बुल मुजाहिदीन एवं अन्य भारत विरोधियों के आतंकी ठिकानों से जुड़कर अपनी मौत को आमंत्रण देना, बना रहेगा। उन्हें इसी तरह भारत द्वारा उड़ाया जाता रहेगा। यहां सनातन हिन्दू स्त्री के सुहाग का प्रतीक 'सिंदूर' बार-बार धूल के रूप में आसुरी प्रवृत्तियों के शरीर पर चारों ओर ऐसे ही जैसा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद का दृष्य दिखाई दे रहा था, ठीक वैसे ही हवा में सर्वत्र उड़ता रहेगा।

**(लेखक राष्ट्रीय फिल्म सेंसर बोर्ड एडवाइजरी कमेटी के सदस्य एवं पत्रकार हैं)**

# भारत-पाक सीमा पर पंजाब सरकार लगाएगी एंटी ड्रोन सिस्टम

## मंत्रिमंडल की बैठक में सरकार ने कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को दी मंजूरी

एजेंसी (हि.स.)
चंडीगढ़




- बार्डर एरिया में जमा खोरी रोकने के लिए छह जिलों में तैनात होंगे मंत्री
- युद्ध के घायलों व आतंकी के हमलों में घायलों का होगा मुफ्त इलाज

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। पंजाब सरकार ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर एंटी ड्रोन सिस्टम लगाने और पंजाब की 13 जेलों में फाइव जी जैमर लगाने की मंजूर दी है। साथ ही युद्ध जैसे हालातों में जमाखोरी से निपटने के लिए सरकार ने छह जिलों में 12 मंत्रियों को नियुक्त करने का फैसला लिया है। शुक्रवार को कैबिनेट बैठक के बाद मुख्यमंत्री भगवंत मान ने पत्रकारों को बताया कि पठानकोट से लेकर अबोहर तक कुल 532 किलोमीटर का एरिया पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है। यहां आएदिन ड्रोन के माध्यम से हथियार व नशा भेजा जा रहा है। इससे छुटकारा पाने के लिए पंजाब की सीमा में एंटी ड्रोन सिस्टम को विकसित किया जाएगा। आज की बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि इस योजना को बीएसएफ के साथ मिलकर लागू किया जाएगा, क्योंकि बीएसएफ ने कुछ क्षेत्र में एंटी ड्रोन सिस्टम विकसित कर लिया है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि पंजाब सरकार ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने तथा उनका मुफ्त इलाज करने के लिए शुरू की गई फरिश्ते योजना का विस्तार कर दिया है। अब युद्ध में घायल तथा आतंकियों एव अन्य असमाजिक तत्वों की गोली लगने से घायलों का भी इस योजना के तहत मुफ्त उपचार किया जाएगा। भारत-पाक तनाव को देखते हुए इस योजना को तुरंत प्रभाव से लागू कर दिया गया है। क्योंकि पाकिस्तान के निशाने पर पंजाब के सीमावर्ती जिले हैं।

उन्होंने बताया कि लड़ाई के दौरान किसी तरह की जमाखोरी न हो इसके लिए सरकार ने फैसला किया है कि हालात सामान्य होने तक सीमावर्ती छह जिलों में 12 मंत्रियों को तैनात किया जाएगा। यह सभी मंत्री रोजाना विभिन्न क्षेत्रों में जाकर राशन की दुकानों व अन्य दैनिक उपभोग वाली दुकानों की जांच करेंगे ताकि कहीं कोई जमाखोरी न करे। मंत्रियों द्वारा जांच का काम भी शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि आज की बैठक में पंजाब की 13 जेलों में फाइव जी जैमर लगाए जाने को भी मंजूरी दी गई है। जिसके तहत गोविंदवाल, पटियाला, बठिंडा, अमृतसर, संगरूर, फरीदकोट तथा मुक्तसर साहिब आदि जेलों में जैमर लगाए जाएंगे। मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए फैसले के साथ ही अधिकारियों को इस मामले में कार्रवाई के निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

# तरनतारन से 5 किलो हेरोइन, सात पिस्तौलों और 7.2 लाख रुपये की ड्रग मनी समेत दो गिरफ्तार

एजेंसी (हि.स.)
चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के दिशा-निर्देशों के तहत चल रही नशा विरोधी मुहिम 'युद्ध नशों विरुद्ध' के दौरान बड़ी सफलता हासिल करते हुए, तरनतारन पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय नारको-आतंकवाद तस्करी मॉड्यूल का पर्दाफाश करते हुए इसके दो कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। यह जानकारी आज यहां डायरेक्टर जनरल ऑफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने दी। गिरफ्तार किए गए मुलजिमों की पहचान लवप्रीत सिंह उर्फ लव और जगरूप सिंह के तौर पर हुई है, जो तरनतारन के गांव फतेह चक्क के रहने वाले हैं। पुलिस टीमों ने उनके कब्जे से 5 किलो हेरोइन, सात आधुनिक पिस्तौल-जिनमें चार .30 बोर ब्रेटा, दो पीएक्स 5 और एक .30 बोर स्टार मार्क शामिल है, के साथ 7.20 लाख रुपये की ड्रग मनी और करेंसी गिनने वाली मशीन बरामद की है। इसके अलावा पुलिस ने उनकी हैचबैक हुंडई आई20 कार को भी जब्त कर लिया है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि दोषी लवप्रीत सिंह उर्फ लव पाकिस्तान स्थित तस्करों और उसके विदेशी हैंडलरों के साथ सीधे संपर्क में था। उन्होंने बताया कि जांच से यह भी पता चला है कि नशीले पदार्थों की खेपें सीमा पार से ड्रोन की मदद से फेंकी जा रही थीं। डीजीपी ने कहा कि इस मामले में अगले-पिछले संबंधों का पता लगाने के लिए आगे की जांच जारी है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले दिनों में और गिरफ्तारियां और बरामदगियां होने की संभावना है। ऑपरेशन के विवरण साझा करते हुए सीनियर सुपरिटेंडेंट ऑफ पुलिस (एसएसपी) तरनतारन अभिमन्यु राणा ने कहा कि विश्वसनीय सूचनाओं पर तेजी से कार्रवाई करते हुए डीएसपी डिटेक्टिव गुरिंदरपाल सिंह नागरा की निगरानी में सीआईए स्टाफ की पुलिस टीम ने लक्षित ऑपरेशन चलाया और तरनतारन के मोल्सरी पैलेस के नजदीक से दोनों मुलजिमों लवप्रीत सिंह और जगरूप सिंह को गिरफ्तार कर लिया। एसएसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान मुलजिम लवप्रीत ने खुलासा किया कि तरनतारन के झबाल चौक के नजदीक ग्रीन एवेन्यू में उसने किराए पर घर लिया हुआ है, जिसे वह नशीले पदार्थों और हथियारों की खेपों को छुपाने के लिए एक सुरक्षित पनाहगाह के तौर पर इस्तेमाल कर रहा था। उन्होंने आगे कहा कि गिरफ्तार किए गए मुलजिमों से अब तक प्राप्त किए गए नशीले पदार्थों और हथियारों की कुल मात्रा का पता लगाने के लिए सप्लायरों, डीलरों, खरीदारों और हवाला हैंडलरों के पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने की कोशिशें की जा रही हैं।

# पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में नहीं हुआ कामकाज

एजेंसी (हि.स.)
चंडीगढ़

- भाखड़ा जल विवाद समेत कई अहम केसों की होनी थी सुनवाई

भारत-पाकिस्तान युद्ध के हालातों के चलते शुक्रवार को पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट में कामकाज नहीं हुआ। जिसके चलते आज यहां किसी तरह का अदालती कामकाज नहीं हुआ। हाई कोर्ट के समर्थन में हरियाणा के कई जिला अदालतों में भी आज सामान्य की भांति काम नहीं हुआ।

पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट बार एसोसिएशन ने शुक्रवार के लिए नो वर्क डे घोषित किया था। यह फैसला वर्तमान में सीमा क्षेत्रों में चल रहे तनाव और चंडीगढ़ में जारी ब्लैकआउट की स्थिति को देखते हुए लिया गया है। हाई कोर्ट में शुक्रवार को मुख्य न्यायाधीश की बैंच ने पंजाब व हरियाणा के बीच चल रहे भाखड़ा जल विवाद की सुनवाई की जानी थी।

बीबीएमबी की तरफ से गुरुवार की शाम पंजाब के खिलाफ अवमानना याचिका दायर की गई थी। इसके अलावा आज हाई कोर्ट कई अन्य महत्वपूर्ण केसों की सुनवाई होनी थी।

एसोसिएशन के सचिव ने गुरुवार देर रात को बताया गया कि बार के सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि हालात की संवेदनशीलता और अलगाववादी ताकतों से उत्पन्न संभावित खतरे को ध्यान में रखते हुए नो वर्क डे का निर्णय लिया गया है।

नोटिस में कहा गया है कि सभी बार सदस्यों की सुरक्षा और हितों को ध्यान में रखते हुए 9 मई को हाई कोर्ट में किसी भी प्रकार का कार्य नहीं होगा। इस निर्णय को एसोसिएशन ने सर्वसम्मति से लिया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके और कानून व्यवस्था की स्थिति को बनाये रखा जा सके।

# पंजाब और राजस्थान में तनाव के बीच कट रही हैं लोगों की रातें

एजेंसी (हि.स.)
चंडीगढ़/जैसलमेर

स्कूल बंद हैं, सड़कें और गलियां सूनी हैं, अधिकतर लोग अपने घरों के भीतर ही हैं और बीच-बीच में सायरन बज उठता है। भारत- पाकिस्तान तनाव के कारण देश के सीमावर्ती जिलों का अभी यही हाल है। शुक्रवार की सुबह यहां के बाशिंदे के लिए कुछ तनावपूर्ण थी। तनावपूर्ण रात के बाद शुक्रवार की सुबह इन जिलों में जनजीवन तो सामान्य रहा, लेकिन एक अजीब सी खामोशी के बीच लोगों के चेहरे पर चिंता की लकीरें साफ झलक रही थीं।

वह रात बहुत तनावपूर्ण थी। भारत और उसके उग्र पड़ोसी पाकिस्तान के मध्य युद्ध की आशंका के बीच इन सीमावर्ती जिलों में बिजली गुल रही, तेज धमाके खामोशी को चीर रहे थे और लोग काफी डरे हुए थे क्योंकि उनके घर सीमा पर स्थित हैं।

हालांकि, बिना किसी अप्रिय घटना के रात कट गई और राजस्थान एवं पंजाब के सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों ने राहत की सांस ली।

पाकिस्तान के साथ पंजाब 532 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है, जबकि राजस्थान पड़ोसी देश के साथ करीब 1,070 किलोमीटर की सीमा साझा करता है।

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच अधिकारियों ने अमृतसर, पठानकोट, फिरोजपुर और गुरदासपुर समेत पंजाब के कई सीमावर्ती जिलों में बृहस्पतिवार को पूरी तरह से ब्लैकआउट कर दिया था, जिससे लोगों ने चिंता में रात बिताई।

पठानकोट में कुछ स्थानीय लोगों ने दावा किया था कि उन्होंने बृहस्पतिवार रात को विस्फोट जैसी आवाजें सुनी थीं, हालांकि शुक्रवार सुबह शांति बनी रही।

कुछ स्थानीय लोगों ने कहा कि वे घटनाक्रम को लेकर चिंतित हैं लेकिन भारत के सशस्त्र बलों द्वारा पाकिस्तान के प्रयासों को तुरंत विफल किए जाने के कारण वे आश्वस्त हैं।

अमृतसर और फिरोजपुर जैसे प्रमुख सीमावर्ती जिलों में भी शुक्रवार सुबह शांति रही।

फिरोजपुर के कुछ निवासियों ने पीटीआई-वीडियो को बताया कि शुक्रवार सुबह माहौल काफी हद तक शांत रहा, लेकिन वे अफवाहों के फैलने से अधिक आशंकित हैं।

बठिंडा में एक स्थानीय व्यक्ति ने पीटीआई-वीडियो को बताया, ब्लैकआउट के बीच आधी रात तक गोलीबारी की बहुत आवाजें आती रहीं। हमने रात डर के साये में बिताई, लेकिन आज सुबह सब कुछ शांत था।

बढ़ते तनाव के बीच मोहाली और रूपनगर समेत राज्य के कुछ गुरुद्वारों में शांति के लिए विशेष प्रार्थनाएं भी की गईं।

चंडीगढ़ में शुक्रवार को सुबह की नियमित सैर पर निकले एक बुजुर्ग बलदेव चंद ने कहा कि पिछली रात कुछ चिंताजनक क्षण थे लेकिन भारतीय सशस्त्र बलों ने जिस तरह से पाकिस्तान के प्रयासों को विफल किया उसे देखकर लगता है कि चिंता की कोई बात नहीं है।

हालांकि, केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासन ने बाद में फिर से सायरन बजाया और लोगों से अपने अपने घरों में रहने की अपील की।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार, हमले की आशंका के मद्देनजर वायु सेना अड्डे से हवाई चेतावनी मिली है। सायरन बजाए जा रहे हैं। सभी को अपने अपने घरों में रहने और बालकनी में नहीं जाने की सलाह दी गई है।

प्रशासन ने कहा कि एक घंटे बाद चेतावनी के लिए सायरन बजना बंद हो गया।

हरियाणा के पंचकूला और अंबाला में भी कुछ देर के लिए इसी तरह के सायरन की आवाज सुनी गई और लोगों से अपने अपने घरों में रहने की अपील की गई।

पटियाला में जिला प्रशासन ने भी परामर्श जारी कर लोगों से अपने अपने घरों के अंदर रहने तथा शांत रहने की अपील की।

# जिला मजिस्ट्रेट ने फिरोजपुर सीमा के भीतर आतिशबाजी पटाखे फोड़ने पर पूर्ण प्रतिबंध के आदेश जारी किए

एजेंसी (हि.स.)
फिरोजपुर

- सेना की गतिविधियों, मॉक ड्रिल, ब्लैकआउट आदि के दौरान वीडियोग्राफी / फोटोग्राफी नहीं की जानी चाहिए: डी.सी.

जिला मजिस्ट्रेट फिरोजपुर दीपशिखा शर्मा आईएएस। भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 2023 की धारा 163 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए मुख्यमंत्री ने जिला फिरोजपुर की सीमा के भीतर विवाह, खुशी के समारोहों और धार्मिक त्योहारों के दौरान आम जनता द्वारा बम, पटाखे और चीनी पटाखों सहित आतिशबाजी के उपयोग पर रोक लगाने के आदेश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार और पंजाब सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुसार किसी भी प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए सिविल डिफेंस एक्ट 1968 के तहत पंजाब के विभिन्न जिलों में मॉक ड्रिल करवाई जा रही है। जबकि आमतौर पर देखा जाता है कि शादी-ब्याह, खुशी के मौके और धार्मिक त्योहारों के दौरान आम जनता द्वारा बम, पटाखे और चाइनीज पटाखों सहित अन्य आतिशबाजी का व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है। ऐसे पटाखों से उत्पन्न शोर के कारण आम जनता में भय पैदा होता है, जिससे कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने का डर रहता है। ये आदेश अगले आदेश तक लागू रहेंगे। इसके अलावा उपायुक्त ने देश की सुरक्षा के मद्देनजर सेना की गतिविधियों और वाहनों आदि की आवाजाही की फोटोग्राफ और वीडियोग्राफी न करने की भी अपील की है। इसके अलावा उन्होंने आम जनता की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए लोगों से अपील की है कि वे प्रशासन द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले मॉक ड्रिल और ब्लैकआउट के दौरान वीडियोग्राफी या फोटोग्राफी न करें। उन्होंने कहा कि यह सब देश और देशवासियों की सुरक्षा के लिए किया जा रहा है। इसलिए, यदि जिला प्रशासन ब्लैकआउट लागू करता है, तो उस दौरान अपने घरों के अंदर ही रहें। इस दौरान अपने घर की लाइटें, इनवर्टर, जेनरेटर, सोलर लाइट, गार्डन लाइट, सीसीटीवी लाइट आदि अवश्य बंद रखें। वाहनों का उपयोग केवल आपातकालीन स्थिति में ही करें। बाजारों में रोशनी वाली कतारें भी बंद कर दी जानी चाहिए। खुले में आग या चूल्हे नहीं जलाना चाहिए। घबड़ाएं नहीं। प्रशासन हर समय लोगों की सुरक्षा और सहायता के लिए पूरी तरह तैयार है। किसी भी प्रकार की आपात स्थिति या आपातकालीन स्थिति के दौरान टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क किया जा सकता है।

# भारतीयों की एकता ही सबसे बड़ी ताकत: हरचंद सिंह बरसट

संवाददाता
चंडीगढ़



- पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन ने लोगों से सेना और सरकार का साथ देने की अपील की

पंजाब मंडी बोर्ड के चेयरमैन और आम आदमी पार्टी (आप), पंजाब के राज्य महासचिव स. हरचंद सिंह बरसट ने कहा कि सभी भारतीयों को सतर्क रहने की आवश्यकता है। क्योंकि हमारे पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ जो तनावपूर्ण हालात बने हुए हैं, उन्हें मुख्य रखते हुए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य बनता है कि वह पूरी तरह से सतर्क रहे और अपने परिवार व आस-पास वालों का भी ध्यान रखे।

उन्होंने कहा कि मौजूदा स्थितियों में घबराने की जरूरत नहीं है। सरकार और प्रशासन हर स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार की ओर से कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो बहुत ही सराहनीय कदम है। यदि किसी को कोई समस्या आती है तो वह तुरंत कंट्रोल रूम में संपर्क कर सकता है। उन्होंने कहा कि लोग सतर्क रहते हुए अपने आस-पास ध्यान रखें और यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या वस्तु दिखाई दे तो तुरंत प्रशासन को इसकी सूचना दी जाये।

उन्होंने कहा कि सरकार पूरी तरह सतर्क है और नागरिकों की सुरक्षा और भलाई को सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और यदि कोई संदेह हो तो तुरंत प्रशासन से संपर्क करें। उन्होंने सभी लोगों को शांत रहने के साथ-साथ अफवाहों और प्रतिक्रियाओं से बचने के लिए प्रोत्साहित किया और लोगों को सेना और सरकार का पूरा साथ देने की अपील भी की।

स. बरसट ने कहा कि एकता में बहुत ताकत है और हम भारतीयों की एकता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा जो भी दिशा-निर्देश जारी किए जा रहे हैं, उनका पूरी तरह से पालन किया जाए और अपने आसपास के लोगों को भी इस बारे में जागरूक किया जाए।

## किसी भी प्रकार की जानकारी साझा करने के लिए कृपया संयुक्त नियंत्रण कक्ष से संपर्क करें '

# डीसी ने नागरिकों से शांत रहने की अपील की, किसी भी आपात स्थिति में टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क करें '

एजेंसी (हि.स.)
फिरोजपुर

- होटल, मैरिज पैलेस, रेस्टोरेंट, दुकानदार, व्यावसायिक प्रतिष्ठान आदि को ब्लैकआउट का सख्ती से पालन करना चाहिए '




डिप्टी कमिश्नर फिरोजपुर दीपशिखा शर्मा ने जिले के लोगों को आश्वासन दिया कि घबराने की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि फिरोजपुर में स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है, जिला प्रशासन की टीमें पूरी तत्परता से काम कर रही हैं और किसी भी प्रकार से घबराने की जरूरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन सभी निवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रक्षा अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि हम जिले में शांति बनाए रखने के लिए पूरी तरह सतर्क और प्रतिबद्ध हैं। नागरिकों से इस दौरान शांति बनाए रखने और प्रशासन के साथ सहयोग करने का आग्रह किया गया।

उन्होंने बताया कि किसी भी आपात स्थिति या आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए प्रशासन ने गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना में सुगमतापूर्वक सूचना साझा करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, फिरोजपुर के कार्यालय में संयुक्त नियंत्रण कक्ष नंबर 303, प्रथम तल, फिरोजपुर छावनी की स्थापना की है, जिनके दूरभाष नंबर 01632-244100, 01632-242380 हैं।

01632-249261 एवं मो.नं. 99157-10970. इसके अलावा आपातकालीन हेल्पलाइन 112 पर भी संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने इस अवधि के दौरान सुचारू समन्वय सुनिश्चित करने के लिए आपसी सहयोग और सतर्कता के महत्व पर बल दिया।

ब्लैकआउट के दौरान जारी दिशा-निर्देशों के बारे में उन्होंने कहा कि ब्लैकआउट नियमों का पालन सभी निवासियों, संस्थानों और प्रतिष्ठानों जिनमें होटल, मैरिज पैलेस, शराब के ठेके, रेस्तरां, दुकानें आदि शामिल हैं, द्वारा किया जाना चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि ब्लैकआउट अवधि के दौरान सभी को सभी लाइटें बंद करनी चाहिए। आपातकालीन स्थिति में अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए खिड़कियों पर ब्लैकआउट पर्दे का उपयोग किया जाना चाहिए। ब्लैकआउट नियमों का पालन न करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी और प्रशासन ने चेतावनी दी है कि उल्लंघन करने वालों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

इसके अलावा उन्होंने कहा कि गलत सूचना को रोकने और सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन फर्जी खबरें या अफवाह फैलाने वाले व्यक्तियों और जमाखोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगा। उन्होंने सत्यापित जानकारी पर भरोसा करने के महत्व पर बल दिया और नागरिकों से फेसबुक, इंस्टाग्राम पर डीसी फिरोजपुर और जिला जनसंपर्क कार्यालय (डीपीआरओ) के आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल के माध्यम से समाचारों को सत्यापित करने का आग्रह किया।

उन्होंने लोगों से अपील की कि वे झूठी और ₹असत्यापित₹ सूचनाओं पर विश्वास न करें या उन्हें न फैलाएं, तथा केवल आधिकारिक स्त्रोतों पर ही भरोसा करें। उन्होंने सलाह दी कि सुरक्षा खतरों या अस्थिरता के बारे में झूठी अफवाहें बनाना या फैलाना दंडनीय अपराध है और आईटी अधिनियम (धारा 66डी) और संबंधित प्रावधानों के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि हमारे सुरक्षा बल और स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क हैं तथा आपकी सुरक्षा और शांति के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

इसने खाद्यान्न, दवाइयां, ईंधन या अन्य आवश्यक वस्तुओं का भंडारण करने वालों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि भय का फायदा उठाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन जमाखोरी की गतिविधियों पर कड़ी नजर रख रहा है। दोषी पाए जाने वालों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत कठोर दंड लगाया जाएगा, जिसमें स्टॉक जब्त करना और आपराधिक आरोप शामिल हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### तरनतारन से हेरोइन, हथियार व ड्रग मनी समेत दो काबू

**चंडीगढ़।** पंजाब के सीमावर्ती जिला तरनतारन से पुलिस ने पाकिस्तान से संबंधित नारको व टेरर मॉड्यूल से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से सात पिस्टल व मैगजीन के अलावा पांच किलो हेरोइन और नकदी बरामद की गई है। पुलिस गिरफ्तार लोगों से पूछताछ की जा रही है। पंजाब पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने शुक्रवार को बताया कि तरनतारन के एसएसपी अभिमन्यु राणा की अगुवाई में जिले में बड़ा ऑपरेशन चलाया जा रहा है। सीआईए स्टाफ की टीम को सूचना मिली कि पाकिस्तान से संबंधित मॉड्यूल के कुछ लोग इलाके में बड़ी वारदात को अंजाम देने की ताक में हैं। सूचना के आधार पर सीआईए टीम ने जगरूप सिंह और लवप्रीत सिंह को थाना सिटी की हदबंदी से गिरफ्तार किया गया है। सीआईए ने गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से सात पिस्टल, सात मैगजीन, 80 के करीब कारतूस, पांच किलो हेरोइन, सात लाख 20 हजार की ड्रग मनी के अलावा नोट गिनने वाली मशीन बरामद की गई है। डीजीपी गौरव यादव ने बताया कि पंजाब पुलिस की यह बड़ी कामयाबी है। जगरूप सिंह और लवप्रीत सिंह के खिलाफ थाना सिटी तरनतारन में केस दर्ज कर लिया है। उनको बाद दोपहर स्थानीय अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया जा रहा है।

### पंजाब के जगरांव में मुठभेड़ के बाद मादक पदार्थ तस्कर ढेर

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस के मादक पदार्थ निरोधक कार्यबल (एनटीएफ) ने जगरांव में एक संक्षिप्त मुठभेड़ के बाद एक मादक पदार्थ तस्कर को मार गिराया। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना बृहस्पतिवार रात को घटी। पंजाब के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) गौरव यादव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर बताया, मादक पदार्थ के गिरोह के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए फाजिल्का क्षेत्र के मादक पदार्थ निरोधक कार्यबल ने जगरांव में मुठभेड़ के दौरान एक मादक पदार्थ तस्कर को ढेर कर दिया। डीजीपी ने पोस्ट में बताया कि एएनटीएफ को सूचना मिली थी कि तस्कर राजू और उसका साथी इलाके में सक्रिय हैं, जिसके आधार पर कार्रवाई करते हुए टीम ने उन्हें रोकने की कोशिश की, तभी राजू ने पुलिस पर बेहद करीब से गोली चला दी। जवाबी कार्रवाई में राजू गंभीर रूप से घायल हो गया और बाद में जगरांव के सिविल अस्पताल में उसे मृत घोषित कर दिया गया जबकि उसका साथी भागने में सफल रहा। अधिकारी ने बताया कि राजू के पास से दो किलोग्राम हेरोइन, मादक पदार्थ के अवैध कारोबार से अर्जित किए गए 15 लाख और एक अवैध हथियार बरामद किया गया। डीजीपी ने कहा, पूरे गिरोह को खत्म करने के लिए जांच जारी है। राजू एक आदतन अपराधी था और उसके खिलाफ शस्त्र अधिनियम और स्वापक औषधि और मनः प्रभावी पदार्थ (एनडीपीएस) अधिनियम के तहत 19 प्राथमिकी दर्ज थीं।

### ब्लड बैंक सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

**फिरोजपुर।** पंजाब के राज्यपाल एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसायटी पंजाब राज्य शाखा के अध्यक्ष माननीय श्री गुलाब चंद कटारिया के निदेर्शानुसार आज दिनांक 9 मई 25 को पंजाब राज्य के सभी जिलों में रक्तदान शिविर आयोजित किए गए। इसी श्रृंखला में श्रीमती दीपशिखा शर्मा आई.ए.एस. डिप्टी कमिश्नर एवं अध्यक्ष जिला रेड क्रॉस शाखा फिरोजपुर के नेतृत्व में ब्लड बैंक सिविल अस्पताल, फिरोजपुर में रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया। इसमें शहर के विभिन्न संगठनों के स्वयंसेवकों, विशेषकर युवाओं ने रक्तदान किया और इन रक्तदाताओं से 51 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।

### वाहन चालकों को हैरान परेशान करना बंद कर दो, नहीं तो टोल बंद करके लगेगा मोर्चा



**बरनाला।** भारतीय किसान यूनियन डकौंदा ब्लॉक शैहना की मासिक बैठक भदौड़ में ब्लॉक प्रधान जगसीर सिंह शैहना की अध्यक्षता में हुई। जिसमें जिला प्रधान दर्शन सिंह उगोके विशेष तौर पर पहुंचे। बैठक में विभिन्न गांवों के किसानों ने बताया कि टोल प्लाजा मल्लियां के अधिकारी 20 किलोमीटर तक के टोल मुफ्त को मानने से इनकार करके जबरदस्ती टोल वसूलते हैं। जिस पर ब्लॉक प्रधान जगसीर सिंह शैहना ने बताया कि जत्थेबंदी द्वारा पहले भी टोल ठेकेदारों को चेतावनी दी गई थी, पर अब फिर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे। उन्होंने टोल ठेकेदारों को सख्त चेतावनी दी कि वे वाहन चालकों को हैरान परेशान करना बंद कर दें नहीं तो टोल बंद करके जत्थेबंदी मोर्चा लगाने के लिए मजबूर होगी। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श किया गया। जिसमें आने वाले कार्यक्रमों के बारे में अवगत कराया गया और भारत माला सड़क के संबंध में डीसी बरनाला द्वारा जल्द सारे मसले हल करने के दिए भरोसे के बारे में भी अवगत कराया। जिला सीनियर उपप्रधान हरचरण सिंह सुखपुरा, जिला उप प्रधान बलवंत सिंह, जिला प्रेस सचिव कर्मजीत सिंह भदौड़, ज़िला नेता मेवा सिंह नीलों कोठे, ब्लॉक जनरल सचिव भिंदा सिंह ढिल्लवां, ब्लॉक उप प्रधान सुखजिंदर सिंह जंगीआणा, ब्लॉक खजांची हरबंस सिंह भदौड़, ब्लॉक प्रेस सचिव वजीर सिंह भदौड़, ब्लॉक नेता लछमण सिंह उगोके, गुरमेल सिंह जगजीतपुरा, पाल सिंह जोधपुर, गोगी सिंह, सुखदेव गिल कोठे, मलकीत सिंह शैहना, प्यारा सिंह मज्जूके, राणा सिंह दीपगढ़, जगजीत सिंह अलकड़ा, विशाखा सिंह भदौड़, भगवंत सिंह भदौड़, मान सिंह भदौड़, प्रीतम सिंह उगोके, बहादुर सिंह ढिल्लवां, अमृतपाल सिंह टल्लेवाल आदि उपस्थित थे।

# सर्किल रेट निर्धारण में विकास, शहरीकरण और आधारभूत संरचना की प्रगति को ध्यान में रखा जाए: मुख्यमंत्री योगी

## एक जैसी परिस्थितियों वाले स्थानों पर सर्किल रेट निर्धारण में समानता सुनिश्चित की जाए

संवाददाता

लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को यहां अपने सरकारी आवास पर आहूत एक उच्चस्तरीय बैठक में स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सर्किल रेट निर्धारण में विकास, शहरीकरण और आधारभूत संरचना की प्रगति को ध्यान में रखा जाए, ताकि आमजन को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि एक जैसी परिस्थितियों वाले स्थानों पर सर्किल रेट निर्धारण में समानता सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने रजिस्ट्री प्रक्रिया से पहले दस्तावेजों और भूमि स्वामी के वेरिफिकेशन को अनिवार्य बनाने की आवश्यकता बताते हुए कहा कि इससे भूमि विवादों में कमी आएगी। उन्होंने रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल बनाने और

**पैतृक अचल संपत्ति के बंटवारे पर अधिकतम 5 हजार रु का स्टाम्प शुल्क और रजिस्ट्रेशन फीस ली जाए**

तकनीकी माध्यमों का अधिकतम उपयोग करने पर बल दिया ताकि समय और संसाधनों की बचत हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान में महिलाओं को 10 लाख रुपये तक की रजिस्ट्री पर एक प्रतिशत स्टाम्प शुल्क की छूट दी जा रही है। इसे बढ़ाकर 01 करोड़ रुपये तक की रजिस्ट्री पर लागू करने पर विचार किया जाए। यह कदम महिलाओं को सशक्त बनाएगा और उनकी आर्थिक भागीदारी को बढ़ावा देगा।

बैठक में मुख्यमंत्री को अवगत कराया गया कि वित्तीय वर्ष 2016-17 में कुल 11 हजार करोड़ रुपये के स्टाम्प विक्रय हुए थे, जबकि वित्तीय वर्ष 2024-25 में यह आंकड़ा 30 हजार करोड़ रुपये से अधिक हो गया है। वहीं, वित्तीय वर्ष 2023-24 की तुलना में वित्तीय वर्ष 2024-25 में 11.67 प्रतिशत अधिक राजस्व की प्राप्ति हुई है। विभाग ने अब तक 45 जनपदों में सर्किल रेट का पुनरीक्षण कर लिया है जबकि शेष 30 जनपदों में यह प्रक्रिया चल रही है। इस पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि सर्किल रेट का पुनरीक्षण तार्किक ढंग से किया जाए ताकि जनता को वास्तविक लाभ प्राप्त हो।



फोटोः हि.स.

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जनपदों में रजिस्ट्री कार्यालयों का आधारभूत ढांचा सुदृढ़ किया जाए, पर्याप्त स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए और सभी निर्माण कार्य समयबद्ध व गुणवत्ता युक्त हों। उन्होंने रजिस्ट्री कार्यालयों में सीसीटीवी कैमरों को सक्रिय रखने के भी निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि पैतृक अचल संपत्ति को परिवार के सदस्यों-जीवित व्यक्ति एवं उसके तीन पूर्ववर्ती वंशजों-के मध्य विभाजित करने पर अधिकतम पांच हजार रुपये ही स्टाम्प शुल्क लिया जाए। साथ ही, रजिस्ट्रेशन फीस भी अधिकतम पांच हजार रुपये निर्धारित की जाए। उन्होंने इस निर्णय को जनहितकारी बताया, जिससे पारिवारिक विवादों के समाधान में मदद मिलेगी।

बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि विभाग द्वारा स्टाम्प का ऑनलाइन सृजन, संपत्ति के भारमुक्त प्रमाण पत्र की सुविधा, कृषि बंधक विलेखों की ई-फाइलिंग, निबन्धन शुल्क का ई-भुगतान, अप्रयुक्त स्टाम्प की ऑनलाइन वापसी, डिजिलॉकर में विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र और भारमुक्त प्रमाण पत्र जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध कराई जा रही हैं। इस पर मुख्यमंत्री जी ने निर्देशित किया कि तकनीक के प्रयोग से विभाग के सभी कार्य, जो आम जनता से जुड़े हैं, ऑनलाइन किए जाएं, ताकि लोगों को रजिस्ट्री ऑफिस के अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

# वेटिकन ने कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को चुना नया पोप

**इस पद पर पहुंचने वाले पहले अमेरिकी, ट्रंप ने कहा-यह देश के लिए बहुत बड़ा सम्मान**

एजेंसी (हि.स.)

वेटिकन सिटी

वेटिकन ने शुक्रवार को अपना नया पोप कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को चुन लिया। कैथोलिक प्रमुख के सर्वोच्च पद पर पहुंचने वाले रॉबर्ट प्रीवोस्ट पहले अमेरिकी कार्डिनल हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसे संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे बड़ा सम्मान बताया है। दिवंगत पोप फ्रांसिस के उत्तराधिकारी के रूप में उनका चुनाव मतदान के जरिये किया गया। उन्हें पोप लियो के नाम से जाना जाएगा।

सीएनएन की खबर के अनुसार, सेंट पीटर बेसिलिका की बालकनी से पोप के रूप में अपनी पहली टिप्पणी में उन्होंने शांति का आह्वान किया और दिवंगत पोप फ्रांसिस को जनसमूह के सामने श्रद्धांजलि अर्पित की। संयुक्त राज्य अमेरिका के कार्डिनल रॉबर्ट फ्रांसिस प्रीवोस्ट को 267वां पोप चुना गया है। वह जल्द ही दुनिया के 1.4 अरब कैथोलिकों के नए नेता के रूप में सेंट पीटर बेसिलिका की बालकनी में आधिकारिक रूप से कदम रखेंगे।



फोटोः हि.स.

शिकागो के 69 वर्षीय प्रीवोस्ट वैश्विक अनुभव वाले नेता हैं। उन्होंने अपने करियर का अधिकांश समय दक्षिण अमेरिका में एक मिशनरी के रूप में बिताया और पेरू में बिशप के रूप में कार्य किया। उन्होंने हाल ही में बिशप नियुक्तियों के लिए एक शक्तिशाली वेटिकन कार्यालय का नेतृत्व किया। उनसे पोप फ्रांसिस के सुधारों को आगे बढ़ाने की उम्मीद है।

133 वोटिंग कार्डिनल थे और उनमें से किसी एक को अगला पोप बनने के लिए दो-तिहाई वोट की आवश्यकता थी। आज दोपहर की शुरुआत में सिस्टिन चैपल के ऊपर सफेद धुआं निकला जो एक नए पोप के चयन का संकेत दे रहा था। वह मतदान में बाजी मार गए। रॉबर्ट प्रीवोस्ट का जन्म 1955 में शिकागो के इलिनोइस में हुआ था।

प्रीवोस्ट ने पेंसिल्वेनिया के विलानोवा विश्वविद्यालय से गणित में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और शिकागो के कैथोलिक थियोलॉजिकल यूनियन से धर्मशास्त्र में डिप्लोमा प्राप्त किया। बाद में उन्हें पोंटिफिकल सेंट थॉमस एक्विनास विश्वविद्यालय में कैनन कानून का अध्ययन करने के लिए रोम भेजा गया और जून 1982 में एक पुजारी के रूप में नियुक्त किया गया। कहा जाता है कि अमेरिका के अत्यधिक वैश्विक राजनीतिक प्रभाव के कारण कार्डिनल निर्वाचक हमेशा अमेरिका से पोप चुनने से कतराते हैं। उन्होंने इसे गलत साबित कर दिया।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इसका जश्न मनाया कि कार्डिनल्स के कॉलेज ने अपना पहला अमेरिकी पोप शिकागो के कार्डिनल रॉबर्ट प्रीवोस्ट को चुना। उन्होंने कहा कि यह देश के लिए बड़ा सम्मान है। लियो ने उन्हें पोप के रूप में चुनने के लिए अपने कार्डिनल भाइयों का आभार जताया है।

# भारत-नेपाल खुली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी कड़ी की गई



फोटोः हि.स.

एजेंसी (हि.स.)

काठमांडू

भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और सीमा पर युद्ध जैसे हालात को लेकर शुक्रवार दोपहर को नेपाल और भारत के सुरक्षा अधिकारियों की बैठक में संयुक्त सुरक्षा रणनीति पर चर्चा हुई। बैठक के बाद भारत-नेपाल खुली अंतरराष्ट्रीय सीमा पर चौकसी कड़ी कर दी गई है।

नेपाल स्थित कोसी बराज पर नेपाल और भारत के वरिष्ठ अधिकारियों के बीच समन्वय बैठक में दोनों देशों के अधिकारियों ने सीमा की सुरक्षा और अवांछित गतिविधियों को रोकने को लेकर कई रणनीतियां साझा की। बैठक के बाद नेपाल के सुनसरी जिले के प्रमुख जिला अधिकारी ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच जो घटनाक्रम तेजी से विकसित हो रहे हैं, जिसे ध्यान में रखते हुए नेपाल और भारत के प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर सीमा की सुरक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की है। उन्होंने आगे कहा कि हम यह सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह सतर्क हैं कि नेपाल की भूमि का उपयोग किसी भी तरह की अवांछित या देशविरोधी गतिविधि के लिए न हो।

## आठ दिन से लापता मप्र के युवक की लाश झांसी बबीना के कुएं में मिली

**झांसी।** बबीना थाना क्षेत्र में आठ दिन से लापता युवक की लाश कुएं में मिलने पर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों व क्षेत्रवासियों ने आक्रोशित हो झांसी ललितपुर हाइवे पर जाम लगा दिया। परिजनों का आरोप था कि पड़ोसी और ढाबा मालिक ने मिलकर युवक की हत्या की और फिर लाश को कुएं में फेंककर भाग गए। युवक सूरत में जॉब करता था। भतीजी की शादी में घर आया था। ओरछा पुलिस ने कोई सुनवाई नहीं की। भतीजी की शादी के तीन दिन बाद शव मिलने से घर में मातम छा गया। पुलिस के समझाने पर करीब 40 मिनट बाद जाम खुलवाया गया। मप्र के ओरछा थाना क्षेत्र स्थित काली पहाड़ी निवासी राकेश झा (36) पुत्र अखेराज झा के चाचा श्रीकृष्ण ने बताया कि भतीजा राकेश सूरत की एक कपड़ा फैक्ट्री में काम करता था। उसकी भतीजी की 5 मई को शादी थी। इसलिए राकेश परिवार के साथ 27 अप्रैल को घर आया था। 1 मई को पड़ोसी अपने साथ ले गया। रात को लौटकर नहीं आए तो फोन लगाए। दोनों के नंबर बंद थे। तभी से तलाश में जुटे थे।

# किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहें बैंक: सीतारमण

एजेंसी (हि.स.)

नई दिल्ली

केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने सीमा पर तनाव से उत्पन्न सुरक्षा चिंताओं के बीच शुक्रवार को बैंकों से किसी भी संकट से निपटने के लिए पूरी तरह सतर्क रहने को कहा। सीतारमण ने कहा कि देश की बैंकिंग और वित्तीय प्रणाली मजबूत और लचीली बनी हुई है। पाकिस्तान के साथ चल रहे तनाव के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र के बैंकों और बीमा कंपनियों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों (सीईओ) एंव प्रबंध निदेशकों (एमडी) के साथ नई दिल्ली में आयोजित उच्चस्तरीय बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही। वित्त मंत्री ने कहा कि भारत सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।



फोटोः हि.स.

सीतारमण ने बैंकों को किसी भी स्थिति या संकट से निपटने के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया, ताकि देशभर में नागरिकों, खासकर सीमावर्ती क्षेत्रों में बैंकिंग और वित्तीय सेवाओं तक निर्बाध पहुंच सुनिश्चित हो सके। वित्त मंत्री ने कहा, बैंकिंग सेवाएं, भौतिक और डिजिटल दोनों, बिना किसी व्यवधान और गड़बड़ी के काम करनी चाहिए और किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए आपातकालीन प्रोटोकॉल को अपडेट और परखा जाना चाहिए।

वित्त मंत्री ने सीमावर्ती क्षेत्रों के आसपास की शाखाओं में काम करने वाले बैंक कर्मचारियों और उनके परिवारों की सुरक्षा के बारे में चिंता व्यक्त करते हुए बैंकों को सुरक्षा एजेंसियों के साथ प्रभावी समन्वय कर-के उनकी पर्याप्त सुरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्रायोजक बैंकों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि इन दिनों में आरआरबी को अच्छी तरह से सहायता मिले और उन्हें किसी भी समस्या का सामना करने में मदद मिले।

## संक्षिप्त-समाचार

### चीन ने अपने नागरिकों को नेपाल-भारत सीमावर्ती क्षेत्रों में न जाने की सलाह दी

**काठमांडू।** चीन ने शुक्रवार को अपने आधिकारिक वीचैट चैनल पर ट्रैवल एडवाइजरी जारी करते हुए अपने नागरिकों से नेपाल-भारत सीमावर्ती क्षेत्रों से बचने और अनजाने में भारत में प्रवेश नहीं करने का आग्रह किया है। नेपाल स्थित चीनी दूतावास ने सीमा की बढ़ती निगरानी को देखते हुए अपने नागरिकों को यह सलाह दी है। नेपाल और भारत के बीच पारस्परिक वीजा-मुक्त नीति है, जो दोनों देशों के नागरिकों को स्वतंत्र रूप से यात्रा करने की अनुमति देती है, लेकिन चीनी नागरिकों सहित तीसरे देश के नागरिकों को नेपाल के माध्यम से भारत में प्रवेश करने के लिए वीजा में छूट नहीं है। चीनी दूतावास ने कहा है कि नेपाल में चीनी नागरिकों को इसे गंभीरता से लेना चाहिए और स्थानीय गाइडों का आंख मूंदकर पालन करने से बचना चाहिए। दूतावास ने ट्रैवल एडवाइजरी में अपने नागरिकों को वैध भारतीय वीजा के बिना भारत में प्रवेश नहीं करने के निदेर्शों का सख्ती से पालन करने को कहा है। नेपाल के बीरगंज से होते हुए रक्सौल के रास्ते भारत में प्रवेश करने वाली एक महिला सहित चार चीनी नागरिकों की गिरफ्तारी के बाद यह एडवाइजरी जारी की गई है। दूतावास ने चीनी नागरिकों को सलाह दी है कि वे पहले से ही भारतीय वीजा प्राप्त करें और सड़क मार्ग के बदले विमानों से भारत में प्रवेश करें। यदि नेपाल से भारत की यात्रा आवश्यक है, तो भारतीय अप्रवासन चौकी पर वीजा सत्यापन करें। यह भी सलाह दी गई है कि नेपाल और भारत के प्रवेश और निकास नियमों का सख्ती से पालन करें और अनावश्यक परेशानी से बचने के लिए भारतीय सीमा क्षेत्रों, वाहनों आदि की तस्वीरें लेने से बचें।

### तेल कंपनियों ने कहा-देश में ईंधन का पर्याप्त स्टॉक, घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने जनता को पर्याप्त ईंधन स्टॉक का आश्वासन देते हुए कहा कि घबराहट में खरीदारी की जरूरत नहीं है। आईओसी का ये बयान सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर उन खबरों एवं वीडियो के आने के बाद जारी किया गया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के कारण पेट्रोल पंप पर ईंधन भरवाने के लिए लोगों की कतारें लग गई हैं। देश की सबसे बड़ी सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) ने शुक्रवार को कहा कि हमारी सभी आपूर्ति लाइन सुचारू रूप से काम कर रही हैं। हमारे सभी 'आउटलेट' पर ईंधन और एलपीजी उपलब्ध हैं। शांत रहकर और अनावश्यक भीड़ लगाने से बचते हुए हमें आपकी बेहतर सेवा करने में मदद करें। इससे हमारी आपूर्ति लाइन निर्बाध रूप से चलती रहेंगी और सभी के लिए निर्बाध ईंधन पहुंच सुनिश्चित होगी। भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने भी एक बयान में कहा कि उसके राष्ट्रव्यापी नेटवर्क में पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी उपलब्ध है। देशव्यापी नेटवर्क में बीपीसीएल के सभी ईंधन स्टेशन और एलपीजी वितरक सुचारू रूप से काम कर रहे हैं। कंपनी ने कहा कि चिंता या घबराहट में खरीदारी करने की कोई वजह नहीं है। हमारी आपूर्ति श्रृंखला का संचालन मजबूत और कुशल बना हुआ है, इसलिए हम सभी ग्राहकों से शांत रहने का आग्रह करते हैं। बीपीसीएल ऊर्जा की सुलभता और विश्वसनीयता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता में दृढ़ है।

### भारत और चिली ने सीईपीए पर वार्ता के लिए संदर्भ शर्तों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** भारत और चिली ने व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते (सीईपीए) के लिए आधिकारिक तौर पर संदर्भ शर्तों (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए हैं। ये आर्थिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में बढ़ाया गया एक कदम है। इस ऐतिहासिक कदम को इन दोनों देशों के बीच व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि पारस्परिक रूप से सहमत शर्तों पर भारत में चिली के राजदूत जुआन अंगुलो और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव और भारतीय पक्ष की ओर से भारत-चिली सीईपीए के मुख्य वातार्कार विमल आनंद ने विधिवत हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए अपने साझा दृष्टिकोण को दोहराया और 26 से 30 मई, 2025 को नई दिल्ली में होने वाली पहली वार्ता के दौरान सार्थक चर्चा के प्रति आशा व्यक्त की। सीईपीए का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मौजूदा पीटीए को आगे बढ़ाते हुए डिजिटल सेवाओं, निवेश प्रोत्साहन एवं सहयोग, एमएसएमई, महत्वपूर्ण खनिजों आदि सहित कई क्षेत्रों को शामिल करना है, जिससे आर्थिक एकीकरण और सहयोग बढ़ेगा। उल्लेखनीय है कि भारत और चिली रणनीतिक साझेदार और करीबी सहयोगी हैं। दोनों देश उत्साहपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंध साझा करते हैं। पिछले कुछ वर्षों में उच्चस्तरीय यात्राओं के आदान-प्रदान से द्विपक्षीय संबंध निरंतर रूप से मजबूत हुए हैं। जनवरी, 2005 में दोनों देशों के बीच आर्थिक सहयोग पर एक रूपरेखा समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, उसके बाद मार्च, 2006 में अधिमान्य व्यापार समझौते (पीटीए) पर हस्ताक्षर किए गए। तब से भारत और चिली के बीच आर्थिक और वाणिज्यिक संबंध मजबूत बने हुए हैं और निरंतर प्रगति की दिशा में अग्रसर हैं।

### 32 असम राइफल्स को गवर्नर का सम्मान

**गुवाहाटी।** राजभवन में शुक्रवार को आयोजित एक गरिमामय समारोह में असम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने 32वीं असम राइफल्स बटालियन को यूनिट एप्रिसिएशन प्रदान किया। यह सम्मान बटालियन की असाधारण सेवाओं और राज्य में 1 नवम्बर 2022 से अब तक की तैनाती के दौरान उनके समर्पण को देखते हुए दिया गया। 32 असम राइफल्स को उनके संचालनात्मक और प्रशासनिक कार्यों में उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और मानवीय प्रयासों के लिए सराहा गया। हाफलोंग, असम में तैनाती के दौरान उन्होंने उल्लेखनीय योगदान दिया। समारोह में अधिकारियों और जवानों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने टेनैशियस थर्टी-टू के नाम से प्रसिद्ध इस बटालियन की वीरता और गौरवशाली परंपरा की सराहना की। उन्होंने कहा, 32 असम राइफल्स केवल सैन्य शक्ति का प्रतीक नहीं, बल्कि मानवता, सेवा और करुणा की मिसाल भी है। शांति स्थापना, नागरिक सहायता और दूरस्थ क्षेत्रों में शिक्षा व विकास को बढ़ावा देने में इनका योगदान सराहनीय है।


# एलआईसी ने 'व्हाट्सएप बॉट के जरिए प्रीमियम भुगतान' के लिए ऑनलाइन सुविधा शुरू की

एजेंसी (हि.स.)

नई दिल्ली

सार्वजनिक क्षेत्र की बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी ने शुक्रवार को व्हाट्सएप बॉट के जरिए प्रीमियम भुगतान के लिए ऑनलाइन सुविधा की शुरूआत की है। एलआईसी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और एमडी सिद्धार्थ मोहंती के हाथों इस सुविधा का शुभारंभ किया। कंपनी ने कहा कि यह विकल्प एलआईसी ग्राहकों को प्रीमियम का ऑनलाइन भुगतान करने का एक और वैकल्पिक विकल्प प्रदान करेगा।

इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशकों एम. जगन्नाथ, तबलेश पांडे, सतपाल भानु एवं आर. दोराईस्वामी और निगम के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों भी उपस्थित रहे। एलआईसी के पंजीकृत ग्राहक पोर्टल उपयोगकर्ता भुगतान के लिए देय पॉलिसियों का पता




फोटोः हि.स.

लगाने के लिए व्हाट्सएप नंबर 8976862090 का उपयोग कर सकते हैं और सीधे व्हाट्सएप बॉट के भीतर वढक/नेट बैंकिंग/कार्ड के माध्यम से भुगतान कर सकते हैं। कंपनी के मुताबिक देय पॉलिसियों की पहचान करने से लेकर भुगतान और रसीद बनाने तक का पूरा ग्राहक सफर व्हाट्सएप बॉट के भीतर होता है।

इस अवसर पर भारतीय जीवन बीमा निगम के सीईओ और एमडी सिद्धार्थ मोहंती ने कहा कि यह विकल्प एलआईसी के ग्राहकों के लिए परिचालन को आसान बनाएगा और व्हाट्सएप के तेजी से बढ़ते माध्यम के माध्यम से कहीं से भी, कभी भी एलआईसी प्रीमियम का भुगतान किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि एलआईसी के ग्राहक पोर्टल पर 2.2 करोड़ से अधिक पंजीकृत पॉलिसीधारक हैं, जिनमें से 3 लाख से अधिक ग्राहक विभिन्न ऑनलाइन सेवाओं का लाभ उठाने के लिए हर दिन लॉग इन करते हैं।

## प्रेम प्रसंग के चलते युवती की गला रेत कर हत्या

**बांदा।** प्रेम प्रसंग के चलते युवती की गला रेतकर हत्या कर दी गई।वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके पर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बिसंडा थाना क्षेत्र के लौली टीका मऊ गांव निवासी 20 वर्षीय प्रियंका पुत्री राम प्रताप उर्फ बुद्धा गुरुवार की रात अपनी बड़ी बहन और छोटी बहन के साथ एक कमरे में सो रही थी। रात को वह घर के पीछे वाले कमरे में चली गई। शुक्रवार की सुबह घर वालों की नींद खुली तो देखा। उसका चाकू से गला रेता हुआ था। घर वालों ने पड़ोसियों को जानकारी दी। सूचना पाकर पहुंचे पड़ोसियों ने घायल प्रियंका को उठाकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मौत की खबर मिलते ही घर वालों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। सूचना पर एसपी पलाश बंसल फॉरेंसिक टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। मृतका के घर वालों ने बताया कि प्रियंका के पिता की करीब ढाई माह पहले बीमारी से मौत हो गई थी।

# वॉकी-टॉकी की अवैध बिक्री के लिए 13 ई-कॉमर्स कंपनियों को सीसीपीए का नोटिस

एजेंसी (हि.स.)

नई दिल्ली

केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने वॉकी-टॉकी की अनधिकृच बिक्री को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। सीसीपीए ने वॉकी-टॉकी की अवैध बिक्री के लिए अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित अन्य 13 ई-कॉमर्स कंपनियों को नोटिस जारी किया है। ये कदम ऐसे समय उठाया गया है, जब भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव और राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।



फोटोः हि.स.

उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में बताया कि केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण ने अनधिकृत वॉकी-टॉकी उपकरणों की बिक्री के लिए अमेजन और फ्लिपकार्ट सहित अन्य प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की है। मंत्रालय ने कहा कि ये कार्रवाई ई-कॉमर्स मंचों पर इन उपकरणों को सूचीबद्ध किए जाते समय उनके संचालन वाली रेडियो तरंगों के बारे में समुचित जानकारी का अभाव, लाइसेंसिंग विवरण और उपकरण प्रकार अनुमोदन (ईटीए) प्रमाण की कमी पर केंद्रित है। केंद्रीय खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री प्रल्हाद जोशी ने 'एक्स पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा, नियमों का अनुपालन न करने वाले वायरलेस उपकरणों की बिक्री न केवल वैधानिक दायित्वों का उल्लंघन करती है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा संचालन के लिए भी महत्वपूर्ण जोखिम पैदा कर सकती है।

# स्टेट बैंक, पीएनबी सहित अन्य बैंकों ने कहा- एटीएम में पर्याप्त नकदी




फोटोः हि.स.

एजेंसी (हि.स.)

नई दिल्ली

भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बडे स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई), पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सहित कई अन्य बैंकों ने शुक्रवार को कहा कि उनके एटीएम पूरी तरह से चालू हैं। उनमें पर्याप्त नकदी भी है। डिजिटल सेवाएं सुचारू रूप से चल रही हैं।

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आई उन खबरों की पृष्ठभूमि में यह बयान जारी किया है, जिनमें दावा किया गया था कि भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच आने वाले दिन में एटीएम बंद हो सकते हैं। इस बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण शाम को बैंकों और वित्तीय संस्थानों की साइबर सुरक्षा तैयारियों पर समीक्षा बैठक करेंगी।

एसबीआई ने 'एक्स' पोस्ट में लिखा कि हमारे सभी एटीएम, सीडीएम/एडीडब्ल्यूएम और डिजिटल सेवाएं पूरी तरह से चालू हैं, जो जनता के लिए उपलब्ध हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े कर्जदाता बैंक ने अपने ग्राहकों को असत्यापित जानकारी पर भरोसा न करने की सलाह भी दी है।

## महिलाओं की भागीदारी से राज्य बनेगा श्रेष्ठ: सीएम धामी

# रिवर्स पलायन कर चुके लोगों को मिलेगा प्लेटफॉर्म: मुख्यमंत्री

एजेंसी (हि.स.)

देहरादून

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह ने कहा कि राज्य में रिवर्स पलायन कर चुके लोगों के अनुभवों को साझा करने के लिए एक उपयुक्त प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी आने वाले समय में उत्तराखंड को देश के श्रेष्ठ राज्यों में स्थान दिलाएगी। यह भागीदारी नारी शक्ति के जुनून, हौसले और हुनर का सम्मान होगा।

शुक्रवार को सचिवालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पलायन निवारण आयोग की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका उद्देश्य है कि अन्य लोग भी इन सफलताओं से प्रेरित होकर स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ाएं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि ऐसे लोगों के सुझावों को विभिन्न योजनाओं में सम्मिलित किया जाएगा, जिससे योजनाएं अधिक प्रभावी बन सकें।

मुख्यमंत्री ने सचिव ग्राम्य विकास राधिका झा को निर्देशित किया कि वे रिवर्स पलायन कर चुके लोगों की सफलता की कहानियों को साझा करने के लिए प्लेटफॉर्म विकसित करने की दिशा में कार्य करें और उन्हें योजना निर्माण में शामिल करें।



फोटोः हि.स.

उन्होंने ग्रामीणों के स्थाई आजीविका के लिए कौशल विकास पर बल देते हुए स्थानीय लोगों को अपने क्षेत्र में रोजगार की संभावनाओं की पहचान कर स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करने की आवश्यकता बताई।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को पेशेवर दक्षता प्रदान किया जाए, जिससे उनके उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग बेहतर हो सके और उन्हें उचित मूल्य प्राप्त हो।

पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस. नेगी ने बैठक में आयोग की ओर से किए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अब तक लगभग 2,000 लोगों ने राज्य में रिवर्स पलायन करते हुए कृषि, पशुपालन, पर्यटन, होम स्टे, बागवानी और अन्य क्षेत्रों से जुड़कर स्वरोजगार अपनाया है और अच्छा लाभ कमा रहे हैं।

बैठक में अन्य सदस्यों की ओर से भी महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत किए गए। मुख्यमंत्री ने योजनाओं के सरलीकरण के लिए भी निर्देश दिए और कहा कि आयोग को प्रभावी बनाने के लिए नियोजन, शिक्षा, पर्यटन, कौशल विकास जैसे विभागों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

इस अवसर पर अवस्थापना अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष विश्वास डाबर, पलायन निवारण आयोग के उपाध्यक्ष डॉ. एस.एस. नेगी, सदस्य रामप्रकाश पैन्यूली, सुरेश सुयाल, दिनेश रावत, अपर आयुक्त ग्राम्य विकास राजेन्द्र सिंह रावत समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# हार्दिक, मनप्रीत और हरमनप्रीत ने मेरी काफी मदद की : मिडफील्डर राजिंदर सिंह

## जून में होने वाले यूरोपीय चरण में भारत को नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम की टीमों का करना है सामना

एजेंसी (हि.स.)
बेंगलुरु

- भारत ने एफआईएच प्रो लीग 2024/25 के घरेलू चरण में भुवनेश्वर में आठ मुकाबलों में से पांच जीते और 15 अंक अर्जित किए

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के युवा मिडफील्डर राजिंदर सिंह ने अक्टूबर 2024 में जर्मनी के खिलाफ दो मैचों की सीरीज से सीनियर टीम में कदम रखा था। अब आठ महीने बाद, वह टीम के मुख्य खिलाड़ियों में से एक बन चुके हैं। वर्तमान में वह बेंगलुरु स्थित साईं केंद्र में चल रहे सीनियर नेशनल कैंप में आगामी एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2024/25 के यूरोप चरण की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

कैंप की तैयारी पर बात करते हुए राजिंदर ने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, 'तैयारियां काफी अच्छी चल रही हैं। कुछ खिलाड़ी फिटनेस पर ज्यादा काम कर रहे हैं, तो कुछ स्टिक और बॉल स्किल्स पर। इस बार दोनों पर समान फोकस है। इससे पहले जो कैंप हुआ था, उसमें पूरी तरह फिटनेस पर ध्यान दिया गया था।'

भारत ने एफआईएच प्रो लीग 2024/25 के घरेलू चरण में भुवनेश्वर में आठ मुकाबलों में से पांच जीते और 15 अंक अर्जित किए। टीम फिलहाल अंकतालिका में तीसरे स्थान पर है। स्पेन, जर्मनी और इंग्लैंड से हार झेलने के बाद भारतीय टीम ने इन सभी टीमों को रिवर्स फिक्स्चर में हराया।

राजिंदर ने प्रदर्शन पर बात करते हुए कहा, 'भुवनेश्वर में हमारे कुछ मैचों में उतार-चढ़ाव जरूर रहे, लेकिन उनसे काफी कुछ सीखने को मिला। हम अभी भी उन मैचों के वीडियो सेशन कर रहे हैं ताकि यूरोप लेग की तैयारियों में कोई कमी न रह जाए।'


फोटोः हि.स.

उन्होंने आगे कहा,'उस चरण में हमने देखा कि हम सर्कल में एंट्री तो कर रहे थे, लेकिन गोल नहीं कर पा रहे थे। इस समय हम सर्कल के अंदर के खेल पर खासा ध्यान दे रहे हैं ताकि फील्ड गोल को ज्यादा से ज्यादा बदला जा सके और पेनल्टी कॉर्नर पर निर्भरता कम हो।' 22 वर्षीय राजिंदर हरियाणा से हैं और जूनियर टीम के लिए सुल्तान जोहोर कप 2022 और जूनियर एशिया कप 2023 जैसे टूर्नामेंट जीत चुके हैं। सीनियर खिलाड़ियों के साथ खेलने के अनुभव पर उन्होंने कहा, 'सीनियर खिलाड़ियों से मुझे बहुत कुछ सीखने को मिला है। वे जब भी हमसे कोई गलती होती है, तो हमें समझाते हैं कि कैसे संयम में रहकर खेलना है।'

राजिंदर ने खासतौर पर हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह और कप्तान हरमनप्रीत सिंह का आभार जताते हुए कहा, 'हार्दिक पाजी और मनप्रीत पाजी मिडफील्ड में मेरे साथ खेलते हैं, तो मुझे बहुत गाइड करते हैं। हरमन पाजी पीछे से आवाज लगाकर मेरी पोजिशनिंग सुधारते हैं।'

हीरो हॉकी इंडिया लीग 2024/25 में राजिंदर ने हैदराबाद तूफान्स की ओर से खेलते हुए टीम को उपविजेता बनाने में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने प्रो लीग के पहले चरण में भारत के आठ में से सात मैचों में हिस्सा लिया। अब जून में होने वाले यूरोपीय चरण में भारत को नीदरलैंड्स, अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया और बेल्जियम जैसी मजबूत टीमों का सामना करना है।

राजिंदर ने कहा, 'जिन टीमों से हम खेलने जा रहे हैं, वे बेहद आक्रामक और शारीरिक खेल खेलने वाली हैं। मेरा व्यक्तिगत लक्ष्य है कि मैं अपने डिफेंस पर ध्यान दूं और कोई खिलाड़ी मुझसे डॉज न कर सके या मेरी लाइन को न तोड़ सके।'

# एलए ओलंपिक 2028: उद्घाटन और समापन समारोह दो ऐतिहासिक स्टेडियमों में होंगे आयोजित

- एलए तीसरी बार ओलंपिक और पहली बार करेगा पैरालंपिक की मेजबानी

एजेंसी (हि.स.)
लॉस एंजेलिस

लॉस एंजेलिस मेमोरियल कोलिज़ियम और इंग्लवुड स्थित सोफी स्टेडियम 2028 ओलंपिक और पैरालंपिक खेलों के उद्घाटन और समापन समारोहों की मेजबानी करेंगे। एलए28 आयोजकों ने गुरुवार को उक्त घोषणा की।

14 जुलाई 2028 को होने वाला ओलंपिक उद्घाटन समारोह पहली बार दो स्थानों झ्र ऐतिहासिक कोलिज़ियम और आधुनिक सोफी स्टेडियम झ्र में साझा रूप से आयोजित होगा। कोलिज़ियम ओलंपिक इतिहास में तीन बार खेलों की मेजबानी करने वाला पहला स्थल बन जाएगा।

एलए28 के चेयरपर्सन और प्रेसिडेंट केसी वासरमैन ने एक बयान में कहा, 'ये दोनों स्थल लॉस एंजेलिस की खेल विरासत और तकनीकी प्रगति का प्रतीक हैं। दुनियाभर से आने वाले दर्शकों के लिए यह अनुभव अविस्मरणीय होगा।'



फोटोः हि.स.

30 जुलाई को ओलंपिक का समापन समारोह कोलिज़ियम में आयोजित किया जाएगा, जिसे आयोजनकर्ता 'अविस्मरणीय उत्सव' बता रहे हैं।


15 अगस्त को पैरालंपिक का उद्घाटन समारोह सोफी स्टेडियम में होगा, जबकि समापन समारोह 27 अगस्त को कोलिज़ियम में सम्पन्न होगा।

लॉस एंजेलिस ने इससे पहले 1932 और 1984 में ओलंपिक की मेजबानी की थी। लेकिन 2028 पहली बार होगा जब यह शहर पैरालंपिक खेलों की भी मेजबानी करेगा।

आयोजकों ने कहा, 'पैरालंपिक समापन समारोह एलए28 खेलों की अंतिम यादगार झलक होगा, जो ओलंपिक और पैरालंपिक आंदोलन को लॉस एंजेलिस से स्थायी रूप से जोड़ देगा।'

एलए28 ने पिछले महीने कुछ अन्य आयोजन स्थलों की भी घोषणा की थी। बीच वॉलीबॉल की प्रतियोगिताएं लॉन्ग बीच के अलामिटोस बीच पर होंगी, जबकि स्क्वैश खेल हॉलीवुड के यूनिवर्सल स्टूडियो में अपनी ओलंपिक शुरूआत करेगा।

# एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप 2025: मप्र के खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने जीता स्वर्ण पदक


फोटोः हि.स.

एजेंसी (हि.स.)
भोपाल

जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप 2025 में शुक्रवार को मध्य राज्य खेल अकादमी के कयाकिंग केनोइंग खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी में अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। प्रदेश के खेल मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने प्रिंस के खेल प्रदर्शन की सराहना कर उन्हें इस गौरवान्वित उपलब्धि की बधाई दी है।

दरअसल, जापान स्थित कीबा लेक कोमस्तु इशिकावा में एशिया पेसिफिक स्प्रिंट कप 2025 का आयोजन 9 से 11 मई तक किया जा रहा है। शुक्रवार को इस प्रतियोगिता की शुरूआत हुई, जिसमें मप्र क्याकिंग केनोइंग अकादमी के खिलाड़ी प्रिंस गोस्वामी ने सी-1 की 1000 मीटर पुरुष स्पर्धा में 04:30.198 मिनट का समय लेकर स्वर्ण पदक अपने नाम कर देश और प्रदेश को गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में इस स्पर्धा में जापान के कोटारो सवाटा ने 04:32.378 का समय लेकर रजत और कांस्य पदक जापान के ही खिलाड़ी फुमिया अंडो ने 04:33.818 का समय लेकर हासिल किया।

# नीरज चोपड़ा ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2025 में लेंगे हिस्सा, दो बार चोट के कारण रह चुके हैं बाहर

**नई दिल्ली।** भारत के स्टार भाला फेंक खिलाड़ी और दो बार ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा इस साल 24 जून को चेक गणराज्य के ओस्ट्रावा शहर में होने वाले गोल्डन स्पाइक 2025 एथलेटिक्स मीट में हिस्सा लेंगे। इससे पहले वह 2023 और 2024 के संस्करणों से चोट के चलते हट गए थे, लेकिन इस बार वह तीसरी बार में किस्मत आजमाने उतरेंगे। टोक्यो ओलंपिक के स्वर्ण पदक विजेता नीरज चोपड़ा पिछले दो वर्षों में इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे, हालांकि वह 2024 में विशेष अतिथि के रूप में वहां मौजूद रहे थे। इस बार यह मुकाबला खास इसलिए भी होगा क्योंकि यह उनके दिग्गज कोच और पूर्व विश्व चैंपियन जान जेलेजनी के होमग्राउंड पर खेला जाएगा। जेलेजनी खुद इस टूर्नामेंट के निदेशक भी हैं। नीरज ने गुरुवार को एक आधिकारिक बयान में कहा, 'मैं यह घोषणा करते हुए उत्साहित हूं कि मैं इस साल ओस्ट्रावा में गोल्डन स्पाइक मीट में हिस्सा लूंगा। यह एक ऐतिहासिक प्रतियोगिता है और इस बार यह और भी खास होगी।

# शुकरी कॉनराड दक्षिण अफ्रीका पुरुष क्रिकेट टीम का ऑल-फॉर्मेट कोच नियुक्त

एजेंसी (हि.स.)


फोटोः हि.स.

नई दिल्ली, 09 मई (हि.स.)। दक्षिण अफ्रीकी पुरुष क्रिकेट टीम के कोच शुकरी कॉनराड को अब क्रिकेट के तीनों प्रारूप के लिए टीम का कोच नियुक्त कर दिया गया है।

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका को प्रोटियाज पुरुष टीम के सभी प्रारूपों के मुख्य कोच के रूप में शुकरी कॉनराड की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

बोर्ड ने आगे कहा कि जनवरी 2023 से टेस्ट टीम की अगुआई कर रहे कॉनराड अब जुलाई में जिम्बाब्वे और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय त्रिकोणीय श्रृंखला से शुरू होने वाले सफेद गेंद के प्रारूपों की कमान संभालेंगे। 58 वर्षीय कॉनराड आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2027 तक सभी प्रारूपों में राष्ट्रीय टीम की देखरेख करेंगे, जिसकी मेजबानी घरेलू धरती पर की जाएगी।

कॉनराड रॉब वाल्टर की जगह लेंगे, जिनका व्हाइट-बॉल की भूमिका से इस्तीफा अप्रैल के अंत में प्रभावी हो गया। कॉनराड 2027 आईसीसी वनडे विश्व कप तक प्रभारी रहेंगे, जो दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया में खेला जाएगा।

# जेसन रॉय की रेड-बॉल क्रिकेट में वापसी, काउंटी चैंपियनशिप में सरे के लिए खेलेंगे

**लंदन।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जेसन रॉय एक बार फिर रेड-बॉल क्रिकेट में उतरने के लिए तैयार हैं। उन्हें इस हफ्ते वारविकशायर के खिलाफ एजबेस्टन में होने वाले काउंटी चैंपियनशिप मुकाबले के लिए सरे की टीम में शामिल किया गया है। 34 वर्षीय रॉय ने अब तक 87 रेड-बॉल मैचों में 36.46 की औसत से 9 शतक लगाए हैं, जिसमें उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 143 (लंकाशर के खिलाफ, 2015) है। हालांकि, उन्होंने आखिरी बार 2020 की कोविड प्रभावित गर्मियों में बॉब विलिस ट्रॉफी में हैम्पशायर के खिलाफ यह फॉर्मेट खेला था। 2019 विश्व कप में इंग्लैंड की जीत में अहम भूमिका निभाने के बाद रॉय को टेस्ट टीम में मौका मिला था। उन्होंने आयरलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच टेस्ट खेले लेकिन आठ पारियों में महज 13.75 की औसत से रन बना सके। ऑस्ट्रेलियाई पेस अटैक के सामने उनकी तकनीक नाकाम साबित हुई और आखिरकार उन्हें टीम से बाहर कर दिया गया।

# रोहित शर्मा, बुमराह और सूर्यकुमार यादव ने भारतीय सेना को किया सलाम

एजेंसी (हि.स.)
नई दिल्ली


फोटोः हि.स.

भारत और पाकिस्तान के मध्य बढ़ते तनाव के बीच भारतीय क्रिकेटर्स रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह ओर सूर्यकुमार यादव ने भारतीय सेना की बहादुरी और समर्पण को सलाम किया है। तीनों खिलाड़ियों ने अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जवानों के साहस और देश की रक्षा में उनकी भूमिका की सराहना की।

भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अपने एक्स (पूर्व ट्विटर) अकाउंट पर लिखा, हमारे सशस्त्र बलों की बहादुरी और साहस के लिए आभार। हम उन्हें सलाम करते हैं और हमेशा उनके ऋणी रहेंगे, जो हमें सुरक्षित रखने के लिए हर संभव प्रयास करते हैं।

वहीं, स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने लिखा, हमारी सेनाओं पर बेहद गर्व है और उनके साहस व संयम को सलाम। आप ही हैं जिनकी वजह से हम अपने घरों में सुरक्षित हैं। सीमाओं पर आपकी शक्ति और समर्पण को नमन। जय हिंद!

इस बाबत भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने भी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना को सलाम करते हुए भावुक पोस्ट किया है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकी ठिकानों को तबाह किए जाने के बाद रोहित ने सुरक्षा बलों की वीरता की सराहना की।

रोहित ने अपने एक्स हैंडल पर लिखा, हर एक क्षण के साथ, हर एक निर्णय के साथ, मुझे हमारी भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना पर अत्यधिक गर्व महसूस होता है। हमारे वीर योद्धा देश की शान के लिए मजबूती से खड़े हैं। हर भारतीय की जिम्मेदारी है कि वह किसी भी फेक न्यूज को फैलाने या उस पर विश्वास करने से बचें। सभी सुरक्षित रहें !जय हिन्द।



# गर्मियों में बनाये जाने वाली 10 ठंडी ड्रिंक्स

गर्मियों का मौसम एक ऐसा मौसम होता है, जब सभी का दिल कोई भी ठंडी ड्रिंक पीने का करता है। बाहर गर्मी में हमारे शरीर में डीहाइड्रेशन होने लगता है, जिसकी वजह कम पानी पीना हो सकता है। इसलिए यह जानना बेहद जरूरी है कि हमारे शरीर को कब और कितने समय में हाईड्रेट करना जरूरी है। कई ऐसे विकल्प हैं, जिनकी मदद से आप यह कार्य कर सकते हैं। यह हेल्दी होने के अलावा औषधीय गुण से भरे हैं। कोई भी परिवर्तित ड्रिंक पीने की जगह अगर आप इन ड्रिंक्स को तैयार करके पैक करें, तो बाहर की गर्मी से छुटकारा पा सकते हैं। मार्केट में मिलने वाली ड्रिंक्स में भारी मात्रा में चीनी और कैलोरी होती है और पोषक तत्व कम होते हैं। गर्मियों में जब भी आप घर से बाहर जाते हैं, तो हमेशा ड्रिंक्स के लिए हेल्दी विकल्प ही खोजना प्रिफर करें। थोड़ी-थोड़ी देर में पानी पीते रहे, बैग में फल और पानी युक्त सब्जियों को रखें जैसे खीरा, नींबू और खट्टे फल आदि।गर्मियों के मौसम में दही भी काफी अच्छा विकल्प है। यह सभी चीजें आपके सिस्टम को ठंडा रख पाचन क्रिया में काफी मददगार साबित होंगी। तो चलिए आपको बताते हैं कुछ ऐसी ही 10 रेसिपी, जो आपकी प्यास को बुझाते हुए शरीर के लिए हेल्दी रहेंगी।






























# यूटी प्रशासन द्वारा मौजूदा स्थिति के बारे में मीडिया ब्रीफिंग आयोजित

## उपायुक्त ने चंडीगढ़ निवासियों के अनुकरणीय सहयोग के लिए सराहना की

संवाददाता
चंडीगढ़

यूटी चंडीगढ़ के डिप्टी कमिश्नर निशांत कुमार यादव और यूटी चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कंवरदीप कौर ने लोगों को मौजूदा स्थिति और पूरे केंद्र शासित प्रदेश में किए जा रहे तैयारियों के उपायों से अवगत कराने के लिए एक विशेष मीडिया ब्रीफिंग आयोजित की। उपायुक्त ने पिछले दो दिनों में चंडीगढ़ के निवासियों के अनुकरणीय सहयोग के लिए उनकी हार्दिक सराहना की। पिछली शाम को पूरे शहर में की गई ब्लैक आउट और इससे एक दिन पहले की गई मॉक ड्रिल, दोनों ही सफलतापूर्वक संपन्न की गईं। प्रशासन विशेष रूप से सामुदायिक भागीदारी को बढ़ाने, सत्यापित जानकारी का प्रसार करने और गलत सूचनाओं के प्रसार का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) और मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एमडब्ल्यूए) के योगदान की सराहना करता है।




### डीसी द्वारा आरडब्लूए और एमडब्लूए और औद्योगिक एसोसिएशन हितधारकों संग समीक्षा बैठक

**चंडीगढ़।** निशांत कुमार यादव, उपायुक्त, यू.टी., चंडीगढ़ ने शुक्रवार को रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आर.डब्लू.ए.), मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन (एम.डब्लू.ए.), औद्योगिक एसोसिएशन और अन्य नागरिक निकायों सहित प्रमुख हितधारकों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक बुलाई। उपायुक्त ने चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देशों का पालन करने के महत्व पर जोर दिया और नागरिकों से सायरन अलर्ट और ब्लैकआउट के दौरान पूर्ण सहयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने विशेष रूप से सभी मार्केट वेलफेयर एसोसिएशन से अनुरोध किया कि वे सुनिश्चित करें कि सभी व्यावसायिक प्रतिष्ठान आज शाम 7:00 बजे तक बंद हो जाएं। उन्होंने 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के युवाओं से कल सुबह 10:30 बजे टैगोर थिएटर में होने वाले नागरिक सुरक्षा नामांकन और प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने की भी अपील की। उपायुक्त ने जनता से शांत रहने, घबराहट से बचने और चल रही गतिविधियों से संबंधित अफवाहों को फैलाने या उन पर विश्वास करने से बचने की अपील की।

### लोगों को निम्नलिखित आपातकालीन सायरन संकेतों से परिचित होने की सलाह दी जाती है

1. रेड अलर्ट सायरनः लगभग पांच मिनट तक चलने वाला उतार-चढ़ाव वाला, ऊंचा-नीचा स्वर, जो आसन्न हवाई हमले या आपातकालीन स्थिति का संकेत देता है।
2. ऑल क्लियर सायरनः खतरे की समाप्ति और सामान्य स्थिति में लौटने का संकेत देने वाला एकल, निरंतर स्वर। इन सायरन को दिन या रात किसी भी समय सक्रिय किया जा सकता है, जो बदलती स्थिति पर आधारित है। प्रशासन मौजूदा सायरन की मात्रा बढ़ाने और व्यापक शहरव्यापी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए अतिरिक्त इकाइयाँ स्थापित करने की प्रक्रिया में है।

### ब्लैकआउट अभ्यास के दौरान निम्नलिखित बिंदु देखे गए और तत्काल ध्यान देने योग्य हैं

- सौर प्रकाश व्यवस्थाः ब्लैकआउट अवधि के दौरान सभी सौर ऊर्जा से चलने वाली लाइटों को मैन्युअल रूप से निष्क्रिय किया जाना चाहिए। फ्क्ष्ड और टह्अ को अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए स्वैच्छिक जिम्मेदारी लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
- सीसीटीवी निगरानी प्रणालीः कुछ नाइट-विजन कैमरे संचालन के दौरान प्रकाश उत्सर्जित करते हैं। संपत्ति मालिकों को ब्लैकआउट घंटों के दौरान इस सुविधा को अक्षम करने की सलाह दी जाती है।
- वाणिज्यिक रोशनीः सभी वाणिज्यिक प्रकाश व्यवस्था, जिसमें प्रबुद्ध साइनेज, दुकान के होर्डिंग और डिस्प्ले लाइट शामिल हैं, को ब्लैकआउट अवधि के दौरान बंद कर दिया जाना चाहिए। टह्अ से अनुरोध है कि वे अपने संबंधित अधिकार क्षेत्र में अनुपालन की निगरानी करें और उसे सुगम बनाएँ।

## पंचकूला जिला हाई अलर्ट पर, जिला पूरी तरह सुरक्षितः डीसी

### डीसी ने भविष्य को देखते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की




**पंचकूला।** आपात स्थिति के मद्देनजर पंचकूला जिला हाई अलर्ट पर है और पूरी तरह सुरक्षित हैं। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने हालात को देखते हुए लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है। इस संबंध में उन्होंने जिला सचिवालय में अधिकारियों की बैठक लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए और कहा कि हमें अपने जिले को सुरक्षित रखने के लिए मिलकर काम करना हैं।

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि बीती रात भी पंचकूला में अचानक ब्लैकआउट का अलर्ट आने के बाद जिला में ब्लैकआउट रखा गया। आज भी हो सकता है कोई अलर्ट आए। उन्होंने पंचकूलावासियों से अनुरोध किया कि आज सभी जिलावासी एहतियातन स्वयं ही ब्लैकआउट रखे और सभी अपने-अपने घरों में सुरक्षित रहे। उन्होंने अपील की कि अपने घरों की सभी बतियां बंद रखें और आवश्यक काम होने की स्थिति में ही घर से निकले।

### दुकानों के डिस्पले बोर्ड की लाईट बंद करे

उन्होंने मार्केट एसोसिएशनों से भी अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने प्रतिष्ठानों की डिस्पले बोर्ड की लाईट बंद रखें और अपने प्रतिष्ठानों की कोई भी लाईट जलती ना छोड़े। उन्होंने दुकानदारों से अनुरोध किया कि आज एहतियातन ब्लैकआउट की स्थिति रखें और 7 बजे मार्केट बंद कर दें। उन्होंने कहा कि जिनके यहां सीसीटीवी कैमरे लगे हुए वे अपने सीसीटीवी कैमरे ऑफ करके जाए। कैमरा बंद करने से ब्लैकआउट ज्यादा प्रभावी होगा। कॉमन पार्किंग एरिया की लाईटे भी बंद रखे। उन्होंने कहा कि सरकारी स्तर पर बिजली नहीं काटी जाएगी, यह आमजन से अपील है कि वे ब्लैकआउट में पूरा सहयोग करे। उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि सरकारी मुख्यालयों व कार्यालयों में कोई भी लाईट रात के समय जलती ना रहे। संबंधित विभागों के अधिकारी सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालयों की सभी लाईटें बंद हो।

### क्षेत्र के अनुसार बनाई गई निगरानी टीमे

उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि ब्लैकआउट का अलर्ट आने की स्थित में लोगों को सूचित करने के लिए क्षेत्रनुसार टीमों का गठन किया गया है ताकि अलर्ट की सूचना लोगों तक समय पर पंहुचे और सभी जिलावासी सुरक्षित रहे। उन्होंने कहा कि ब्लैकआउट का अलर्ट अचानक आने की स्थिति में साइरन और लाउडस्पीकर के माध्यम से लोगों को सूचित किया जाएगा, इसके लिए अलग से टीमें गठित की गई है। उन्होंने कहा कि आज एहतियात के तौर पर पूरे जिले में 7 बजे से ब्लैकआउट रखा जाएगा।

## एसीबी द्वारा आरोपी के विरुद्ध चालान पेश

संवाददाता
चंडीगढ़

ए.सी.बी. फरीदाबाद द्वारा कल दिनांक 8.5.2025 को भ्रष्टाचार के आरोप में आरोपी ए.एस.आई. महाबीर सिंह, तफतीशी अधिकारी, थाना सैन्ट्रल, सैक्टर-12, फरीदाबाद के विरूद्ध चालान धारा 7, 13(1)(बी) सहपठित 13(2) पी.सी. एक्ट 1988 के तहत माननीय अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, न्यायालय फरीदाबाद में दिया गया है। आरोपी दिनांक 18.1.2025 को एसीबी फरीदाबाद द्वारा की गई रेड के समय मौका से फरार हो गया था तथा दिनांक 10.3.2025 को आरोपी द्वारा माननीय न्यायालय के सम्मुख आत्मसमपर्ण करने उपरान्त उसको गिरफतार किया गया था। आरोपी अभी जिला जेल नीमका, फरीदाबाद में बन्द है। मामला यह था कि शिकायतकर्ता ने ए.सी.बी. फरीदाबाद को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया कि वह काम की तलाश में सैक्टर-12 फरीदाबाद की तरफ जा रहा था। रास्ते में एक महिला द्वारा लिफ्ट मांगने पर उसको लिफ्ट दे दी। उस महिला से उसकी जान-पहचान होने के बाद उनके आपसी सहमति से शारीरिक सम्बन्ध बन गये। बाद में उसकी व उस महिला की 1500/-रू को लेकर अनबन हो गई। इस 15,00/-रू. के लेनदेन के सम्बन्ध में प्राप्त तथाकथित शिकायत के आधार पर आरोपी ए.एस.आई महाबीर उसको पुलिस थाना सैन्ट्रल फरीदाबाद ले गया तथा उसका मोबाईल छीनकर अपने पास रख लिया। आरोपी ए.एस.आई महाबीर द्वारा उसको इस मामले मे पुलिस कार्यवाही से बचाने की ऐवज में उससे 1,00,000/-रू. नकद बतौर रिश्वत की मांग की गई। बाद में उसके व आरोपी के बीच 50,000/-रू. में बात तय हो गई। इसके उपरान्त आरोपी ए.एस.आई. महाबीर ने शिकायतकर्ता से 30,000/-रू. ले लिये तथा दिनांक 17.01.2025 को आरोपी ए.एस.आई. द्वारा उससे बकाया 20,000/-रू. की मांग की गई। दिनांक 18.01.2025 को आरोपी ए.एस.आई. महाबीर द्वारा थाना सैन्ट्रल सैक्टर-12 फरीदाबाद के गेट के पास शिकायतकर्ता से बकाया रिश्वत राशी 20,000/-रू. ली गई।

## शहर के व्यापारी से बढ़-चढ़ कर सिविल डिफेन्स वॉलंटियर भर्ती में भाग लें : संजीव चड्ढा



**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के उपयुक्त निशांत कुमार यादव, उपायुक्त, चंडीगढ़ ने आज रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशंस (आरडब्ल्यूए), मार्केट वेलफेयर एसोसिएशंस (एमडब्लूए), औद्योगिक एसोसिएशंस और अन्य नागरिक निकायों सहित प्रमुख हितधारकों के साथ एक व्यापक समीक्षा बैठक बुलाई। उपायुक्त ने 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के युवाओं से कल 10 मई को सुबह साढ़े 10:30 बजे टैगोर थिएटर में होने वाले सिविल डिफेन्स वॉलंटियर भर्ती हेतु नागरिक सुरक्षा नामांकन और प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने की अपील की है। चंडीगढ़ व्यापार मंडल (सीबीएम) के अध्यक्ष संजीव चड्ढा ने व्यापारियों से अधिक से अधिक संख्या में टैगोर थिएटर में पहुँचने की अपील करते हुए कहा कि व्यापारी भी देश सेवा करने में हमेशा से तत्पर हैं।

## एमिटी यूनिवर्सिटी में छात्रों को दी गई फायर सेफ्टी ट्रेनिंग

संवाददाता
मोहाली

फायर अवेयरनेस एंड सेफ्टी एसोसिएशन (फासा) ने एमिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के साथ मिलकर छात्रों के लिए फायर ट्रेनिंग का आयोजन किया। यह ट्रेनिंग एमिटी यूनिवर्सिटी पंजाब मोहाली में आयोजित की गई।



जसजीत सूरी ने लगभग 100 छात्रों के साथ आग लगने की आपातकालीन स्थिति के दौरान आवश्यक जीवन रक्षक तकनीकों को साझा किया। जसजीत सूरी एक मरीन इंजीनियर हैं, जिन्हें मुख्य अभियंता (मरीन) और प्रशिक्षण अधीक्षक (मरीन) के रूप में व्यापक नौकायन का अनुभव है। उन्होंने एडवांस फायर फाइटिंग कोर्स, सेफ्टी ऑफिसर कोर्स, फायर प्रिवेंशन एंड फाइटिंग कोर्स किया है।

जसज्योत सिंह अलमस्त संस्थापक अध्यक्ष और अर सुरिंदर बहगा अध्यक्ष फासा ने संयुक्त रूप से इस बात पर प्रकाश डाला कि आज के युवाओं को आपदा प्रबंधन में कुशल होना चाहिए ताकि वे प्रशासनिक मदद की प्रतीक्षा किए बिना अपने और दूसरों के जीवन और संपत्ति की रक्षा कर सकें।

एमिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग की डीन और प्रोफेसर डॉ. अर्शिया खजूरिया हजारिका ने आग की आपात स्थिति के बारे में छात्रों में जागरूकता पैदा करने के लिए फासा की टीम का आभार व्यक्त किया। इस सत्र में आर्किटेक्ट दीपिका शर्मा असिस्टेंट प्रोफेसर के साथ-साथ एमिटी स्कूल ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग के अन्य संकाय सदस्य भी शामिल हुए।

इस अवसर पर राजीव कटारिया व्यवसायी एवं परोपकारी, लवलीन कौर, प्रमुख पूर्वी चैप्टर सी.एस.सी.ए., योगेश बुलंदी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रोजेक्सेल फायर सिस्टम्स मुख्य अतिथि थे।

## संक्षिप्त-समाचार

### आज निर्धारित दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत स्थगित

**पंचकूला।** अपर्णा भारद्वाज, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पंचकूला ने सूचित किया है कि माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निदेर्शानुसार, हरियाणा राज्य में 10 मई 2025 को होने वाली दूसरी राष्ट्रीय लोक अदालत को मौजूदा परिस्थितियों के मद्देनजर स्थगित कर दिया गया है। भारद्वाज ने कहा कि स्थगित राष्ट्रीय लोक अदालत की नई तारीख की सूचना यथासमय दी जाएगी।

### सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा जिला में अब तक 38972 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद

**पंचकूला।** रबी सीजन 2025-26 के दौरान सरकारी खरीद एजेंसियों द्वारा जिला में अब तक 38972 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सरकारी खरीद एजेंसियों हैफेड और हरियाणा वेयर हाउसिंग कारपोरेशन द्वारा पंचकूला, बरवाला और रायपुररानी स्थित अनाज मंडियों में गेहूं व सरसों की खरीद की जा रही है। उन्होंने बताया कि हरियाणा स्टेट वेयरहाउसिंग द्वारा बरवाला से 19061 मीट्रिक टन गेहूं, रायपुररानी से 18164 मीट्रिक टन और हैफेड पंचकूला द्वारा 1747 मीट्रिक टन गेहूं की खरीद की गई है।

### शहर के मंदिरों में आरती का समय बदला

**चंडीगढ़।** भारत व पाकिस्तान के मध्य बढ़ते हुए तनाव व गोलाबारी को मध्यनजर रखते हुए देवालय पूजक परिषद की ओर से मंदिरों में सायं-कालीन आरती के समय में फेर बदल किया गया है। आज से सायंकालीन आरती का समय शाम को 7:15 बजे कर दिया गया। चंडीगढ़ में ब्लैक आउट के कारण यह फैसला लिया गया। सेक्टर 37 भगवान परशुराम भवन, मंदिर के पुजारी पं. देवी प्रसाद पन्यूली, सेक्टर 18 मंदिर के पुजारी पं. लाल बहादुर दुबे एवं बल शिव मंदिर, सेक्टर 29 के पुजारी अरविंद तिवारी से बातचीत हुई। खेड़ा शिव मंदिर, सेक्टर 28-डी के आचार्य ईश्वर चंद्र शास्त्री जी ने बताया कि सायंकालीन आरती का समय बदल दिया गया है। शाम को मंदिरों में लाइटें बंद कर दी गई।

### एसीबी द्वारा भ्रष्टाचार के मामले में चालान पेश

**चंडीगढ़।** एसीबी हिसार द्वारा कल 8.5.2025 को भ्रष्टाचार के मामले में गिरफतार किये गये आरोपी पवन कुमार (प्राईवेट व्यकित) व प्रवीन कुमार डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, ट्रेजरी ऑफिस भिवानी के विरूद्व चालान धारा 7 व 7ए पी.सी. एक्ट 1988 व 215 बी.एन.एस., 2023 के तहत माननीय न्यायालय, भिवानी में दिया गया है। मामला यह था कि शिकायतकर्ता ने एसीबी हिसार को दी गई अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि वह महिला एवं बाल विकास विभाग, भिवानी में बतौर महिला सुपरवाईजर तैनात है। उसका Citizen NPS Account बना हुआ था। उसके पास Employee NPS Account न होने के कारण उसका माह जनवरी व फरवरी 2025 का वेतन नही बना। महिला एंव बाल विकास विभाग भिवानी द्वारा उसके को Employee NPS Acount में बदलवाने के लिये ट्रेजरी ऑफिस, भिवानी को लिखा गया है। इस कार्य के लिये वह ट्रेजरी ऑफिस, भिवानी में तैनात कर्मचारी प्रवीन कुमार से मिली। प्रवीन कुमार ने उससे कहा कि आप पवन कुमार, वशिष्ठ सॉल्युशन शॉप, नजदीक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, भिवानी से मिल लो तो वह आपको इस कार्य होने बारे सब बता देगा। उसके उपरान्त प्रवीन कुमार, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर के कहे अनुसार वह आरोपी पवन कुमार उपरोक्त से मिली तो उसके द्वारा उसके कार्य करवाने के लिये आरोपी प्रवीन कुमार उपरोक्त के लिये 2500/-रू. बतौर रिश्वत की मांग की जा रही है। शिकायतकर्ता की शिकायत पर कार्यवाही करते हुये ए.सी.बी. की हिसार टीम द्वारा आरोपी पवन कुमार (प्राईवेट व्यकित) पुत्र भगवान निवासी गली न0 11, संचालक वशिष्ठ सॉल्युशन शॉप, भिवानी को शिकायतकर्ता पूजा उपरोक्त से 2500/- रुपए रिश्वत राशी लेते रंगे हाथों गिरफतार किया तथा इस प्रकरण में पवन कुमार के सगे भाई आरोपी प्रवीन, डाटा एण्ट्री ऑपरेटर, ट्रेजरी ऑफिस, भिवानी को भी गिरफतार किया गया था तथा उपरोक्त दोनो आरोपियों के विरुद्व अभियोग सख्या 6 दिनांक 12.3.2025, धारा 7 7ए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हिसार में दर्ज किया गया था।

## उच्चस्तरीय समिति ने पीजीआई के एडवांस्ड ट्रॉमा सेंटर का दौरा किया

संवाददाता
चंडीगढ़

एक उच्चस्तरीय समिति ने पीजीआई चंडीगढ़ के एडवांस्ड ट्रॉमा सेंटर (एटीसी) का व्यापक दौरा किया, जिसका नेतृत्व प्रोफेसर विवेक लाल, निदेशक पीजीआई ने किया। इस दौरे का उद्देश्य भारत और पाकिस्तान के बीच चल रही तनावपूर्ण स्थिति के मद्देनजर सुविधा की तैयारियों और तत्परता का आकलन करना था। समिति में डीडीए पंकज राय, एचओडी ऑर्थोपेडिक्स डॉ. विजय गोनी, एचओडी इंटरनल मेडिसिन डॉ. संजय जैन, एचओडी न्यूरोसर्जरी डॉ. एसके गुप्ता, एचओडी प्लास्टिक सर्जरी डॉ. अतुल पाराशर, नोडल अधिकारी एटीसी डॉ. विशाल कुमार, एचओडी न्यूरोएनेस्थीसिया डॉ. निधि पांडा, एचओडी एनेस्थीसिया डॉ. काजल जैन, नोडल अधिकारी ऑर्थोपेडिक ट्रॉमा डॉ. संदीप पटेल, डॉ. समीर अग्रवाल, एसएचई कर्नल भट्टी और वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विपिन कौशल सहित कई प्रतिष्ठित अधिकारी शामिल हुए।

**पीजीआई किसी भी आपात स्थिति का प्रभावी ढंग से सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार है, चाहे हमारे सामने कितनी भी चुनौतियाँ क्यों न हों: प्रो. विवेक लाल**

दौरों के दौरान, टीम ने मौजूदा तनावपूर्ण अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के बीच मरीजों की आमद को प्रबंधित करने की मौजूदा तैयारियों की समीक्षा की। चर्चा में बिस्तरों की उपलब्धता, आईसीयू सुविधाएं, वेंटिलेटर, आवश्यक दवाएं, प्रत्यारोपण और ब्लड बैंक क्षमता पर ध्यान केंद्रित किया गया। निदेशक द्वारा किसी भी प्रतिकूल परिस्थितियों में मानव जीवन की सेवा के लिए केंद्र की इष्टतम तत्परता सुनिश्चित करने के लिए स्थायी निर्देश जारी किए गए।

पीजीआई के निदेशक प्रो. विवेक लाल ने जोर देकर कहा, ₹पीजीआई मानव जीवन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है और किसी भी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है, चाहे हमारे सामने कितनी भी चुनौतियाँ क्यों न हों।₹ पीजीआई चंडीगढ़ से एक मेडिकल टीम को राष्ट्रीय कर्तव्य के लिए जम्मू और कश्मीर में तैनात किया गया है। टीम में एनेस्थीसिया से डॉ. अमित शर्मा और डॉ. सचिन; जनरल/वैस्कुलर सर्जरी से डॉ. स्वप्नेश साहू और डॉ. गोकुल कृष्ण हरि; ऑर्थोपेडिक्स से डॉ. हिमांशु कंवर और डॉ. उदित के. जयंत; प्लास्टिक सर्जरी से डॉ. महेश और डॉ. सचिन सी. नायर शामिल हैं।

## व्यापारी बनेंगे आर्थिक मोर्चे के सैनिक, आपूर्ति श्रृंखला किसी भी हाल में नहीं होगी बाधित : हरीश गर्ग

**चंडीगढ़।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के चंडीगढ़ चैप्टर के अध्यक्ष हरीश गर्ग, जो संस्था के राष्ट्रीय सचिव भी हैं, ने कहा है कि वर्तमान संकट की घड़ी में समूचा व्यापारी वर्ग मजबूती से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार और सेनाओं के साथ खड़ा है। जिस प्रकार हमारे वीर सैनिक सीमाओं की रक्षा कर रहे हैं, उसी प्रकार देशभर के साथ-साथ चंडीगढ़ के भी व्यापारी आर्थिक मोर्चे के सैनिक बनकर राष्ट्र की आपूर्ति श्रृंखला को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए कृतसंकल्प हैं। हरीश गर्ग ने कहा कि पाकिस्तान की नापाक हरकतों का भारतीय सेनाओं ने जिस वीरता और साहस से जवाब दिया है, वह गौरव का विषय है। वर्तमान परिस्थितियाँ युद्ध जैसे हैं और देश का प्रत्येक नागरिक एक स्वर में सरकार के साथ खड़ा है ताकि पाकिस्तान को कड़ा सबक सिखाया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि देश में खाद्यान्न और आवश्यक वस्तुओं की कोई कमी नहीं है। बाजारों में भरपूर मात्रा में सभी वस्तुएँ उपलब्ध हैं और सरकार के पास भी पर्याप्त भंडार मौजूद हैं।

## सेक्टर 31 में ग्रुप होम अब चालू हुआ

संवाददाता
चंडीगढ़



चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा मानसिक बीमारी (एमआई), बौद्धिक दिव्यांगता(आईडी) और ऑटिज्म स्पेक्ट्रम डिसऑर्डर (एएसडी) से ठीक हुए व्यक्तियों के लिए सेक्टर 31 चंडीगढ़ में एक ग्रुप होम का निर्माण किया गया है। समाज कल्याण विभाग ने इच्छुक माता-पिता/अभिभावकों से अपने बच्चों को ग्रुप होम में दाखिले के लिए 10.04.2025 तक आवेदन आमंत्रित करने के लिए एक सार्वजनिक नोटिस जारी किया था। विभाग को ग्रुप होम में दाखिले के लिए 33 आवेदन प्राप्त हुए हैं।

ईडब्ल्यूएस आवेदकों सहित पात्र आवेदकों के पहले बैच को नामित चिकित्सा संस्थानों में भेजा गया है - अर्थात मानसिक स्वास्थ्य संस्थान, सेक्टर-32 (मानसिक बीमारी से ठीक हुए व्यक्तियों के लिए) और बौद्धिक विकलांगता के लिए सरकारी पुनर्वास संस्थान (जीआरआईआईडी), सेक्टर-31 (बौद्धिक विकलांगता (आईडी) और ऑटिज्म स्पेक्ट्रम विकार (एएसडी) से पीड़ित व्यक्तियों के लिए) 45 दिनों के चिकित्सा मूल्यांकन के लिए, जो 07.05.2025 को शुरू हुआ। इस मूल्यांकन का उद्देश्य उन व्यक्तियों की चिकित्सा और मनोवैज्ञानिक उपयुक्तता का मूल्यांकन करना है जिन्होंने समूह गृह के तहत आवासीय देखभाल के लिए आवेदन किया है। मनोचिकित्सकों, नैदानिक मनोवैज्ञानिकों और चिकित्सा अधिकारियों वाली एक बहु-विषयक टीम निवासियों के लिए उपयुक्त और सहायक प्लेसमेंट सुनिश्चित करने के लिए एक व्यापक मूल्यांकन करेगी।

इसके अतिरिक्त, संस्थानों में नियुक्त कर्मचारी यह देख सकते हैं कि आवेदक को दैनिक जीवन की गतिविधियों जैसे कि कपड़े पहनना, खाना और तैयार होना आदि में न्यूनतम या कोई सहायता की आवश्यकता है या नहीं।

आयोजन

### युवा एवं अधिकारिता मंत्री गौरव गौतम ने दी जानकारी

## प्रदेश में होंगे खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता सेमिनार

संवाददाता
पंचकूला

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में हरियाणा के युवा एंव खेल राज्य मंत्री गौरव गौतम ने प्रदेश के युवाओं और नागरिकों के स्वास्थ्य एवं कल्याण के प्रति अपनी सरकार की दृढ़ प्रतिबद्धता दोहराते हुए बताया कि प्रदेश में 12.05.2025 से 16.05.2025 तक राज्य के सभी 143 ब्लॉक स्तर पर खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता विषय पर विशेष सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। यह पहल राज्य सरकार के उस व्यापक दृष्टिकोण का हिस्सा है जिसके तहत युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और मिलावटी खाद्य पदार्थों के सेवन से होने वाले खतरों के बारे में जागरूक किया जा सके।



मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि हमारे युवाओं का स्वास्थ्य हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता है। आज के समय में खाद्य पदार्थों में मिलावट एक गंभीर समस्या बन गई है, जो हमारे स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालती है। इस समस्या के प्रति जागरूकता बढ़ाना और युवाओं को सुरक्षित भोजन विकल्पों के बारे में शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। इसी उद्देश्य के साथ, हमने पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर पर खाद्य सुरक्षा एवं मिलावट जागरूकता सेमिनार आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### सेमिनारों का मुख्य उद्देश्य युवाओं को निम्नलिखित महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत जानकारी प्रदान करना है

1. खाद्य सुरक्षा का महत्वः-दैनिक जीवन में सुरक्षित और पौष्टिक भोजन के महत्व को समझना।
2. खाद्य पदार्थों में मिलावट के सामान्य तरीकेः- विभिन्न प्रकार के खाद्य पदार्थों में होने वाली मिलावट और उन्हें पहचानने के तरीके।
3. मिलावटी खाद्य पदार्थों के स्वास्थ्य पर दुष्प्रभावः- मिलावटी भोजन के सेवन से होने वाली विभिन्न बीमारियों और स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जानकारी।
4. खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के उपायः- घर और बाजार में खाद्य पदार्थों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के व्यावहारिक तरीके।
5. उपभोक्ता अधिकार और शिकायत निवारणः- खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता संबंधी शिकायतों को दर्ज कराने और अपने अधिकारों की रक्षा करने की प्रक्रिया।
6. पोषण एवं आहार विशेषज्ञ की रायः- सेमिनारों में आमंत्रित पोषण और आहार विशेषज्ञों द्वारा संतुलित और स्वस्थ आहार संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी।

इन सेमिनारों के सफल आयोजन की जिम्मेवारी प्रत्येक ब्लॉक स्तर पर स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों को सौंपी गई है। उन्होंने सभी संबंधित संस्थानों को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं कि निर्धारित तिथियों के भीतर अपने-अपने ब्लॉक में इन महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जाए।

उन्होंने बताया कि इन सेमिनारों में पोषण और आहार विशेषज्ञों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। ये विशेषज्ञ युवाओं को स्वस्थ भोजन की आदतों, संतुलित आहार के महत्व और विभिन्न पोषक तत्वों की आवश्यकता के बारे में विस्तृत जानकारी देंगे। इसके अतिरिक्त, वे मिलावटी खाद्य पदार्थों की पहचान करने और उनसे बचने के उपायों पर भी प्रकाश डालेंगे।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि इन सेमिनारों के माध्यम से प्रदेश के प्रत्येक युवा तक सही और विश्वसनीय जानकारी पहुंचे। हम चाहते हैं कि लोग जागरूक हों और अपने स्वास्थ्य की रक्षा स्वयं कर सकें।

## नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट ने एमबीडी कॉम्प्लेक्स का अधिग्रहण पूरा किया

संवाददाता
चंडीगढ़

नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट, जो उपभोग केंद्रों पर केंद्रित भारत का प्रमुख रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट है, ने लुधियाना स्थित एमबीडी कॉम्प्लेक्स का अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह उच्च गुणवत्ता वाला, ग्रेड-ए शहरी उपभोग केंद्र लगभग 3 लाख वर्ग फुट क्षेत्र में फैला हुआ है और इसमें 96 कमरों वाला रेडिसन होटल शामिल है। यह परिसर लुधियाना के सबसे समृद्ध और घनी आबादी वाले इलाकों में स्थित है।

यह सौदा कुल 531 करोड़ रुपये के मूल्य पर पूरा हुआ, जिसमें 490 करोड़ रुपये की खरीद कीमत, 10 करोड़ रुपये की स्टांप ड्यूटी, अन्य समापन लागतें और भविष्य में होटल नवीनीकरण, मॉल अपग्रेड जैसे खर्चों के लिए पूंजी प्रावधान शामिल हैं।




**सूचीबद्ध होने के बाद दूसरी खरीद से कंपनी की तेजी से विस्तार करने की योजना और मजबूत हुई**

लुधियाना का एमबीडी मॉल शहर का प्रमुख खुदरा गंतव्य माना जाता है, जिसकी दुकानें लगभग 95% भरी हुई हैं। इसमें अंतरराष्ट्रीय और देशी ब्रांडों की विविधता मौजूद है। लुधियाना उत्तर भारत में एक प्रमुख खुदरा केंद्र के रूप में तेजी से उभर रहा है, जहां शहरी आबादी और खर्च करने की क्षमता लगातार बढ़ रही है। इस अधिग्रहण से नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट की रणनीतिक योजना को और मजबूती मिलती है।

नेक्सस सेलेक्ट ट्रस्ट के कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिलीप सहगल ने कहा कि हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि लिस्टिंग के बाद हमारा दूसरा अधिग्रहण – एमबीडी कॉम्प्लेक्स – सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। यह एक प्रमुख शहरी उपभोग केंद्र है, जिसमें 96 कमरों का होटल भी शामिल है। यह उत्तर भारत में हमारी पांचवीं रणनीतिक खरीद है, जो संगठित खुदरा क्षेत्र में हमारे नेतृत्व की एक मजबूत पुष्टि है। चंडीगढ़ और अमृतसर में पहले से ही हमारी मजबूत उपस्थिति है और अब यह नया अधिग्रहण हमारे पोर्टफोलियो को औरे मजबूती देता है। लुधियाना एक महत्वपूर्ण आर्थिक और सांस्कृतिक केंद्र है, जहाँ आधुनिक खुदरा व्यापार की अपारे संभावनाएँ हैं। यह अधिग्रहण हमारे दीर्घकालिक लक्ष्य के अनुरूप है – एक सशक्त, टिकाऊ और उपभोक्ता-केंद्रित अखिल भारतीय प्लेटफॉर्म तैयार करना।